✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

नवबिहार टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ पटना संस्करण

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 346 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, शनिवार, 16 मई 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com

लोक सेवक आवास से पैदल अपने कार्यालय मुख्यमंत्री सचिवालय जाते सम्राट चौधरी

बिहार में 15 आइएएस का तबादला

कई बड़े विभागों के सचिवों और प्रमंडलीय आयुक्तों की जिम्मेदारी में किया गया फेरबदल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने एक अधिसूचना जारी करते हुए राज्य के कई वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों का तबादला कर दिया है। 15 मई को जारी आदेश के तहत कई बड़े विभागों के सचिवों और प्रमंडलीय आयुक्तों की जिम्मेदारी में फ़ेरबदल किया गया है। सरकार की इस नई व्यवस्था के तहत वरिष्ठ आईएएस अधिकारी के. सेंथिल कुमार को गन्ना उद्योग विभाग से हटाकर श्रम संसाधन विभाग के अपर मुख्य सचिव पद पर तैनात किया गया है। उन्हें नियोजन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग का भी अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। वे इसके अलावा पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के अतिरिक्त प्रभार में भी बने रहेंगे। मुंगेर प्रमंडल के आयुक्त प्रेम सिंह मीणा को अपने मौजूदा पद के साथ-साथ अब भागलपुर प्रमंडल के आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार भी संभालना होगा। वहीं कोसी प्रमंडल (सहरसा) के आयुक्त राजेश कुमार का तबादला करते हुए उन्हें पटना में लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग का प्रधान सचिव बनाया गया है। राजेश कुमार को पूर्णिया प्रमंडल के आयुक्त पद के अतिरिक्त प्रभार से भी मुक्त कर दिया गया है। इसके साथ ही लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल को वहां से स्थानांतरित करके पथ निर्माण विभाग में सचिव पद की कमान सौंपी गई है। खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह को अब सूचना प्रावैधिकी विभाग का सचिव बनाया गया है। इसके साथ ही वे बिहार राज्य इलेक्ट्रॉनिक विकास निगम लिमिटेड (बेल्ट्रॉन) के प्रबंध निदेशक के अतिरिक्त प्रभार में भी बने रहेंगे। सहकारिता विभाग के सचिव धर्मेंद्र सिंह को जांच आयुक्त (सामान्य प्रशासन विभाग) का अतिरिक्त प्रभार सौंपने के साथ ही गन्ना उद्योग विभाग का भी अतिरिक्त जिम्मा दिया गया है। श्रम संसाधन विभाग के सचिव दीपक आनंद का तबादला करते हुए उन्हें खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के सचिव पद पर पदस्थापित किया गया है। निर्वाचन विभाग के सचिव और मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल को शिक्षा विभाग के संपूर्ण प्रभार के साथ-साथ खेल विभाग के सचिव पद का अतिरिक्त जिम्मा सौंपा गया है। इसके बाद अब डॉ. बी. राजेन्द्र शिक्षा और खेल विभाग के साथ-साथ बिपार्ड के महानिदेशक के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त हो जाएंगे। भागलपुर प्रमंडल के आयुक्त अवनीश कुमार सिंह को स्थानांतरित करते हुए खान एवं भू-तत्व विभाग का सचिव बनाया गया है। वे बिहार राज्य खनिज विकास निगम लिमिटेड और बिहार राज्य खनन निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक के अतिरिक्त प्रभार में भी रहेंगे। इस बदलाव के बाद दिवेश सेहरा खान एवं भू-तत्व विभाग और इन दोनों निगमों के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त हो जाएंगे। दरभंगा प्रमंडल के आयुक्त हिमांशु कुमार राय को अपने वर्तमान पद के साथ अब कोसी प्रमंडल (सहरसा) के आयुक्त पद का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। जीविका के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी हिमांशु शर्मा को स्थानांतरित कर आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव पद पर तैनात किया गया है। वे अपने इस नए पद के साथ विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के भी अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे। इसके बाद लोकेश कुमार सिंह विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त हो जाएंगे। जिला स्तर पर और विकास आयुक्तों के पदों पर भी महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। पूर्णिया के जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार को अपने वर्तमान पद के साथ-साथ पूर्णिया प्रमंडल के आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार सौंप दिया गया है। पटना जिला परिषद के उप विकास आयुक्त-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी श्रीकान्त कुण्डलिक खाण्डेकर का तबादला करते हुए उन्हें मुख्यमंत्री सचिवालय में संयुक्त सचिव के पद पर पदस्थापित किया गया है। भोजपुर जिला परिषद की उप विकास आयुक्त-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी गुंजन सिंह को भी मुख्यमंत्री सचिवालय में संयुक्त सचिव पद की नई जिम्मेदारी दी गई है।

पेट्रोल और डीजल के दाम में तीन-तीन रुपये की वृद्धि

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। अमेरिका और इजराइल की ईरान की साथ चल रही है जंग का असर पर अब पेट्रोल-डीजल की कीमतों पर पड़ा है। आज से पूरे देश के साथ पेट्रोल और डीजल महंगे हो गए हैं। दोनों ने दाम में तीन-तीन रुपये की वृद्धि हुई है यानी अब पटना में एक लीटर पेट्रोल के लिए 108.67 रुपये देने होंगे। वहीं एक लीटर डीजल के लिए 94.65 रुपये देने होंगे। इतना ही नहीं सीएनजी की कीमत भी दो रुपये प्रति किलोग्राम तक बढ़ा दी गई है। पटना में 14 मई को नॉर्मल पेट्रोल 105.37 रुपये प्रतिलीटर, डीजल 91.65 रुपये प्रति लीटर मिल रहा था। वही सीएनजी 89 रुपये प्रति किलोग्राम मिल रहा था लेकिन आज रात 12 बजे के बाद पेट्रोल और डीजल में तीन रुपये और सीएनजी में दो रुपये की वृद्धि कर दी गई। वहीं प्रीमियम पेट्रोल पहले ही महंगे हो चुकी थे। पटना में प्रीमियम पेट्रोल 114 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। इधर पेट्रोल और डीजल की कीमतों में वृद्धि से लोग दंग रह गए हैं। डाकबंगला चौराहे पर बाइक में पेट्रोल भरवा रहे अरुण कुमार ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से सरकार गाड़ियों का उपयोग कम करने की बात कह रही थी। आज अचानक से पेट्रोल के दाम तीन रुपये बढ़ा दिए गए। यह गलत है। एक बार में इतनी अधिक कीमत नहीं बढ़ाई जानी चाहिए। वहीं सुनील सिंह ने कहा कि हमलोग हैरान हैं। वैसे ही महंगाई इतनी बढ़ी हुई है। अब पेट्रोल डीजल महंगे होने से और भी महंगाई बढ़ेगी। परेशानी आम लोगों को ही झेलनी होगी।

संक्षिप्त समाचार

21 जून को होगी नीट परीक्षा

नयी दिल्ली(नबिटा ब्यूरो)। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी यानी एनटीए ने नीट यूजी की नई तारीख का एलान कर दिया है। अब यह परीक्षा देशभर में 21 जून को होगी। इससे पहले यह परीक्षा 3 मई को हुई थी। हालांकि पेपर लीक की आशंका के चलते यह सवालों के घेरे में आ गई थी। अब इसकी जांच सीबीआई को सौंप दी गई है। एनटीए ने कहा था कि जल्द ही परीक्षा की नई तारीखों का एलान कर दिया जाएगा। इसके लिए छात्र-छात्राओं को दोबारा फीस देने की जरूरत नहीं होगी।

दिवंगत इओ की पत्नी को नौकरी देगी सरकार

पटना(नबिटा ब्यूरो)। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से सुल्तानगंज नगर परिषद् के कार्यपालक पदाधिकारी स्व. कृष्ण भूषण कुमार की धर्मपत्नी शालू कुमारी एवं पीड़ित परिवार ने मुलाकात कर परिवार के भरण-पोषण तथा अन्य समस्याओं से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने पीड़ित परिवार को हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार पीड़ित परिवार के प्रति संवेदनशीलता रखते हुए नियमानुसार उनकी पत्नी को सरकारी नौकरी देगी एवं हरसंभव सहायता उपलब कराई जाएगी। इससे पहले राज्य सरकार ने स्व. कृष्ण भूषण कुमार के आश्रित को 25 लाख रूपये की आर्थिक सहायता दी थी।

अनंत सिंह पर लटकी गिरफ्तारी की तलवार

गोपालगंज(नबिटा ब्यूरो)। नर्तकी के डांस के दौरान बाहुबली विधायक अनंत सिंह के समर्थकों द्वारा हथियार लहराने के मामले में मोकामा के जदयू विधायक अनंत सिंह को फिलहाल कोर्ट से राहत नहीं मिली है। गोपालगंज व्यवहार न्यायालय की एमपी-एमएलए कोर्ट में हुई सुनवाई के दौरान गिरफ्तारी पर स्टे लगाने की मांग को अदालत ने खारिज कर दिया। इस दौरान उनके अधिवक्ता राजेश कुमार पाठक ने बचाव पक्ष की ओर से कई कानूनी दलीलें पेश कीं। उन्होंने पुलिस कार्रवाई की प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाते हुए इसे राजनीति से प्रेरित बताया।

मां की डांट से आहत दो बहनों ने दी जान

मधेपुरा(नबिटा ब्यूरो)। ग्वालपाड़ा थाना क्षेत्र में शुक्रवार को मां की डांट से आहत होकर दो सगी बहनों ने घर में फंदा लगाकर जान दे दी। घटना खोखसी पंचायत के अमौना गोढ़ियारी वार्ड संख्या-11 की है। मृतक बहनों की पहचान अरुण मुखिया की पुत्री रीका कुमारी (14) और अनीता कुमारी (12) के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही ग्वालपाड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। प्रभारी थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार, एएसआई ब्रजेश कुमार और इंस्पेक्टर संतोष कुमार ने पुलिस बल के साथ घटनास्थल का जायजा लिया।

डेढ़ लाख रुपये रिश्वत लेते जेइ गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

सीतामढ़ी। बिहार में भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रहे अभियान के बीच निगरानी अन्वेषण ब्यूरो ने जिले में बड़ी कार्रवाई की है। पुपरी स्थित नगर परिषद कार्यालय में पदस्थापित कनीय अभियंता (जेई) विजय कुमार शर्मा को 1 लाख 45 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक निगरानी विभाग को आरोपी जेई के खिलाफ रिश्वत मांगने की शिकायत मिली थी। शिकायत की पुष्टि होने के बाद विभाग ने योजनाबद्ध तरीके से जाल बिछाया। जैसे ही विजय कुमार शर्मा ने परिवादी से रिश्वत की रकम ली, पहले से तैनात टीम ने मौके पर ही उन्हें पकड़ लिया। गिरफ्तारी के बाद निगरानी विभाग की टीम आरोपी जेई को अपने साथ गुप्त स्थान पर ले गई, जहां उनसे पूछताछ की जा रही है। इस कार्रवाई के बाद नगर परिषद कार्यालय में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। कर्मचारी और अधिकारी अचानक हुई कार्रवाई से सकते में आ गए। घटना की खबर फैलते ही पुपरी समेत पूरे सीतामढ़ी जिले में चर्चा तेज हो गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि लगातार हो रही ऐसी कार्रवाइयों से भ्रष्ट अधिकारियों में डर का माहौल बना है। गौरतलब है कि इससे पहले भी पुपरी पुलिस निरीक्षक कार्यालय के एक कर्मी को करीब 20 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया गया था। लगातार हो रही निगरानी विभाग की कार्रवाई से जिले के प्रशासनिक महकमे में हलचल मची हुई है।

भाजपा विधायक संजीव चौरसिया बिहार विधानसभा में मुख्य सचेतक नियुक्त

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने विधानसभा और विधान परिषद् में बड़ा फ़ेरबदल किया है। उन्होंने इन दोनों जगह मुख्य सचेतक, उप मुख्य सचेतक और उप नेता के पदों पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के नेताओं को बड़ी जिम्मेदारी दी है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की ओर से इसको लेकर एक पत्र भी जारी किया गया है। इसमें लिखा गया है कि बिहार विधानसभा में सत्तारूढ़ गठबंधन दल के संसदीय कार्यों के संचालन को लेकर नई नियुक्तियां की गई हैं। इस संबंध में विधानसभा अध्यक्ष को भेजे गए पत्र में कई विधायकों को मुख्य सचेतक, उप मुख्य सचेतक और सचेतक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मुख्यमंत्री की ओर से जारी पत्र के अनुसार भाजपा विधायक संजीव चौरसिया को बिहार विधानसभा में मुख्य सचेतक नियुक्त किया गया है। वहीं जदयू विधायक मंजीत कुमार सिंह को उपमुख्य सचेतक की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा विधायक राजू तिवारी, गायत्री देवी, राम विलास कामत, सुधांशु शेखर, राणा रणधीर, ललित नारायण मंडल, कृष्ण कुमार ऋषि, अरुण मांझी और रत्नेश कुमार को सचेतक की जिम्मेदारी दी गई है। जानकारी के मुताबिक इन नियुक्तियों के साथ मुख्य सचेतक और उप मुख्य सचेतक को राज्य मंत्री का दर्ज़ा भी दिया जाएगा। इस फ़ेरबदल पर भाजपा की ओर से कहा गया कि विधानसभा में पार्टी की रणनीति को प्रभावी ढंग से लागू करने, विधायकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने और सदन की कार्यवाही को सुचारु रूप से संचालित करने में मदद मिलेगी। मुख्य सचेतक का पद विधानसभा की कार्यप्रणाली में काफी महत्वपूर्ण माना जाता है।

बिहार पुलिस में दारोगा के 10 हजार से अधिक पदों पर होगी बहाली

पटना(नबिटा ब्यूरो)। बिहार पुलिस में पुलिस अवर निरीक्षक (दारोगा) और समकक्ष के कुल 10,468 पदों पर सीधी बहाली होगी। साथ ही 10,469 पद प्रमोशन से भरे जायेंगे। गृह विभाग की ओर से इस संबंध में नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है। जानकारी के मुताबिक कुल 20,937 पदों पर सीधी बहाली होनी थी लेकिन पुलिस अवर निरीक्षक की कुल वैकेंसी का 50 प्रतिशत प्रमोशन के माध्यम से सहायक अवर निरीक्षकों की ओर से भरे जाने का बिहार पुलिस मैन्यूअल में प्रावधान है। इस प्रावधान के अनुसार सीधी नियुक्ति के पुलिस अवर निरीक्षक और समकक्ष 20,937 पदों में से 50 फीसदी को प्रमोशन से भरने का निर्णय लिया गया है। सभी पद वेतन स्तर-6 के हैं। गृह विभाग के अवर सचिव इंदुभूषण सिंह ने इस संबंध में आदेश जारी किया है।

ईशान किशन को सीएम ने दिया एक करोड़ का चेक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। भारतीय क्रिकेट टीम की टी-20 विश्व कप 2026 में ऐतिहासिक जीत में बिहार के स्टार क्रिकेटर ईशान किशन की शानदार भूमिका रही है। शुक्रवार को ईशान किशन के पटना पहुंचने पर सीएम सचिवालय में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने ईशान किशन का भव्य स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने ईशान को एक करोड़ रुपये का चेक सौंपा। साथ ही उन्हें एक खास मेमेंटो भी दिया। ईशान से मुलाकात के बाद मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि ईशान ने न सिर्फ भारतीय टीम में अपनी धाकड़ बल्लेबाजी से देश का नाम रोशन किया है बल्कि पूरे बिहार का सीना गर्व से चौड़ा कर दिया है। मुख्यमंत्री ने दुआ की कि ईशान आने वाले समय में देश के लिए और भी कई बड़े रिकॉर्ड बनाएं।

बिहार को आत्मनिर्भर बना रहा डेयरी, मत्स्य तथा पशु संसाधन क्षेत्र : नंदकिशोर राम

मंत्री ने की विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा, अधिकाधिक लोगों को लाभ देने का निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार अब केवल कृषि प्रधान राज्य नहीं बल्कि डेयरी, मत्स्य और पशु संसाधन के क्षेत्र में भी आत्मनिर्भरता की नई इबारत लिख रहा है। गांवों में रोजगार, किसानों की बढ़ती आमदनी और युवाओं को अपने ही क्षेत्र में काम के अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में राज्य सरकार तेजी से आगे बढ़ रही है। डेयरी, मत्स्य तथा पशु संसाधन मंत्री नंदकिशोर राम ने विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक के बाद कहा कि यह क्षेत्र बिहार की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में बड़ी भूमिका निभा रहा है। बैठक में मंत्री ने पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन योजनाओं की प्रगति, लक्ष्य और उपलब्धियों की सघन समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के साथ-साथ विभागीय योजनाओं की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाई जाए, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के ज्यादा लोग इन योजनाओं का लाभ उठा सकें। नंदकिशोर राम ने कहा कि परंपरागत खेती के साथ पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन का समन्वय किसानों की आय बढ़ाने का प्रभावी माध्यम बन रहा है। इससे न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत हो रही है बल्कि छिपी हुई बेरोजगारी को कम करने में भी मदद मिल रही है। उन्होंने विभागीय उपलब्धियों का जिक्र करते हुए बताया कि राज्य में वर्तमान में दूध उत्पादन 128.53 लाख मीट्रिक टन प्रतिवर्ष है, जिसे वर्ष 2028 तक बढ़ाकर 159.9 लाख मीट्रिक टन करने का लक्ष्य रखा गया है। वहीं दूध प्रसंस्करण क्षमता अभी 48.55 लाख लीटर प्रतिदिन है, जिसे 2028 तक बढ़ाकर 51.7 लाख लीटर प्रतिदिन करने की योजना है। मंत्री ने बताया कि राज्य में अंडा उत्पादन अभी 34400.5 लाख प्रतिवर्ष है, जिसे वर्ष 2028 तक बढ़ाकर 62025 लाख करने का लक्ष्य तय किया गया है। इसी प्रकार मांस उत्पादन को 4.04 लाख मीट्रिक टन से बढ़ाकर 4.94 लाख मीट्रिक टन तथा मछली उत्पादन को 9.17 लाख मीट्रिक टन से बढ़ाकर 12.7 लाख मीट्रिक टन प्रतिवर्ष करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

दो आइपीएस समेत बिहार पुलिस सेवा के 61 अधिकारी बदले

सुशील कुमार औरंगाबाद और आदित्य कुमार बने मदनपुर के एसडीपीओ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार सरकार ने पुलिस प्रशासन में बड़ा फ़ेरबदल करते हुए बिहार पुलिस सेवा के 61 अधिकारियों और दो आईपीएस अधिकारियों का तबादला कर दिया है। राज्य के कई जिलों में नए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों और साइबर क्राइम अधिकारियों की तैनाती की गई है। इस बदलाव को कानून-व्यवस्था को और मजबूत करने, साइबर अपराध पर प्रभावी नियंत्रण तथा प्रशासनिक व्यवस्था को अधिक चुस्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। खास बात यह है कि औरंगाबाद सदर के दोनों अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों का भी तबादला कर दिया गया है। जारी आदेश के अनुसार सविन्द्र कुमार दास को एसडीपीओ-1 मढ़ौरा, पंकज कुमार को वरीय पुलिस उपाधीक्षक एटीएस, रघुनाथ सिंह को डीएसपी साइबर क्राइम अररिया, राजकिशोर कुमार को एसडीपीओ फारबिसगंज, राजू रंजन कुमार को डीएसपी साइबर क्राइम कैमूर तथा कुमार वैभव को डीएसपी साइबर क्राइम बांका बनाया गया है। चंदन कुमार को एसडीपीओ-एक गोपालगंज सदर, कल्याण आनंद को डीएसपी साइबर क्राइम सहरसा, दिलीप कुमार को एसडीपीओ-एक कहलगांव, सुशील कुमार को एसडीपीओ-एक औरंगाबाद सदर तथा कुमार देवेन्द्र को एसडीपीओ तारापुर की जिम्मेदारी दी गई है। खुशरू सिराज को एसडीपीओ-एक किशनगंज, राजीव रंजन को एसडीपीओ सुपौल, कुमार संजय को एसडीपीओ अरवल, ओमप्रकाश पाकुड़ को एसडीपीओ भभुआ और सुनील कुमार शर्मा को एसडीपीओ-दो कटिहार सदर बनाया गया है। मुकेश कुमार साहा को डीएसपी अश्वारोही पुलिस आरा, कुमारी दुर्गा शक्ति को एसडीपीओ-दो बेगूसराय सदर, अभिजीत कौर को एसडीपीओ सरैया मुजफ्फरपुर तथा कृति कमल को एसडीपीओ-दो जहानाबाद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अनिकेत अमर को एसडीपीओ नवगछिया, विशाल आनंद को एसडीपीओ-एक कटिहार सदर, अजित कुमार को एसडीपीओ बेतिया सदर-एक, अभिषेक कुमार को एसडीपीओ सिकरहना और सुमित कुमार आर्य को एसडीपीओ सोनपुर बनाया गया है। संजीत कुमार गुप्ता को एसडीपीओ राजगीर, संदीप कुमार को एसडीपीओ-एक शेरघाटी, अनुशील कुमार को एसडीपीओ शिवहर, अभिनव परासर को एसडीपीओ-एक पूर्णिया सदर तथा अनुपेश नारायण को एसडीपीओ पटोरी समस्तीपुर में तैनात किया गया है। इसके अलावा मनोज कुमार को डीएसपी मुख्यालय भोजपुर, कमलेश कुमार सिंह को डीएसपी मुख्यालय कैमूर, सुरेन्द्र कुमार सिंह को डीएसपी रक्षित बगहा, राकेश कुमार भाष्कर को डीएसपी बीसैप-15 सुपौल, राजेश कुमार-एक को डीएसपी बीसैप-11 जमुई, आदित्य कुमार को एसडीपीओ-दो औरंगाबाद सदर, बीरेन्द्र कुमार मेधावी को एसडीपीओ निर्मली, कुमार कीर्ति को एसडीपीओ-दो पूर्णिया सदर, सुजय विद्यार्थी को एसडीपीओ पकरी बरांवा नवादा, संजीव कुमार को एसडीपीओ-दो सासाराम तथा निहार भूषण को एसडीपीओ बगहा की जिम्मेदारी दी गई है।

सरकारी विभागों में चलेंगे सिर्फ इलेक्ट्रिक वाहन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। राज्य के सभी सरकारी विभागों में किराये पर चलने वाली डीजल-पेट्रोल को हटाकर इलेक्ट्रिक वाहनों का इस्तेमाल किया जाएगा। विभिन्न विभागों में इलेक्ट्रिक वाहनों के परिचालन के लिए बिहार राज्य पथ परिवहन निगम एवं बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम को नोडल एजेंसी बनाया जाएगा। दोनों संस्थाएं एग्रीगेटर के रूप में काम करेंगी तथा वाहन निर्माता कंपनियों के साथ समन्वय स्थापित कर विभागों को चरणबद्ध तरीके से आवश्यकता अनुसार इलेक्ट्रिक वाहन उपलब्ध कराएंगी। पहले चरण में सरकारी विभागों के लिए दो से तीन हजार इलेक्ट्रिक वाहनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। राज्य में इलेक्ट्रिक वाहनों के व्यापक उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुक्रवार को विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय बैठक में इसका निर्णय लिया गया। इस निर्णय का उद्देश्य सरकारी उपयोग में इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देकर बड़े पैमाने पर पेट्रोल-डीजल की खपत को कम करना है। बैठक में परिवहन विभाग के सचिव राजकुमार के साथ विभिन्न वाहन निर्माता कंपनियों एवं पेट्रोलियम कंपनियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस दौरान टाटा मोटर्स, एमजी मोटर, हुंडई, मारुति सुजूकी, टीवीएस आदि वाहन निर्माता कंपनियों तथा पेट्रोलियम कंपनियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में बिहार इलेक्ट्रिक वाहन (संशोधन) नीति, 2026 के विभिन्न प्रावधानों से सभी कंपनियों को अवगत कराया गया तथा राज्य में इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को तेजी से बढ़ाने के लिए विस्तृत रणनीति पर चर्चा की गई।

C M Y K

राजस्व महा अभियान के लंबित आवेदनों के निष्पादन के लिए चलेगा विशेष अभियान : मंत्री

30 जून तक चलने वाले एग्रिस्टैक अभियान को देखते हुए 6.60 लाख जमाबंदियों में सुधार के निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने शुक्रवार को विभागीय कक्ष में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में विभाग के सचिव जय सिंह समेत विभाग के सभी वरीय अधिकारी उपस्थित रहे। समीक्षा के दौरान उन्होंने निर्देश दिया कि पिछले वर्ष अगस्त-सितंबर में संचालित राजस्व महा-अभियान के दौरान प्राप्त सभी आवेदनों का निष्पादन विशेष अभियान चलाकर प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। उन्होंने कहा कि अब तक 81 प्रतिशत आवेदनों को स्कैन कर अपलोड किया जा चुका है। 31 मई तक सभी आवेदनों को अपलोड करने का निर्देश दिया गया है। इसके बाद निर्धारित शेड्यूल के अनुसार लंबित आवेदनों का निष्पादन किया जाएगा। बैठक में फॉर्मर रजिस्ट्री अभियान की भी समीक्षा की गई। राजस्व मंत्री ने कहा कि राज्य में 30 जून तक चलने वाले एग्रिस्टैक अभियान को देखते हुए 6.60 लाख जमाबंदियों में सुधार का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जमाबंदी सुधार के कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए क्योंकि इसके पूर्ण होने के बाद ही फॉर्मर रजिस्ट्री अभियान में तेजी आएगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य को समय पर पूरा कर किसानों को लाभ पहुंचाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। ई-मापी मामलों की समीक्षा करते हुए मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य है कि जमीन मापी से जुड़े मामलों का निष्पादन तय समय सीमा के भीतर हो। उन्होंने कहा कि हाल में अंचल अधिकारियों एवं राजस्व कर्मचारियों की हड़ताल के कारण करीब 48 हजार मापी के मामले लंबित हो गए हैं। सभी लंबित मामलों का निष्पादन 30 जून तक करने का निर्देश दिया गया है।

बैठक में भू अभिलेखों के डिजिटलीकरण की प्रगति की भी समीक्षा हुई। अधिकारियों ने बताया कि राज्य के करीब 33 करोड़ पन्नों को स्कैन कर ऑनलाइन अपलोड किया जा चुका है। इसके माध्यम से अब आम लोगों को भू अभिलेख की नकल ऑनलाइन उपलब्ध कराई जा रही है। अभी तक 15 लाख से अधिक लोगों को ऑनलाइन नकल उपलब्ध कराई जा चुकी है जिससे लोगों को काफी सुविधा मिल रही है। उन्होंने कहा कि राज्य के करीब आठ हजार गांवों का कैडेस्ट्रल खतियान गायब है। इसके लिए विभिन्न माध्यमों से विज्ञापन निकालकर लोगों से इसमें मदद ली जाएगी। अगर किसी व्यक्ति के पास वह उपलब्ध है तो वह सरकार को उपलब्ध करा सकता है। मंत्री ने भू-लगान की स्थिति की भी समीक्षा की तथा अधिकारियों को भू-लगान की दरों में वृद्धि की संभावनाओं पर विमर्श करने का निर्देश दिया। इस दौरान अपर सचिव आजीव वत्सराज, अपर सचिव डॉ. महेंद्र पाल, विशेष कार्य पदाधिकारी मणि भूषण किशोर, उप सचिव संजय कुमार सिंह, सहायक निदेशक सह जिला जन संपर्क पदाधिकारी जूही कुमारी, आईटी मैनेजर आनंद शंकर समेत अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय में स्वच्छता पखवारा का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। एनटीपीसी के पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय में 15 मई से 31 मई तक आयोजित होने वाले स्वच्छता पखवाड़ा 2026 का शुभारंभ स्वच्छता शपथ के साथ किया गया। यह कार्यक्रम केंद्रीय कार्यालय के दिशा-निर्देशों के तहत आयोजित किया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) विल्सन अब्राहम ने उपस्थित कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। उन्होंने कर्मचारियों से स्वच्छता को अपनी जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा बनाने तथा कार्यस्थल के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों को भी स्वच्छ एवं साफ-सुथरा बनाए रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान कर्मचारियों ने व्यक्तिगत स्वच्छता एवं साफ-सफाई को लेकर अपने विचार साझा किए। इस मौके पर एनटीपीसी के वरिष्ठ अधिकारी एवं बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे। स्वच्छता पखवाड़ा 2026 के दौरान एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय द्वारा व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। साथ ही आसपास के विद्यालयों में स्वच्छता और व्यक्तिगत साफ-सफाई से संबंधित जागरूकता गतिविधियां संचालित की जाएगी। इसके अलावा स्थानीय बस्तियों में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का भी कार्यक्रम निर्धारित किया गया है।

नई जिम्मेदारियां मिलने पर विधायकों को डॉ. प्रेम कुमार ने दी शुभकामनाएं

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार विधानसभा में विभिन्न समितियों और सत्तारूढ़ दल के सचेतक पदों पर बड़े स्तर पर मनोनयन और मान्यता की घोषणा की गई है। बिहार विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने शुक्रवार को कई विधायकों को नई जिम्मेदारियां सौंपते हुए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं। जारी आदेश के अनुसार पन्ना लाल सिंह पटेल को वित्तीय वर्ष 2026-27 की शेष अवधि के लिए बिहार विधानसभा की राजकीय आश्वासन समिति का सभापति मनोनीत किया गया है। वहीं दुलाल चंद्र गोस्वामी को जिला परिषद एवं पंचायती राज समिति का सभापति बनाया गया है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री की अनुशंसा पर विधानसभा अध्यक्ष ने संजीव चौरसिया को बिहार विधानसभा में सत्तारूढ़ दल का मुख्य सचेतक तथा मंजीत कुमार सिंह को उप मुख्य सचेतक के रूप में मान्यता प्रदान की है। विधानसभा में सचेतक पद पर जिन विधायकों को मान्यता दी गई है उनमें गायत्री देवी, राजू तिवारी, रामविलास कामत, सुधांशु शेखर, राणा रणधीर, विनय कुमार चौधरी, कृष्ण कुमार ऋषि, अरुण मांझी और रत्नेश कुमार शामिल हैं। संजीव चौरसिया दीघा विधानसभा क्षेत्र, मंजीत कुमार सिंह बरौली, गायत्री देवी परिहार, राजू तिवारी गोविंदगंज, रामविलास कामत पिपरा, सुधांशु शेखर हरलाखी, राणा रणधीर मधुबन, विनय कुमार चौधरी बेनीपुर, कृष्ण कुमार ऋषि बनमनखी, अरुण मांझी मसौढ़ी और रत्नेश कुमार पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। विधानसभा सचिवालय की ओर से बताया गया कि इस संबंध में संसदीय कार्य विभाग को अधिसूचना जारी करने के लिए पत्र भेज दिया गया है। विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने सभी नवमनोनीत सभापतियों, मुख्य सचेतक, उप मुख्य सचेतक और सचेतकों को आगामी कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं देते हुए सदन की कार्यवाही को प्रभावी और सुचारु बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने की अपेक्षा जताई।

मजबूत परिवार से ही मजबूत समाज : मंत्री श्रवण कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। जनता दल (यू) विधायक दल के नेता सह ग्रामीण विकास विभाग और सूचना एवं जन-सम्पर्क मंत्री श्रवण कुमार ने परिवार दिवस पर कहा कि परिवार सिर्फ रक्त संबंधों का समूह नहीं होकर प्रेम, विश्वास, संस्कार और सहयोग की सबसे मजबूत नींव है। समाज की मजबूती भी सशक्त परिवारों पर आधारित होती है। उन्होंने कहा कि जब परिवार में आपसी प्रेम, एकता और सम्मान बना रहता है। तब समाज में शान्ति, सद्भाव और नैतिकता का वातावरण विकसित होता है। परिवार की एकजुटता ही समाज और राष्ट्र की वास्तविक शक्ति है। परिवार दिवस पर हम सभी मजबूत, संस्कारी और प्रेमपूर्ण परिवारों के निर्माण का संकल्प लें।

डिजिटल क्रांति से सशक्त होगा बिहार का किसान

'बिहारी डिजिटल कृषि योद्धा' बदलेंगे खेती की सूरत : विजय कुमार सिन्हा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। कृषि मंत्री विजय सिन्हा की अध्यक्षता में आज कृषि भवन, पटना में 'बिहार कृषि ऐप' की व्यापक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में किसानों के बीच ऐप के प्रचार-प्रसार, प्रशिक्षण, मॉनिटरिंग और किसान सहभागिता को सुदृढ़ करने हेतु कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में कृषि मंत्री ने अधिकारियों को निदेशित किया कि ग्रामीण स्तर पर कृषि डिजिटल साक्षरता बढ़ाने के लिए पंचायत, प्रखंड और जिला स्तर पर युवा किसान प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जायें। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षित युवाओं को 'बिहारी डिजिटल कृषि योद्धा' के रूप में पहचान दिलायी जायेगी जो अन्य किसानों को ऐप के उपयोग हेतु प्रेरित करेंगे। उत्कृष्ट कार्य करने वाले बिहारी डिजिटल कृषि योद्धाओं को विभाग द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। श्री सिन्हा ने कहा कि किसानों की सुविधा के लिए ऐप को अब हिंदी और अंग्रेजी के साथ-साथ मगही, भोजपुरी, अंगीका और बज्जिका भाषाओं में भी उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि सर्वाधिक किसान पंजीकरण सुनिश्चित करने वाले शीर्ष 5 जिलों, 5 प्रखंडों और 5 पंचायतों को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही बेहतर प्रदर्शन करने वाले विभागीय कर्मियों को भी पुरस्कृत करने का निर्णय लिया गया है। किसानों के बीच इस ऐप के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए राज्य के सभी कृषि कार्यालयों में होर्डिंग, बैनर और पोस्टर लगाए जाएंगे। बामेती के माध्यम से आयोजित होने वाले सभी प्रशिक्षण सत्रों में किसानों को ऐप की विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि ऐप में अब गरमा फसल के स्थान पर ग्रीष्मकालीन फसल शब्दावली का उपयोग किया जाएगा। उसी तरह इसमें वासंतिक (रबी फसल) एवं शारदीय फसलों (खरीफ फसल) से संबंधित जानकारी भी शामिल की जाएगी। कृषि मंत्री ने बताया कि उन्होंने तत्कालीन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ बिहार कृषि ऐप की शुरूआत 19 मई, 2025 को की थी जिसके बाद बिहार कृषि ऐप पर वर्तमान में लगभग 11.50 लाख किसान पंजीकृत हैं और हमने इस साल के अंत तक लगभग 80 लाख किसानों को पंजीकृत करने का लक्ष्य रखा है। इस ऐप के माध्यम से किसानों को की सुविधाएं मिल रही हैं, जैसे - नजदीकी दुकानों में उर्वरक की उपलब्धता की रियल-टाइम जानकारी। सरकारी योजनाओं के लिए एकल विंडो इंटरफेस और किसान पासबुक। बाजार मूल्य, मौसम चेतावनी और पौधा संरक्षण सलाह। मृदा स्वास्थ्य कार्ड और पीएम एआई-आधारित चौटबोट। बिहार कृषि रेडियो सुनने की विशेष सुविधा। बैठक के अंत में मंत्री ने निर्देश दिया कि पंचायत स्तर पर प्रशिक्षण अभियान चलाकर मुख्यालय के अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए, ताकि राज्य का हर किसान डिजिटल क्रांति का हिस्सा बन सके। बैठक में प्रधान सचिव, कृषि विभाग नर्मदेश्वर लाल, विशेष सचिव, बीरेन्द्र प्रसाद यादव, कृषि निदेशक सौरभ सुमन यादव, उद्यान निदेशक अभिषेक कुमार सहित विभाग के वरीय पदाधिकारी मौजूद रहे।

डॉ. आनंद रंजन झा ने उपमुख्यमंत्री से मिल कर केवाइपी को पूर्ववत जारी रखने का किया आग्रह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। केवाईपी वेल्फेयर सोसाइटी वैशाली के अध्यक्ष डॉ. आनंद रंजन झा एवं राकेश सिन्हा ने पटना स्थित बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी के सरकारी आवास पर शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने बिहार कौशल विकास मिशन के अंतर्गत संचालित कुशल युवा कार्यक्रम (केवाईपी) को सात निश्चय पार्ट-3 में पूर्ववत जारी रखने का आग्रह किया। डॉ. आनंद रंजन झा ने कहा कि वर्ष 2016 से संचालित केवाईपी योजना ने बिहार के लाखों युवाओं को कौशल विकास एवं रोजगार से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आज भी यह योजना राज्य के युवाओं के लिए अत्यंत उपयोगी एवं प्रभावशाली साबित हो रही है। उन्होंने उपमुख्यमंत्री से आग्रह किया कि बिहार के युवाओं के उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए इस योजना को सात निश्चय पार्ट-3 में बिना किसी बाधा के निरंतर जारी रखा जाए। उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने विषय को गंभीरतापूर्वक सुना तथा सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया। डॉ. आनंद रंजन झा ने आशा व्यक्त की कि सरकार द्वारा शीघ्र ही इस दिशा में उचित निर्णय लिया जाएगा जिससे राज्यभर के हजारों प्रशिक्षण केंद्रों एवं इससे जुड़े युवाओं को राहत मिलेगी।

एक साल में 10 लाख महिलाओं का भरोसा बनी पिंक बस

2.50 करोड़ हुई आय, सैकड़ों महिला संवाहकों को मिला रोजगार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। राज्य में महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल 'पिंक बस' को शुरू हुए एक वर्ष पूरे हो गए हैं। इस दौरान 10 लाख से अधिक महिला यात्रियों ने इन बसों का सफर किया जिससे बिहार राज्य पथ परिवहन निगम को लगभग ढाई करोड़ रुपये की आय हुई है। पहले जहां महिलाएं घर की चहारदीवारी तक सीमित रहती थीं, आज वो स्कूल, कॉलेज और दफ्तरों तक जाने के लिए सड़कों पर बेताबी से पिंक बस का इंतजार करती नजर आती हैं। प्रति महीने औसतन 83 हजार से अधिक लड़कियां व महिलाएं ऑटो रिक्शा छोड़ पिंक बस के जरिये सुरक्षित अपने गंतव्य तक पहुंचती हैं। यह बदलाव बिहार में महिलाओं के लिए उठाए जा रहे सकारात्मक कदमों का नतीजा है। इस किफायती सफलता का पूरा श्रेय इन्हीं महिलाओं को जाता है जिनकी भागीदारी और विश्वास ने इस योजना को धरातल पर सार्थक बनाया। निगम के अनुसार सीएनजी आधारित पिंक बसें पटना सहित छह प्रमंडलों पटना, मुजफ्फरपुर, गया, भागलपुर, पूर्णिया और दरभंगा में संचालित हो रही हैं। वर्तमान में कुल 100 पिंक बसें चल रही हैं जिनमें पटना में 30, मुजफ्फरपुर में 20, गयाजी में 15, दरभंगा में 15, भागलपुर में 10 और पूर्णिया में 10 बसें हैं। सबसे अधिक 5 लाख 74 हजार महिला यात्री राजधानी पटना में पिंक बस से यात्रा कर चुकी हैं।

पिंक बस से जुड़कर 100 से अधिक महिलाओं को बस संवाहक के रूप में नौकरी मिल चुकी है। इधर, 6 महिला ड्राइवर भी पिंक बस की कमान संभालने के लिए ट्रेनिंग फेज से गुजर रहीं हैं। सरकार की इस पहल ने महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

दानापुर मंडल में पांच जून तक चलने वाले विश्व पर्यावरण दिवस अभियान का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

दानापुर। दानापुर मंडल में मंडल रेल प्रबंधक विनोद कुमार के द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस अभियान (15 मई से 5 जून 2026 तक) का दीप प्रज्ज्वलन के साथ शुभारंभ किया गया। अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने ली पर्यावरण अनुकूल आचरण की शपथ। विश्व पर्यावरण दिवस के अंतर्गत दानापुर मंडल द्वारा मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, दानापुर में मंडल रेल प्रबंधक विनोद कुमार की अध्यक्षता में अपर मंडल रेल प्रबंधक एवं अन्य शाखा अधिकारियों की उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलन कर विश्व पर्यावरण दिवस अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता एवं हरित वातावरण बनाए रखने हेतु मंडल रेल प्रबंधक द्वारा शपथ दिलाया गया। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए वृक्षारोपण, सिंगल यूज प्लास्टिक रोकथाम, जल संरक्षण एवं स्वच्छता एवं जलवायु परिवर्तन के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया। विश्व पर्यावरण दिवस अभियान के अंतर्गत दानापुर मंडल के विभिन्न महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशनों, कार्यालय परिसरों एवं रेलवे कॉलोनियों में प्रतिदिन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों के अंतर्गत वृक्षारोपण अभियान, स्वच्छता अभियान, सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त परिसर अभियान, नुक्कड़ जागरूकता कार्यक्रम तथा कर्मचारियों एवं आमजन के बीच पर्यावरण संरक्षण संबंधी संदेशों का प्रसार किया जाएगा। इसके अतिरिक्त रेलवे स्टेशनों एवं कॉलोनियों में साफ-सफाई एवं कचरा निष्पादन व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु विशेष अभियान भी चलाया जाएगा।

अमृतसर और न्यू जलपाईगुड़ी के बीच एक नई अमृत भारत एक्सप्रेस का परिचालन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

हाजीपुर। रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर नरकटियागंज-रक्सौल-सीतामढ़ी-जनकपुर रोड-सकरी-झंझारपुर-निर्मली-सरायगढ़-राघोपुर-फॉरबिसगंज-अररिया के रास्ते अमृतसर और न्यू जलपाईगुडी के मध्य चलायी जा रही गाड़ी सं. 04654/04653 अमृतसर-न्यू जलपाईगुड़ी-अमृतसर स्पेशल का गाड़ी सं. 14664/14663 अमृतसर-न्यू जलपाईगुड़ी-अमृतसर साप्ताहिक अमृत भारत एक्सप्रेस के रूप में नियमित परिचालन प्रारंभ किया जा रहा है। इस अमृत भारत एक्सप्रेस का परिचालन अमृतसर से प्रत्येक वृहस्पतिवार को तथा न्यू जलपाईगुड़ी से प्रत्येक शनिवार को किया जायेगा। गाड़ी सं. 14664 अमृतसर-न्यू जलपाईगुड़ी साप्ताहिक अमृत भारत एक्सप्रेस 14 मई, 2026 से प्रत्येक वृहस्पतिवार को अमृतसर से 12.45 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन 13.25 बजे नरकटियागंज, 13.57 बजे सिकटा, 14.25 बजे रक्सौल, 15.21 बजे बैरगनिया, 16.30 बजे सीतामढ़ी, 17.10 बजे जनकपुर रोड, 17.46 बजे कमतौल, 18.10 बजे शीशो हॉल्ट, 19.08 बजे सकरी, 19.33 बजे झंझारपुर, राघोपुर, 22.28 बजे नरपतगंज, 23.30 बजे फारबिसगंज, 23.55 बजे अररिया रूकते हुए तीसरे दिन 04.15 बजे न्यू जलपाईगुड़ी पहुंचेगी।

मंडल रेल प्रबंधक ने किया 71 रेलकर्मियों को पुरस्कृत

उत्कृष्ट सेवा के लिए 70 वां मंडल स्तर रेल सप्ताह पुरस्कार समारोह का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

दानापुर। दानापुर मंडल के पूर्व मध्य रेल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, खगौल के सृजन प्रेक्षागृह में '70 वां रेल सप्ताह समारोह' का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन मंडल रेल प्रबंधक विनोद कुमार एवं निशी देव, अध्यक्षा, दानापुर महिला कल्याण संगठन, उच्च अधिकारियों एवं महिला कल्याण संगठन की सदस्याओं के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया तथा रेल सप्ताह पुस्तिका का विमोचन किया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी गई। मोबाइल के लत से होने वाले नुकसान पर एक व्यंग्यात्मक नाटक की प्रस्तुति दी गई जो दर्शकों को खूब पसंद आई। इस अवसर पर विनोद कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि जैसा कि आपको मालूम है कि प्रतिवर्ष आपकी निष्ठा, अनुकरणीय कर्तव्यपालन एवं प्रशंसनीय कार्यों के परिणामस्वरूप मंडल स्तर पर आपको पुरस्कृत करने का यह एक प्रयास है। दानापुर मंडल भारतीय रेल का एक महत्वपूर्ण मंडल है जो अपनी उत्कृष्ट पहचान बनाए हुए है। दानापुर मंडल अटूट प्रतिबद्धता के साथ समेकित प्रयास से यात्रियों की सुरक्षित एवं सुविधापूर्ण यात्रा हेतु निरंतर प्रयत्नशील रहता है। इस प्रयास में आप सभी का योगदान सराहनीय रहा है। मैं लाइन के कर्मचारियों से विशेष रूप से अपील करता हूं कि संरक्षा संबंधी मानकों का विशेष रूप से ध्यान रखें और अपने कार्य स्थल पर सेफ्टी फर्स्ट के सिद्धांत पर काम करें। इस अवसर पर अध्यक्षा, महिला कल्याण संगठन निशी देव एवं सदस्याएं, एडीआरएम (इंफ्रा) राजीव कुमार, एडीआरएम (ओपी) वीरेंद्र कुमार, मंडल के सभी शाखा अधिकारी, यूनियन तथा अन्य संगठन के प्रतिनिधिगण, सम्मानित मीडिया के प्रतिनिधिगण तथा बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन अतुल कुमार, वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी ने किया।

पैदल चलकर कार्यालय पहुंचे मंत्री, पर्यावरण बचाने का दिया संदेश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। ईंधन की खपत में कमी लाने, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश देते हुए पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश शुक्रवार को अपने आवास से पैदल चलकर कार्यालय पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने पदाधिकारियों व कर्मियों से आग्रह किया कि वे निजी वाहनों का उपयोग केवल आवश्यकता पड़ने पर ही करें और प्रत्येक शुक्रवार या कोशिश करें कि रोजाना की दिनचर्या में भी सार्वजनिक परिवहन, पैदल चलने, साइकिल या ई-वाहन के प्रयोग की आदत डालें।

उन्होंने कहा कि पश्चिमी एशिया में बढ़ते तनाव के कारण आज विश्व ईंधन संकट जैसी चुनौती का सामना कर रहा है। साथ ही तेजी से हो रहे जलवायु परिवर्तन और बदलती जीवनशैली का मानव स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। ऐसी परिस्थिति में परंपरागत ईंधन पर निर्भरता कम करना समय की आवश्यकता है। इससे देश के विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव कम होगा, पर्यावरण संरक्षण को बल मिलेगा और स्वस्थ जीवनशैली को भी प्रोत्साहन मिलेगा।

अपराधियों को सजा दिलाने की बढ़ी रफ्तार, 4 महीने में 453 को आजीवन कारावास

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। राज्य में अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए सख्त इन्हें सजा दिलाने की रफ्तार तेज हो गई है। इस वर्ष जनवरी से अप्रैल तक 7 हजार 624 अपराधियों को सजा दिलाई गई है। इसमें 453 अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा दी गई। 253 अभियुक्तों को 10 वर्ष या उससे अधिक वर्ष की सजा सुनाई गई है। पॉक्सों एवं रेप के 218 कांडों में 267 अभियुक्तों को दोषी ठहराते हुए सजा दिलाई गई है। यह जानकारी एडीजी (मुख्यालय) सुनील कुमार ने शुक्रवार को पुलिस मुख्यालय सरदार पटेल भवन के सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में दी। एडीजी श्री कुमार ने कहा कि जनवरी से अप्रैल तक जिन कुछ प्रमुख अपराधों में अपराधियों को सजा दिलाई गई है उसमें आर्म्स एक्ट के 252 मामलों में 318 अपराधी, हत्या के 213 मामलों में 508, डकैती के 17 में 34, लूट के 59 में 66, अपहरण के 51 मामलों में 62 अपराधियों को सजा दिलाई गई है। इसके अलावा सभी अपराधों में कुल सजा दिलाने वाले अपराधियों में 10 वर्ष से कम सजा पाने वाले अपराधियों की संख्या 651, 2 वर्ष से कम सजा पाने वालों की संख्या 981 और जुर्माना या बंदपत्र के आधार पर छोड़े गए अभियुक्तों की संख्या 68 हजार 284 है। फरवरी महीने में दो अपराधियों को फांसी की सजा भी दी गई है। प्रेस वार्ता के दौरान एडीजी (विधि-व्यवस्था) सुधांशु कुमार ने बताया कि मोतिहारी, समस्तीपुर, वैशाली, सीवान और मधुबनी में एसपी (ग्रामीण) का पद सृजन किया गया है। यह पद इन जिलों में विधि-व्यवस्था को सुचारू तरीके से संचालित करने के उदेश्य से किया गया है। इससे कांडों का निष्पादन तेजी से होगा। प्रेस वार्ता के माध्यम से आईजी (साइबर) रणजीत कुमार मिश्रा ने बताया कि सर्वाधिक ऑनलाइन शिकायत और एफआईआर दर्ज करने में बिहार का स्थान देश में चौथा है।

कभी पिछड़ी थीं पंचायतें, आज बन गईं विकास की पहचान

पीएआई 2.0 में बने सर्वश्रेष्ठ, एलएसडीजीएस थीम पर मुख्य फोकस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। स्थानीय सतत विकास लक्ष्यों को धरातल पर प्रभावी ढंग से लागू करने में बिहार की कुछ पंचायतों ने उत्कृष्ट उदाहरण पेश किया है। पंचायत उन्नति सूचकांक (पीएआई 2.0) में इन पंचायतों ने समग्र विकास, गरीबी उन्मूलन, शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना और महिला सशक्तिकरण जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है। रोहतास जिले की तेलकप पंचायत की मुखिया सुनीता टोप्पो के कुशल नेतृत्व में पंचायत ने पीएआई में गरीबी उन्मूलन एवं आजीविका संवर्धन थीम में 88.88 का शानदार स्कोर हासिल किया। 2025 के लिए राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार में तेलकप पंचायत को सर्वश्रेष्ठ पंचायत श्रेणी में देश में द्वितीय व बिहार में प्रथम स्थान मिला है। पंचायत ने एलएसडीजीएस के सभी 9 थीम्स पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। मुखिया सुनीता टोप्पो ने बताया कि पंचायत पहले शिक्षा के क्षेत्र में काफी पिछड़ी हुई थी। यहां अनूसूचित जाति-अनूसूचित जनजाति की आबादी अधिक है व बच्चों और महिलाओं में शिक्षा के प्रति जागरूकता की भी कमी थी। इसके लिए प्रत्येक वार्ड में जागरूकता अभियान चलाकर बच्चों को शिक्षा से जोड़ा गया। महिलाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए जीविका समूहों के माध्यम से दुकान, बकरी पालन, मनरेगा और हस्तशिल्प (बांस की टोकरियां, सूप आदि) से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाया गया। नतीजतन यहां अधिकांश महिलाएं रोजगार से जुड़ चुकी हैं। पंचायत में तीन स्थानों पर वाई-फाई युक्त लाइब्रेरी स्थापित की गई हैं।

किसान रजिस्ट्री से किसानों को मिलेंगे अनेक लाभ : डीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

सासाराम। जिला प्रशासन द्वारा जिले के सभी किसानों से अपील की गई है कि वे शीघ्र अपना किसान रजिस्ट्री पंजीकरण कराएं, ताकि सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कृषि योजनाओं एवं सुविधाओं का लाभ पारदर्शी एवं सरल तरीके से प्राप्त कर सकें। जिलाधिकारी उदिता सिंह ने कहा कि किसान रजिस्ट्री व्यवस्था किसानों को आधुनिक तकनीक से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इससे किसानों को उर्वरक खरीद, फसल अधिप्राप्ति, फसल बीमा, कृषि ऋण तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर और पारदर्शी तरीके से मिलेगा। उन्होंने बताया कि किसान रजिस्ट्री

होने से किसानों को उर्वरक खरीद प्रक्रिया में काफी सुविधा होगी। किसान मोबाइल एप के माध्यम से ऑनलाइन खाद बुकिंग कर सकेंगे तथा क्यूआर कोड आधारित प्रणाली के जरिए अधिकृत दुकानों से आसानी से उर्वरक प्राप्त कर पाएंगे। इससे पूरी प्रक्रिया पारदर्शी एवं तकनीक आधारित बनेगी। डीएम ने कहा कि पंजीकृत किसानों को पीएम किसान सहित अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे एवं शीघ्रता से प्राप्त होगा। सरकार द्वारा दी जाने वाली सहायता राशि और योजनाओं का लाभ वास्तविक किसानों तक पहुंचाने में किसान रजिस्ट्री महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने बताया कि धान, गेहूं एवं अन्य फसलों की अधिप्राप्ति प्रक्रिया में भी किसान रजिस्ट्री अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। पैक्स के माध्यम से फसल खरीद प्रक्रिया अधिक सरल एवं पारदर्शी बनेगी तथा पंजीकृत किसानों को भुगतान भी तेजी से प्राप्त होगा। डीएम उदिता सिंह ने कहा कि प्राकृतिक आपदा, बाढ़, सुखाड़ अथवा अन्य आपात स्थितियों में सही किसानों की पहचान कर शीघ्र सहायता एवं मुआवजा उपलब्ध कराने में किसान रजिस्ट्री सहायक होगी। इससे राहत वितरण की प्रक्रिया अधिक प्रभावी और समयबद्ध बनेगी। उन्होंने यह भी कहा कि किसान रजिस्ट्री के माध्यम से किसानों को बैंक एवं सहकारी समितियों से केसीसी तथा अन्य कृषि ऋण प्राप्त करने में आसानी होगी। किसानों की पहचान और दस्तावेजी प्रक्रिया सरल होने से ऋण स्वीकृति में तेजी आएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि किसान रजिस्ट्री व्यवस्था से पारदर्शिता बढ़ेगी तथा फर्जी लाभार्थियों पर रोक लगेगी। सरकारी सहायता वास्तविक किसानों तक पहुंचेगी और भ्रष्टाचार में कमी आएगी। जिला प्रशासन रोहतास द्वारा सभी प्रखंडों में किसान रजिस्ट्री अभियान चलाया जा रहा है। किसानों से अनुरोध किया गया है कि वे अपने नजदीकी कृषि कार्यालय, पैक्स, कॉमन सर्विस सेंटर अथवा संबंधित विभागीय कार्यालय में जाकर आवश्यक दस्तावेजों के साथ शीघ्र पंजीकरण कराएं। डीएम उदिता सिंह ने जिले के सभी किसानों से अपील करते हुए कहा कि किसान रजिस्ट्री केवल एक पंजीकरण प्रक्रिया नहीं, बल्कि किसानों की समृद्धि और कृषि विकास की मजबूत आधारशिला है। सभी किसान आगे आएं, अपना पंजीकरण कराएं तथा सरकार की योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाकर आत्मनिर्भर एवं समृद्ध कृषि व्यवस्था के निर्माण में सहभागी बने।

बीजापुर नक्सल विरोधी अभियान में शहीद जवान दिलीप कुमार के परिजनों को मिली 21 लाख की अनुग्रह राशि

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

सासाराम। बीजापुर नक्सल विरोधी अभियान में शहीद हुए रोहतास के जवान दिलीप कुमार पासवान के आश्रितों को मिली 21 लाख रुपये की अनुग्रह सहायता राशि रोहतास जिले के चेनारी प्रखंड अंतर्गत सेमरी गांव निवासी शहीद जवान दिलीप कुमार पासवान के परिजनों को बिहार सरकार की ओर से 21 लाख रुपये की अनुग्रह सहायता राशि प्रदान की गई है। यह सहायता राशि राज्य सरकार द्वारा शहीद जवान के परिवार के प्रति सम्मान, संवेदना एवं सहयोग के रूप में दी गई है। ज्ञात हो कि सिपाही/जीडी दिलीप कुमार पासवान आरक्षी केंद्र के बल संख्या 196 बलवाहिनी में पदस्थापित थे। 23 अप्रैल 2025 को छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के महादेव घाटी क्षेत्र में चलाए जा रहे नक्सल विरोधी अभियान के दौरान नक्सलियों द्वारा लगाए गए प्रेशर आईईडी विस्फोट में वे गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घायल अवस्था में उन्हें बेहतर इलाज के लिए नई दिल्ली स्थित एम्स ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली थी। बिहार सरकार के सैनिक कल्याण निदेशालय के निर्देश के आलोक में शहीद जवान के आश्रितों को अनुग्रह अनुदान उपलब्ध कराने की प्रक्रिया पूरी की गई। इस संबंध में अंचल अधिकारी चेनारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता सासाराम एवं अनुमंडल पदाधिकारी सासाराम द्वारा आवश्यक जांच एवं अनुशंसा की गई जिसके उपरांत सहायता राशि की स्वीकृति प्रदान की गई। शहीद जवान के माता-पिता की सहमति के बाद वरीय उप समाहर्ता ओम प्रकाश लाल एवं अंचल पदाधिकारी के हाथों उनकी पत्नी अनीता देवी को 21 लाख रुपये की सहायता राशि उपलब्ध कराई गई। इस दौरान परिवार के सदस्यों ने सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों एवं स्थानीय लोगों ने बिहार सरकार द्वारा दी गई सहायता राशि को शहीद परिवार के प्रति सम्मान और संवेदनशीलता का प्रतीक बताया। ग्रामीणों ने कहा कि जवान दिलीप कुमार पासवान ने देश की सुरक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी है जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता।

अकोढ़ीगोला थाना का अंचल निरीक्षक ने किया निरीक्षण

लंबित कांडों के शीघ्र निष्पादन का निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। पुलिस अधीक्षक रोहतास के निर्देशानुसार डिहरी अंचल निरीक्षक शेर सिंह यादव ने अकोढ़ीगोला थाना का निरीक्षण कर थाना की व्यवस्था एवं अनुसंधान कार्यों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान थाना अध्यक्ष राकेश गोसाई सहित कई पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। निरीक्षण के क्रम में अंचल निरीक्षक ने थाना में लंबित कांडों की गहन समीक्षा की तथा कांडों के त्वरित निष्पादन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही गिरफ्तारी एवं वारंट निष्पादन की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करते हुए लंबित वारंटों के शीघ्र निष्पादन पर विशेष बल दिया। इस दौरान नियमित पेट्रोलिंग व्यवस्था, अपराध नियंत्रण एवं विधि-व्यवस्था संधारण से संबंधित बिंदुओं पर भी चर्चा की गई। अंचल निरीक्षक ने पुलिस पदाधिकारियों को नए कानूनों एवं प्रावधानों की अद्यतन जानकारी रखने तथा अनुसंधान कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान केस डायरी लेखन की प्रगति एवं डिजिटल माध्यम से किए जा रहे अनुसंधान कार्यों की स्थिति एवं गुणवत्ता की भी समीक्षा की गई। अंचल निरीक्षक शेर सिंह यादव ने सभी पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों को कर्तव्य के प्रति सजग एवं सक्रिय रहकर कार्य करने का निर्देश दिया।

डिहरी अनुमंडल अस्पताल में बढ़ा विवाद, सिविल सर्जन ने किया औचक निरीक्षण

कार्य में कोताही बर्दाश्त नहीं : सीएस

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। डिहरी अनुमंडल अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर उठे विवाद के बीच गुरुवार को सिविल सर्जन डॉ. मणिराज रंजन ने अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने हाल ही में संवाददाता पर प्राथमिकी दर्ज कराने के मामले में चर्चा में आई जीएनएम सुमन सहनी से पूछताछ की तथा अस्पताल के विभिन्न वार्डों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सिविल सर्जन ने लेबर वार्ड, जनरल वार्ड, दवा वितरण केंद्र एवं हीट वेव स्पेशल वार्ड का निरीक्षण करते हुए मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं, स्वच्छता व्यवस्था एवं दवाओं की उपलब्धता की समीक्षा की। उन्होंने चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति पंजी की जांच कर सभी कर्मियों को समय पर ड्यूटी पर उपस्थित रहने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अस्पताल में किसी भी प्रकार की लापरवाही, मनमानी अथवा कार्य में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दोषी पाए जाने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। अस्पताल में पाई गई कमियों को लेकर उन्होंने उपाधीक्षक डॉ. संजीव कुमार, स्वास्थ्य प्रबंधक राणा राजेश एवं अन्य कर्मियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में अस्पताल की व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ करने तथा मरीजों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया। हीट वेव को देखते हुए सिविल सर्जन ने अस्पताल प्रशासन को विशेष तैयारियां दुरुस्त रखने का निर्देश दिया ताकि मरीजों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। सभी चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी और समयबद्धता के साथ करने को कहा गया। इधर, अनुमंडल पदाधिकारी डिहरी द्वारा जारी पत्र में जीएनएम सुमन सहनी से दो दिनों के भीतर स्पष्टीकरण मांगा गया है। एसडीओ द्वारा जारी पत्र में आरोप लगाया गया है कि 9 मई 2026 की रात मरीज के इलाज में कोताही बरती गई तथा परिजनों एवं मीडिया कर्मियों के साथ दुर्व्यवहार किया गया। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि पूर्व में भी इस प्रकार की शिकायतें सामने आती रही हैं। मामले को और गंभीर बनाते हुए अनुमंडलीय अस्पताल के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. विष्णुकांत द्वारा पूर्व में उपाधीक्षक को लिखे गए पत्र की भी चर्चा तेज हो गई है। पत्र के अनुसार 26 सितंबर 2025 की रात आकस्मिक सेवा के दौरान असहनीय पेट दर्द से पीड़ित एक मरीज के इलाज के क्रम में ड्यूटी पर मौजूद जीएनएम प्रीति कुमारी एवं सुमन सहनी ने चिकित्सीय निर्देश मानने से इनकार कर दिया था।

दिनारा, इंदौर एवं दिनारा (टाउन) फीडर की विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

विक्रमगंज (रोहतास)। विद्युत आपूर्ति प्रणाली को अधिक सुरक्षित, सुदृढ़ एवं विश्वसनीय बनाने के उद्देश्य से शनिवार को 11 केवी दिनारा, इंदौर एवं दिनारा (टाउन) फीडर से संबंधित विद्युत आपूर्ति दोपहर 12:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक बाधित रहेगी। इस दौरान पावर ट्रांसफार्मर में तेल भरने एवं आवश्यक मरम्मत कार्य किया जाएगा। इस कार्य के कारण संबंधित फीडर से जुड़े क्षेत्रों में अस्थायी रूप से बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी। विभाग का मानना है कि इस तकनीकी कार्य के पूर्ण होने के बाद उपभोक्ताओं को अधिक बेहतर एवं निर्बाध विद्युत सेवा उपलब्ध हो सकेगी। कनीय विद्युत अभियंता, दिनारा विकास कुमार ने बताया कि यह कार्य अत्यंत आवश्यक है और इससे भविष्य में आकस्मिक विद्युत बाधाओं की संभावना कम होगी। विभागीय टीम द्वारा कार्य को निर्धारित समय में सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने की तैयारी कर ली गई है। कार्य पूर्ण होते ही विद्युत आपूर्ति यथाशीघ्र बहाल कर दी जाएगी। विद्युत विभाग ने उपभोक्ताओं को होने वाली असुविधा के लिए खेद व्यक्त करते हुए आमजन से सहयोग की अपील की है तथा निर्धारित अवधि के दौरान आवश्यक वैकल्पिक व्यवस्था करने का अनुरोध किया है। विभाग ने कहा कि उपभोक्ताओं को बेहतर सेवा उपलब्ध कराना उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

बेसिक कार्डियक लाइफ सपोर्ट विषय पर कार्यशाला का समापन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

सासाराम। नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, जमुहार के एनेस्थीसिया विभाग के तत्वावधान में विगत 12 मई से चल रहे बेसिक कार्डियक लाइफ सपोर्ट विषय पर कार्यशाला का आज समापन हो गया। चार दिनों तक चलने वाले इस कार्यशाला में एनेस्थीसिया विभाग के अस्सी स्नातकोतर छात्रों ने बेसिक कार्डियक लाइफ सपोर्ट के विभिन्न आयामों पर देश के विभिन्न हिस्सों से आए विशेषज्ञों से इसकी बारीकियों को सीखा। उपरोक्त जानकारी देते हुए नारायण मेडिकल कॉलेज के एनेस्थीसिया विभाग के अध्यक्ष एवं कार्यक्रम के समन्वयक डॉक्टर हृदय कुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम में आई.आर.सी.एफ. कोर्स के निदेशक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर चक्र राव, पटना के निदेशक डॉक्टर नितिन ओझा, राष्ट्रीय आई आरसीएफ संकाय के डॉक्टर नीरज कुमार, डॉ तनवीर कमर आदि ने उपरोक्त विषय के आलोक में चिकित्सा स्नातकोत्तर छात्रों को इसके गुर सीखाये एवं उनके प्रश्नों के उत्तर से उन्हें संतुष्ट किया। कार्यक्रम का उद्घाटन गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के कुलाधिपति के सलाहकार डा महेंद्र कुमार सिंह, नारायण मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ पुनीत कुमार सिंह, चिकित्सा अधीक्षक डॉ विनोद कुमार सिंह, उपाधीक्षक डॉ अभिषेक कमेन्दु डाक्टर अली इमाम आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सहायक कुल सचिव अजय कुमार सिंह, अमित कुमार, राकेश कुमार, प्रवीण कुमार, रविंद्र कुमार, प्रदीप कुमार, पुष्कल रंजन, लवकुश कुमार आदि की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

बेहतर कार्य करने वाले डाककर्मियों को किया गया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कोचस (रोहतास)। केंद्रीय अनुमंडल सासाराम अंतर्गत सभी ग्रामीण डाक सेवक कर्मचारियों का वित्तीय वर्ष 2025-26 के वार्षिक व्यवसाय की समीक्षा बैठक सह सम्मान समारोह व पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डाक अधीक्षक नीरज कुमार चौधरी ने की। इस अवसर पर डाक निरीक्षक केंद्रीय अनुमंडल आहुति रंजन के द्वारा कार्यक्रम को संचालित किया गया। इस दौरान अगले वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए लक्ष्य प्राप्ति हेतु कई निर्देश दिए गये। पिछले वित्तीय वर्ष में खाता खोलने में डोइयां शाखा डाक घर (कोचस) का प्रथम स्थान रहा। वहीं डाक जीवन बीमा में अशोक कुमार सिंह शाखा डाक पाल डढाव का प्रथम स्थान रहा एवं आर्टिकल बुकिंग में नंदन पटेल शाखा डाक पाल दीघिटा का प्रथम स्थान रहा व द्वितीय स्थान मथुरा सिंह शाखा डाक पाल बड़की महुली का रहा। मौके पर केंद्रीय अनुमंडल सासाराम के सभी ग्रामीण डाक सेवक, अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवक संघ के परिमण्डलीय सचिव मथुरा सिंह, डाक सर्वेक्षक अशोक सिंह, बिजेंद्र शर्मा, मंडलीय कार्यालय के सोनू पाण्डेय व दिनेश सिंह समाजसेवी इत्यादि उपस्थित थे।

जनता दरबार आयोजित, 80 मामले आए सामने

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बिक्रमगंज (रोहतास)। अनुमंडल पदाधिकारी, बिक्रमगंज द्वारा शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में 'सबका सम्मान-जीवन आसान' कार्यक्रम के तहत जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। जनता दरबार में अनुमंडल क्षेत्र के बड़ी संख्या में नागरिक अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे। इस दौरान कुल 80 परिवादियों ने अपनी समस्याएं एसडीओ के समक्ष रखीं। प्राप्त आवेदनों में सबसे अधिक 48 मामले राशन कार्ड से जुड़ी समस्याओं के रहे। इसके अलावा 19 मामले भूमि विवाद से संबंधित थे जबकि 13 अन्य श्रेणी के मामले सामने आए। अनुमंडल पदाधिकारी ने प्रत्येक परिवादी की समस्या को गंभीरता से सुना और उनके आवेदन पत्रों पर तत्काल संज्ञान लिया। सभी मामलों के शीघ्र निष्पादन के लिए संबंधित कार्यालयों एवं पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। एसडीओ ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि प्राप्त आवेदनों का समयबद्ध तरीके से निपटारा किया जाए ताकि लोगों को अनावश्यक परेशानी न हो। जनता दरबार में आए नागरिकों ने इस पहल की सराहना की। लोगों का कहना था कि इस तरह के आयोजन से प्रशासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित होता है और छोटी-बड़ी समस्याओं का समाधान आसानी से हो जाता है। प्रशासन की ओर से बताया गया कि 'सबका सम्मान-जीवन आसान' के तहत नियमित रूप से जनता दरबार का आयोजन किया जाएगा जिससे शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और आम जन के जीवन को आसान बनाया जा सके।

विद्युत चोरी की प्राथमिकी

डिहरी ऑन-सोन (नबिटा ब्यूरो)। थाना क्षेत्र के न्यू डिलिया में रुकमणी देवी को विद्युत चोरी की प्राथमिकी किया गया है। पुलिस के अनुसार इन पर 18048 रुपये बकाया के कारण पूर्व से लाइन कटा था।

पूर्व रेलवे

खुली निविदा सूचना सं.: टीआरडी-डब्ल्यूसी-टी-2026-27-08, दिनांक: 14.05.2026, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन-713301 द्वारा अपेक्षित निविदाकारों जिनके पास वैध विद्युत ठेकेदार का लाइसेंस एवं सुपरवाइजरी लाइसेंस है और निम्नलिखित कार्य को पूरा करने में वित्तीय रूप से सक्षम हैं, से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **निविदा केस सं. :टीआरडी-डब्ल्यूसी-टी-2026-27-08, कार्य का नाम:** चिनपाई (सीपीएलई) स्टेशन पर पूर्ण लंबाई की यार्ड लाइन का प्रावधान। **निविदा मूल्य :** रु. 2,97,38,658.22, **बयाना राशि:** रु. 5,94,800/-, **कार्य की समापन अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 12 (बारह) माह। **कार्य के लिए प्रस्ताव की वैधता:** खुलने की तिथि से 60 दिन। **खुलने की तिथि और समय :** दिनांक 26.06.2026 को 15.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है।

ASN-85/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

सभापति अवधेश नारायण सिंह ने केसरी देवी को दी श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

डिहरी ऑन-सोन। बिहार विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने भाजपा नेता तारबंगला निवासी प्रकाश गोस्वामी की माता स्वर्गीय केसरी देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्वर्गीय केसरी देवी धर्मपरायण महिला थीं। वे पीरो भाजपा मंडल के पूर्व अध्यक्ष उमा नाथ गोस्वामी की पत्नी थीं तथा सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में उनकी विशेष रुचि रहती थी। श्रद्धांजलि सभा में अपर निर्वाचन पदाधिकारी संतोष कुमार, वैशाली एडीएम आरडी राम, पूर्व विधायक सत्यनारायण सिंह, प्रमोद कुशवाहा, संजय सिंह बालाजी, राधा शांता कॉलेज के प्राचार्य अशोक सिंह, जवाहरलाल नेहरु कालेज एस के ओझा, अरविंद भारती, पंकज कुमार गुप्ता, कुंवर सिंह, संजय गुप्ता, शकुंतला सिंह, अनुज कुशवाहा, कृष्णा तिवारी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

नेशनल सीनियर सिटीजन एसोसिएशन के जिला कार्यालय का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

सासाराम। नेशनल सीनियर सिटीजन एसोसिएशन रोहतास के जिला कार्यालय का सराय, सासाराम में उद्घाटन संगठन के राष्ट्रीय महासचिव रामायण पांडेय एलोन के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ।

दावथ प्रखंड मुख्यालय : आधी सदी से हाई स्कूल के इंतजार में

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

विक्रमगंज/दावथ (रोहतास)। दावथ अनुमंडल क्षेत्र का एकमात्र प्रखंड मुख्यालय है जहां आज तक हाई स्कूल नहीं है। यह स्थिति तब है जब सरकार हर पंचायत में प्लस टू विद्यालय और प्रखंड स्तर पर डिग्री कॉलेज खोल रही है। 50 वर्ष से अधिक समय बीत गया, लेकिन दावथ में बच्चों के लिए सरकारी हाई स्कूल की व्यवस्था नहीं हो पाई। यह विषय प्रशासन के लिए विचारणीय और ग्रामीणों के लिए गंभीर चिंता का कारण बना हुआ है। स्थानीय समाजसेवियों और राजनीतिक दलों ने कई बार आंदोलन किया और मांग उठाई। मगर न तो शिक्षा विभाग ने इस पर ध्यान दिया और न ही स्थानीय विधायक व सांसद ने गंभीरता दिखाई। ग्रामीणों का कहना है कि मध्य विद्यालय दावथ में पर्याप्त कमरे उपलब्ध हैं। सरकार ने अन्य जगहों पर मध्य विद्यालयों को अपग्रेड कर हाई स्कूल और प्लस टू में बदला है। दावथ में भी यही किया जा सकता है। हैरानी की बात है कि प्रखंड के सभी कार्यालय विद्यालय के नजदीक स्थित हैं, फिर भी प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा। जिला स्तर के अधिकारी भी इस मामले में उदासीन हैं। ग्रामीणों ने कई बार समाचार पत्रों और विभाग के माध्यम से अपनी मांग रखी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। स्थानीय समाजसेवी मनोज कुमार सिंह गांधी,सत्यनारायण प्रसाद गुप्ता, सनोज तिवारी, नंदबिहिरी सिंह, सरपंच विजय बहादुर सिंह, पूर्व मुखिया चंद्रमा सिंह ने कहा कि जब कमरे पर्याप्त हैं और मध्य विद्यालय प्रखंड मुख्यालय के पास है तो सरकार को इसे अपग्रेड कर हाई स्कूल बनाने में कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। अभी बच्चों को पढ़ाई के लिए 6 किलोमीटर दूर जाना पड़ता है। स्कूल बनने से उनकी परेशानी दूर हो जाएगी। ग्रामीण जल्द कार्रवाई की मांग कर रहे हैं ताकि बच्चों को घर के पास ही बेहतर शिक्षा मिल सके।

पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा

आवश्यक सूचना

(चोरी की गई स्पलेण्डर प्लस मोटरसाईकिल रंग-ब्लैक सिल्वर)

गढ़वा थाना कांड सं0-180/2026 दिनांक-13.03.26 धारा-303(2) बी0एन0एस0 में चोरी की गयी स्पलेण्डर प्लस मोटरसाईकिल (रंग-ब्लैक सिल्वर) जिसका रजी0 नं0-JHO3AC7151, चेचिस न0-MBLHAW123LHL09602 इंजन नं0-HA11EYLHL09602 का अज्ञात चोर के द्वारा दिनांक-06.03.2026 को चोरी कर लिया गया है। जिसकी बरामदगी अबतक नहीं हो पाई है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त चोरी की गयी वाहन के बारे में किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना किसी व्यक्ति को प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0-9431706284, या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0-9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक, गढ़वा

PR 379952 Police(26-27)#D

कार्यालय, असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा

आवश्यक सूचना

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अन्तर्गत विज्ञापन संख्या-02/2025-26 के आलोक में उपायुक्त-सह-अध्यक्ष, जिला स्वास्थ्य समिति, गढ़वा के निदेशानुसार औपबंधिक रूप से चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति से संबंधित मूल प्रमाण-पत्रों का सत्यापन के पश्चात् औपबंधिक नियुक्ति पत्र वितरण किया जाना है।

चयनित उम्मीदवार जिन्होंने अपने मूल प्रमाण-पत्रों का सत्यापन करा लिया है वे दिनांक-21.05.2026 (गुरूवार) को प्रातः 10:00 बजे से सिविल सर्जन कार्यालय, गढ़वा के सभाकक्ष में औपबंधिक नियुक्ति पत्र प्राप्त करेंगे।

ह0/-
असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा।

PR.NO.379945 Health Med Edu and Family Welfare(26-27):D

कार्यालय -अधीक्षक, मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल, पलामू

Email- supt.pmchpalamu@gmail.com

निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा संख्या 01/2026-2027

मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल, पलामू अंतर्गत अधीक्षक , मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल, पलामू हेतु बाहयश्रोत से हाउसकीपिंग एवं लॉन्डी सर्विस प्रदान करने के लिए ऐजेंसी के चयन हेतु निविदा दिनांक 22.06.2026 के अपराहन 05.00 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। विवरण इस प्रकार है :-

	विवरण	
01.		
02.	निविदा का हार्ड कापी कार्यालय में प्राप्ति की अंतिम तिथि	दिनांक 22.06.2026 के अपराहन 05.00 बजे तक
03.	निविदा खोलने का स्थान/तिथि /समय	अधीक्षक, एम0एम0सी0एच0 का प्रकोष्ठ/ 24.06.2026/ अपराहन 03.00 बजे
04.	अग्रधन की राशि ONLINE	रु 300000.00 (तीन लाख) मात्र Refundable
05.	निविदा आमंत्रण करने वाले का नाम एव पता	अधीक्षक, मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल , पलामू

उक्त निर्धारित स्थान एवं समय पर खोलने समय निविदादाता अथवा उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं। निविदाओं के तकनीकि भाग के सफल निविदादाता का ही वितीय भाग खोला जाएगा।

निविदा की शर्त्त आदि की जानकारी https://jharkhandtenders.gov.in पर देखा /डाउनलोड किया जा सकता है।

अधीक्षक
मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल,
पलामू।

PR 379921 District(26-27)D

एक नजर

नगरनौसा में सुधा दूध कॉर्नर का उद्घाटन

नगरनौसा(नालंदा)। नगरनौसा प्रखंड कार्यालय के गेट पर सुधा दूध कॉर्नर का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख रंजु कुमारी ने किया। इस मौके पर उन्होंने बताया कि सुधा बूथ कॉर्नर में सुधा उत्पाद से जुड़े दूध, दही, पनीर, लस्सी, पेड़ा समेत सभी प्रकार के उत्पाद उचित दाम पर मिलेगा। अब सुधा निर्मित उत्पाद की खरीद के लिए लोगों को अन्य जगह नहीं जाना पड़ेगा।इस मौके पर बीडीओ ओमप्रकाश, सीओ सत्येंद्र,संचालक निधि कुमारी,संजय कुमार मार्किट इंचार्ज कुंदन कुमार,विशाल कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

बाल मेला का आयोजन

नगरनौसा(नालंदा)। नगरनौसा प्रखंड के कैला पंचायत अंतर्गत मध्य विद्यालय लोदीपुर में बाल मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रखंड प्रमुख रंजु कुमारी ने किया। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाध्यापक एवं शिक्षक अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बच्चे ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। बाल मेला में खेल का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। इस मौके पर प्रधानाध्यापक अरविंद कुमार, आंगनबाड़ी सेविका रंजना सिन्हा आदि उपस्थित थे।

स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर ढंग से संचालित करने का लिया संकल्प

कौआकोल। बिहार चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ, कौआकोल के बैनर तले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कौआकोल परिसर में मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता संघ अध्यक्ष विनय कुमार ने की। बैठक में संघ के विभिन्न संगठनात्मक एवं कर्मचारियों से जुड़ी समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई। मौके पर महामंत्री जुली कुमारी, उपाध्यक्ष मृदुला कुमारी, संयुक्त मंत्री अभिजीत आनंद, कोषाध्यक्ष आशा कुमारी सहित संघ से जुड़े कर्मचारी एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों की कार्य स्थिति, विभागीय समस्याएं, सेवा से संबंधित मुद्दे तथा संगठन को मजबूत बनाने पर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही सभी कर्मियों ने आपसी समन्वय बनाकर स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर ढंग से संचालित करने का संकल्प लिया। अंत में अध्यक्ष ने सभी सदस्यों को संगठन की एकजुटता बनाए रखने एवं जनहित में बेहतर स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने का आह्वान किया।

हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

कौआकोल। प्रखंड क्षेत्र के जोरावरडीह गांव में श्री हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा एवं तीन दिवसीय पूजा-अर्चना कार्यक्रम के समापन के अवसर पर गुरुवार की रात्रि भव्य दुगोला सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ी और देर रात तक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आनंद लिया गया। आयोजित दुगोला कार्यक्रम में जहानाबाद से पहुंचे व्यास सुजीत हलचल एवं दाउदनगर (औरंगाबाद) के प्रसिद्ध कलाकार किरण बेदर्दी ने अपने गायन व सांस्कृतिक प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।।कलाकारों के बीच हुए सांस्कृतिक मुकाबले ने कार्यक्रम को खास आकर्षण प्रदान किया। कार्यक्रम के समापन पर उपप्रमुख अनन्त कुमार उर्फ नवीन यादव तथा विश्व हिन्दू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष राजीव कुमार ने संयुक्त रूप से विजेता कलाकारों को शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर स्थानीय ग्रामीण प्यारे मंडल,शिवशंकर मंडल,पंकज कुमार सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान श्रद्धा,उत्साह एवं सांस्कृतिक माहौल देखने को मिला।

आइजी विकास वैभव ने लिया पुलिस पर हमला मामले का जायजा

नारदीगंज (नवादा)। थाना क्षेत्र के केशौरिया गांव में एएसआई नागेन्द्र कुमार पर बालू माफिया के द्वारा हमले का जायजा मगध प्रक्षेत्र के आईजी विकास वैभव ने गुरुवार को देर शाम को गांव पहुंच कर जायजा लिए। उसके बाद विधि व्यवस्था को संधारण करने समेत अन्य निर्देश पुलिस पदाधिकारी को दिए। उन्होंने निरीक्षण के बाद इस घटना को गम्भीरता से लेते हुए सम्बंधित पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि अवैध खनन व परिवहन, पुलिस पर हमला तथा संगठित आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त तत्वों के विरुद्ध कठोर व प्रभावी कार्रवाई की जाय। कहा कि अवैध बालू खनन के नेटवर्क, उससे जुड़े आर्थिक व आपराधिक तंत्र के संरक्षण देने वालों को भी नहीं बख्शा जाएगा। मौके पर एसपी अभिनव धीमान, एसडीपीओ राहुल कुमार, थानाध्यक्ष आदित्य कुमार समेत अन्य उपस्थित रहे।

चोरी की मोटरसाइकिल बरामद

रजौली। रजौली पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर भौर गांव से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की है,जो अवैध शराब के कारोबार में इस्तेमाल के लिए बाइक को छिपाकर रखा गया था। साथ ही पुलिस ने दो आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया है। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि एएसआई जयप्रकाश चौधरी पुलिस बलों के साथ गश्ती पर थे। इसी दौरान सूचना मिली कि भौर गांव निवासी केदार सिंह के घर के बथान में चोरी की मोटरसाइकिल छिपाकर रखी गई है। सूचना के अनुसार केदार सिंह के नाती सिरदला थाना क्षेत्र के रवियो गांव निवासी छोटेलाल राम के पुत्र बिक्रम कुमार ने बाइक छिपाई है। चोरी के बाइक का उपयोग बिक्रम और उसका सहयोगी भौंर गांव निवासी मनोज यादव के पुत्र जेपी कुमार मिलकर शराब का अवैध कारोबार के लिए करते हैं। बिना नंबर प्लेट की काले-लाल रंग की अपाची मोटरसाइकिल बरामद हुई। केदार सिंह बाइक से संबंधित कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर सके। विधिवत जब्ती सूची बनाकर बाइक को जब्त कर थाना लाया गया। थाना परिसर में पॉश मशीन से चेचिस नंबर की जांच करने पर बाइक चोरी की पाई गई। इसका रजिस्ट्रेशन नंबर बीआर46आर5763 है। चोरी के बाइक की जब्ती को लेकर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। प्राथमिकी दर्ज किए जाने के बाद अनुसंधान के क्रम में पीटीसी उपेंद्र कुमार ने पुलिस बलों के सहयोग से बाइक चोरी में शामिल दो अभियुक्तों भौंर गांव निवासी मनोज प्रसाद के पुत्र जेपी कुमार और महेंद्र यादव के पुत्र चंदन कुमार को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष ने कहा कि गिरफ्तार अभियुक्तों को शुक्रवार को मेडिकल जांच के बाद न्यायायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

कोसुक रिवर फ्रंट से बदलेगी बिहारशरीफ की तस्वीर : श्रवण कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिहारशरीफ। बिहारशरीफ नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या-49 में निर्माणाधीन कोसुक रिवर फ्रंट का निरीक्षण बिहार सरकार के ग्रामीण विकास एवं सूचना जनसंपर्क मंत्री श्रवण कुमार एवं सांसद कौशलेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान मंत्री ने अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण एवं समय पर कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि कोसुक रिवर फ्रंट पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का ड्रीम प्रोजेक्ट है। यह सिर्फ सौंदर्यीकरण की योजना नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण,

पर्यटन विकास और स्थानीय रोजगार को बढ़ावा देने वाला महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट है। उन्होंने कहा कि रिवर फ्रंट बनने से बिहारशरीफ की पहचान और अधिक मजबूत होगी तथा लोगों को घूमने-टहलने के लिए आकर्षक स्थल मिलेगा। मंत्री ने कहा कि घाट, वॉक-वे, हरियाली और आधुनिक लाइटिंग से यह क्षेत्र लोगों के आकर्षण का केंद्र बनेगा। साथ ही स्थानीय व्यवसाय और किसानों को भी इसका लाभ मिलेगा। सांसद कौशलेंद्र कुमार ने कहा कि कोसुक रिवर फ्रंट आने वाले समय में बिहारशरीफ और नालंदा जिले के लोगों के लिए वरदान साबित होगा। इससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और शहर का विकास नई गति पकड़ेगा। मौके पर गुलरेज अंसारी, डॉ. धनंजय कुमार देव, संजय कुशवाहा, अरुण वर्मा, मुन्ना कुमार, सचिन पटेल, अमित कुमार, रविंद्र कुशवाहा, जयंत शर्मा, रामवृक्ष प्रसाद सहित कई लोग मौजूद रहे।

रजौली की बेटी भूमिका बनी पटना जिला टॉपर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रजौली। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा घोषित 12वीं के परीक्षा परिणाम में रजौली की बेटी भूमिका ने वाणिज्य संकाय में 98.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पटना जिला टॉपर बनने का गौरव हासिल किया है। भूमिका की इस शानदार सफलता से पूरे परिवार और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। परिजन मिठाई बांटकर खुशी का इजहार कर रहे हैं। भूमिका टकुआटांड़ निवासी पूर्व मुखिया सह समाजसेवी दिवंगत महादेव यादव की पौत्री तथा रजौली पूर्वी पंचायत के मुखिया संजय यादव की द्वितीय पुत्री हैं। बेटी की उपलब्धि पर पिता संजय यादव ने कहा कि भूमिका ने कठिन मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया है। उन्होंने बेटी के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि वह आगे

भी इसी तरह मेहनत कर प्रखंड, जिला और राज्य का नाम रोशन करे। भूमिका ने अपनी सफलता का श्रेय कठिन परिश्रम, माता-पिता के सहयोग और गुरुजनों के मार्गदर्शन को दिया। उसने कहा कि नियमित अध्ययन और आत्मविश्वास के बल पर यह सफलता संभव हो सकी। भूमिका की इस उपलब्धि पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों और ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

ऑपरेशन मुस्कान के तहत 37 मोबाइल बरामद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिहारशरीफ। 'ऑपरेशन मुस्कान' अभियान के तहत इस्लामपुर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कुल 37 खोए एवं चोरी हुए मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक मालिकों को सौंप दिया। बरामद किए गए मोबाइल फोन की कुल कीमत लगभग 6 लाख 20 हजार रुपये बताई जा रही है। लंबे समय बाद अपने मोबाइल वापस मिलने पर लोगों के चेहरे खुशी से खिल उठे और उन्होंने नालंदा पुलिस के प्रति आभार जताया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि ऑपरेशन मुस्कान के तहत लगातार तकनीकी अनुसंधान एवं विशेष अभियान चलाकर खोए और चोरी हुए मोबाइल फोन की तलाश की जा रही है। इसी क्रम में इस्लामपुर थाना पुलिस ने विभिन्न स्थानों से मोबाइल बरामद कर उनके असली धारकों तक पहुंचाया। नालंदा पुलिस ने कहा कि आमजनों की सुरक्षा और सहायता के लिए पुलिस सदैव तत्पर है।

महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिहारशरीफ। राजकीय मलमास मेला 2026 के अवसर पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों एवं आपदा मित्रों के द्वारा उनके कर्तव्यों एवं दायित्वों को ससमय निर्वहन हेतु जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने ब्रीफिंग किया। ब्रीफिंग के क्रम में मुख्य रूप से मेला क्षेत्र में विधि-व्यवस्था, आपदा प्रबंधन एवं आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने हेतु संबंधित पदाधिकारियों के द्वारा मॉक ड्रिल भी किया गया। आगामी मलमास मेला का आयोजन 17 मई से 15 जून तक कार्यक्रम राजगीर में निर्धारित है, इस अवसर पर आस्था के साथ भारी तादाद में ब्रह्म कुंड में स्नान करने लिए लोग यहां दूर-दूर से पहुंचते हैं। बैठक में राजकीय मलमास मेला 2026 के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा, यातायात नियंत्रण, भीड़ प्रबंधन, पार्किंग व्यवस्था,

चिकित्सा सुविधा, पेयजल, स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था, अग्निशमन, आपदा प्रबंधन तथा संचार व्यवस्था सहित विभिन्न प्रशासनिक बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

जिलाधिकारी ने सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि मेले के दौरान अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का निर्वहन पूर्ण सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ सुनिश्चित करेंगे, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। सभी पुलिस पदाधिकारियों को संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखने, असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर बनाए रखने तथा महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का उन्होंने निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मेला क्षेत्र में पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की जाएगी तथा सीसीटीवी कैमरों एवं ड्रोन के माध्यम से भी निगरानी की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। बैठक के दौरान आपदा मित्रों एवं राहत-बचाव दलों को संभावित आपातकालीन परिस्थितियों जैसे भगदड़, आग लगने, जल दुर्घटना एवं अन्य प्राकृतिक अथवा मानवीय आपदाओं से निपटने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसके उपरांत आयोजित मॉक ड्रिल में राहत एवं बचाव कार्यों का व्यवहारिक प्रदर्शन किया गया, जिसमें आपदा मित्रों, पुलिस बल, स्वास्थ्य विभाग एवं अग्निशमन दल ने समन्वित रूप से भाग लिया। जिलाधिकारी ने कहा कि राजकीय मलमास मेला नालंदा जिले की धार्मिक एवं सांस्कृतिक पहचान का महत्वपूर्ण आयोजन है। प्रशासन की प्राथमिकता श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा एवं सुगम आवागमन सुनिश्चित कराना है। इसके लिए सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए कार्य किए जा रहे हैं। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के वरीय अधिकारी, दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में आपदा मित्र आदि उपस्थित थे।

सामूहिक प्रयास से ही मिटेगा बीमारियों का अंधेरा : बीडीओ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रजौली (नवादा)। रजौली प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित सभागार शुक्रवार को एक ऐसी संकल्पबद्धता का गवाह बना, जहां नन्हे बच्चों के स्वास्थ्य और उनके सर्वांगीण विकास के लिए सरकारी तंत्र और समाज के मार्गदर्शक एक साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े नजर आए। प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीव कुमार झा की अध्यक्षता में आयोजित इस गरिमामयी बैठक का मुख्य केंद्र 'जीरो डोज अभियान' को शत-प्रतिशत सफल बनाना रहा, जिसमें बीडीओ ने बेहद आत्मीयता और गंभीरता के साथ इस बात पर जोर दिया कि समाज का कोई भी नवजात बच्चा टीकाकरण के सुरक्षा कवच से वंचित न रह जाए। इस महत्वपूर्ण विमर्श में विकास मित्रों और शिक्षा सेवकों की कर्मठता के साथ-साथ विभिन्न धर्मगुरुओं की प्रेरक उपस्थिति ने अभियान को एक सामाजिक आंदोलन का रूप दे दिया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि जीरो डोज का मूल उद्देश्य केवल सुई लगाना नहीं, बल्कि हर घर में स्वास्थ्य के प्रति चेतना का दीप जलाना है, ताकि समय पर टीकाकरण के माध्यम से बीमारियों को जड़ से मिटाया जा सके। उन्होंने उपस्थित सभी प्रतिनिधियों से भावुक अपील की कि वे अपने क्षेत्रों में एक सजग प्रहरी की भूमिका निभाएं और उन बच्चों को चिन्हित कर मुख्यधारा से जोड़ें जो अब तक किसी कारणवश इस सुरक्षा चक्र से बाहर हैं।इस महत्वपूर्ण रणनीति बैठक में प्रशासनिक एकजुटता की एक अनूठी तस्वीर तब दिखी जब बीपीआरओ हरिमोहन कुमार, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राकेश कुमार, सीडीपीओ सीता कुजूर और प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक रविचंद्र प्रसाद जैसे अधिकारियों ने एक स्वर में इस मिशन को धरातल पर उतारने का संकल्प लिया। अभियान की तकनीकी बारीकियों और इसकी संवेदनशीलता को साझा करते हुए पीसीआई के जिला समन्वयक कुमार अभिषेक और ब्लॉक समन्वयक पंकज कुमार ने विस्तृत जानकारी दी कि कैसे एक छोटा सा प्रयास किसी बच्चे के जीवन को अपंगता और गंभीर बीमारियों से बचा सकता है। वहीं, समाज में गहरा प्रभाव रखने वाले धार्मिक गुरुओं ने भी बड़ी सहृदयता के साथ इस मुहिम का समर्थन किया और विश्वास दिलाया कि वे अपनी वाणी और प्रभाव से भ्रांतियों को दूर कर लोगों को स्वास्थ्य केंद्रों तक पहुंचाने में पूर्ण सहयोग करेंगे। पूरी चर्चा के दौरान यह भाव स्पष्ट रहा कि जब शिक्षा, प्रशासन और धर्म का संगम होता है, तो लक्ष्य की प्राप्ति सुनिश्चित हो जाती है।

आमजनों की समस्याओं का डीएम ने किया निराकरण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नवादा। बिहार सरकार के सात निश्चय-3 के सातवें निश्चय "सबका सम्मान-जीवन आसान" का मुख्य उद्देश्य राज्य के सभी नागरिकों के दैनिक जीवन में आने वाली कठिनाइयों को कम कर उनके जीवन को अधिक सरल, सहज एवं सम्मानजनक बनाना है। इस निश्चय के अंतर्गत यह सुनिश्चित किया गया है कि आमजनों को सरकारी कार्यालयों से संबंधित कार्यों के निष्पादन में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उक्त उद्देश्य की प्राप्ति हेतु प्रत्येक सप्ताह सोमवार एवं शुक्रवार को जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई की व्यवस्था लागू की गई है। जिलाधिकारी रवि प्रकाश के निर्देशानुसार जिले के ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तर के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई का आयोजन किया गया, जिसमें आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना

गया तथा उनके त्वरित एवं प्रभावी निष्पादन हेतु आवश्यक कार्रवाई की गई। जिला स्तर पर जनसुनवाई का आयोजन जिलाधिकारी नवादा रवि प्रकाश की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में किया गया। इस जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों द्वारा कुल 55 शिकायतें दर्ज कराई गई। कार्यक्रम के दौरान जिला पदाधिकारी द्वारा कई शिकायतों का ऑन-द-स्पॉट निष्पादन किया गया, जबकि शेष मामलों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को जाँचोपरांत आवश्यक कार्रवाई हेतु अग्रसारित किया गया। जनसुनवाई के दौरान थाना नवादा सदर, ग्राम गोनावां के रवि रौशन द्वारा स्वतंत्रता सेनानी से संबंधित परिचय पत्र के संबंध में, थाना हिसुआ, ग्राम हादसा के मेधन चौहान द्वारा चापाकल लगाने के संबंध में, थाना नरहट, ग्राम बड़ी पाली के ओमप्रकाश सिंह द्वारा जमीन मापी के संबंध में तथा थाना नरहट, ग्राम हसनपुरा के छोटे राजवंशी द्वारा मारपीट से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किया गया। इसके अतिरिक्त अन्य परिवादियों द्वारा भी विभिन्न प्रकार की शिकायतें दर्ज कराई गईं। जिलाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को सभी मामलों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं नियमानुसार निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इसी क्रम में अपर समाहर्ता, नवादा सदर एवं रजौली अनुमंडल सहित जिले के ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तर के सभी सरकारी कार्यालयों में भी जनसुनवाई का आयोजन किया गया।

नालंदा कॉलेज में पक्षी मित्र अभियान की शुरुआत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बिहारशरीफ। एनएसएस नालंदा कॉलेज के द्वारा एसएफडी के सहयोग से बढ़ती गर्मी में पक्षियों को दाना पानी में कठिनाई ना हो इसके लिए परिसर में पक्षी मित्र अभियान चलाया गया। प्राचार्या प्रो सुनीता सिन्हा ने सकोरा में पानी भरकर सभी से आहवाहन किया कि इस अभियान से हम सभी को जुड़ना चाहिए। पक्षियों के लिए यह समय काफी मुश्किल भरा होता है। दरअसल, शहर में नदी, तालाब पोखर न के बराबर हैं। ऐसे में पक्षियों के लिए अपनी प्यास बुझाना आसान नहीं है। इन हालातो में प्रतिवर्ष गर्मी के सीजन में सैकड़ों पक्षी भूख -प्यास से तड़पकर इस दुनिया को अलविदा कह देते हैं। पक्षियों की इसी परेशानी को दूर करने के लिए कॉलेज हर साल पक्षी मित्र अभियान चलाता है। एनएसएस पदाधिकारी डॉ बिनीत लाल ने छात्रों के साथ साथ आम लोगों से अपील की कि वे अपने घरों की छत या आसपास के पेड़ों पर मिट्टी के बर्तन में पानी अवश्य रखें, ताकि पक्षियों को जीवन मिल सके व पर्यावरण संतुलन बना रहे. उन्होंने कहा कि पर्यावरण की रक्षा करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है व छोटे-छोटे प्रयास भी बड़ा बदलाव ला सकते हैं। भूगोल विभाग की डॉ प्रीति रानी ने कहा कि हमारा दायित्व समझ कर पक्षियों के लिए परिण्डा बांधने चाहिए ताकि पक्षियों को दाना-पानी आसानी से उपलब्ध हो सके।

महासंयोग : 42 वर्षों बाद वट सावित्री और शनि जयंती का दुर्लभ मिलन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रजौली (नवादा)। आध्यात्मिक दृष्टि से वर्ष 2026 का ज्येष्ठ मास अत्यंत फलदायी और ऐतिहासिक होने जा रहा है। स्कंद पुराण और ज्योतिषीय गणनाओं के अनुसार इस बार प्रकृति के संरक्षण का संदेश देने वाला वट सावित्री व्रत और न्याय के देवता शनि देव का जन्मोत्सव यानी शनि जयंती एक ही दिन 16 मई 2026, शनिवार को मनाए जाएंगे। हरिद्वार स्थित पंचायती अखाड़ा निरंजनी के महामंडलेश्वर और श्री 1008 बगलामुखी पीठाधीश्वर स्वामी वेदमूर्ति गिरि जी महाराज जिनका जन्मस्थान रजौली की पावन भूमि रही है,उनके अनुसार बताया गया कि यह अद्भुत संयोग पूरे 42 वर्षों के बाद बन रहा है, जिसमें ग्रह-नक्षत्रों की स्थिति भक्तों के लिए अनंत फलदायी सिद्ध होगी। इस विशिष्ट दिन पर किए गए अनुष्ठान, दान-पुण्य और पूजन से साधक की समस्त मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

सावित्री की दृढ़ता और वट वृक्ष की दिव्यता का संगम

निर्णयामृतादि शास्त्रों के अनुसार सुहागन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु और सुखद वैवाहिक जीवन की कामना के लिए ज्येष्ठ अमावस्या को यह कठिन व्रत रखती हैं। पौराणिक कथा हमें उस कालखंड की याद दिलाती है जब पतिव्रता सावित्री ने अपनी सूझबूझ और भक्ति के बल पर यमराज के हाथों से अपने पति सत्यवान के प्राण वापस छीन लिए थे। स्वामी वेदमूर्ति गिरि जी महाराज बताते हैं कि वट वृक्ष का महत्व शास्त्रों में 'मूले ब्रह्मा, त्वचा विष्णु, शाखा शिव' के रूप में वर्णित है, जिसका अर्थ है कि बरगद की जड़ में ब्रह्मा, छाल में विष्णु, टहनियों में महादेव और इसके प्रत्येक पत्ते में समस्त देवी-देवताओं का वास होता है। इसी कारण वट वृक्ष के नीचे बैठकर पूजन और कथा श्रवण करने से अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है।

विशिष्ट पूजन विधि और सोलह श्रृंगार का महत्व

इस महापर्व पर सुहागन महिलाओं को सूर्योदय पूर्व स्नान कर नवीन वस्त्र धारण करने चाहिए और पूर्ण सोलह श्रृंगार कर वट वृक्ष के नीचे सावित्री एवं सत्यवान की प्रतिमा स्थापित करनी चाहिए। पूजन में धूप, दीप, रोली और सिंदूर का प्रयोग कर उन्हें लाल वस्त्र अर्पित करना अनिवार्य माना गया है। विशेष परंपरा के अनुसार इस दिन बांस के पंखे से सत्यवान और सावित्री को हवा की जाती है, जो सेवा और समर्पण का प्रतीक है। पूजन के उपरांत बरगद के पत्ते को अपने बालों में धारण करना शुभ माना जाता है। महिलाएं वट वृक्ष के चारों ओर सूत या रोली लपेटते हुए 5, 11, 21, 51 या 108 बार परिक्रमा कर अपने अखंड सौभाग्य की प्रार्थना करती हैं।

यमराज के वरदान और चने के प्रसाद का पौराणिक रहस्य

वट सावित्री व्रत में चने का प्रसाद चढ़ाने के पीछे एक मर्मस्पर्शी कथा छिपी है। जब यमराज सत्यवान के प्राण लेकर जाने लगे, तब सावित्री ने अपने तपोबल से उन्हें प्रभावित कर तीन वरदान मांगे। एक वरदान में सावित्री ने सौ पुत्रों की माता बनने की इच्छा प्रकट की। यमराज ने जैसे ही 'तथास्तु' कहा, सावित्री ने उन्हें तर्क दिया कि एक पतिव्रता नारी अपने पति के बिना माता कैसे बन सकती है। अपनी भूल का आभास होने पर यमराज ने चने के रूप में सत्यवान के प्राण लौटा दिए। सावित्री ने उस चने को सत्यवान के मुख में रखकर जैसे ही फूंका, उनके पति पुनः जीवित हो उठे। इसी स्मृति में आज भी चने का प्रसाद अर्पित करने का विधान है।

भूलवश भी न करें ये गलतियां और प्रकृति संरक्षण का संकल्प

इस पावन अवसर पर कुछ सावधानियां अत्यंत आवश्यक हैं। शास्त्रानुसार पूजन के लिए कभी भी बरगद की जीवित टहनियों को नहीं तोड़ना चाहिए, अन्यथा पूजा निष्फल हो जाती है।

नीतीश कुमार के नाम पर हो पटना का विकास भवन : सोनू कुशवाहा

बिहारशरीफ/नबिटा ब्यूरो। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के जिलाध्यक्ष सोनू कुशवाहा ने बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को पत्र लिखकर राजधानी पटना स्थित विकास भवन का नाम बदलकर पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नाम पर करने की मांग उठाई है। इस मांग को लेकर भेजे गए पत्र में उन्होंने कहा है कि नीतीश कुमार केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि बिहार में विकास और सुशासन के प्रतीक रहे हैं। उन्होंने अपने नेतृत्व और दूरदर्शी सोच से बिहार को पिछड़ेपन, अव्यवस्था और बदहाल व्यवस्था से निकाल कर विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का ऐतिहासिक कार्य किया है। सोनू कुशवाहा ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि नीतीश कुमार के कार्यकाल में बिहार ने हर क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास देखा। चाहे शिक्षा का क्षेत्र हो, स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार हो, सड़क एवं पुल-पुलियों का निर्माण हो या ग्रामीण क्षेत्रों तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाने की बात हो—हर मोर्चे पर बिहार ने नई पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार को एशिया के सबसे बड़े अस्पतालों में शामिल होने वाली स्वास्थ्य सुविधाएं मिलीं, जिससे लाखों गरीब और जरूरतमंद लोगों को बेहतर इलाज का अवसर प्राप्त हुआ। पर्यटन के क्षेत्र में राजगीर जैसे ऐतिहासिक स्थल को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने के लिए ग्लास स्काई ब्रिज जैसी विश्वस्तरीय परियोजनाओं का निर्माण कराया गया, जो आज देश-विदेश के पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। पत्र में आगे कहा गया है कि नीतीश कुमार के शासनकाल में बिहार में सड़कों का व्यापक जाल बिछाया गया। सोनू कुशवाहा ने विश्वास जताया कि राज्य सरकार इस मांग पर गंभीरता से विचार करेगी और बिहार के विकास पुरुष को उचित सम्मान देने का कार्य करेगी।

बिहार में शिक्षा के क्षेत्र में हो रहा व्यापक बदलाव : डॉ. प्रेम कुमार

शिक्षा व्यवस्था को आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण बनाने हेतु उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गया। शिक्षा व्यवस्था को आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण बनाने की दिशा में शुक्रवार को जिला परिषद सभागार में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में बिहार विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने जिले के प्राथमिक, मध्य और उच्च विद्यालयों के प्रधानाचार्यों तथा शिक्षा अधिकारियों के साथ शिक्षा सुधार, डिजिटल सुविधाओं के विस्तार और आधारभूत संरचना को मजबूत करने पर विस्तृत चर्चा की। बैठक को संबोधित करते हुए प्रेम कुमार ने कहा कि बिहार में शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक बदलाव हो रहे हैं। राज्य सरकार विद्यालयों की संख्या बढ़ाने, शिक्षकों की नियुक्ति,

स्मार्ट क्लास, डिजिटल शिक्षा और छात्र-छात्राओं के लिए प्रोत्साहन योजनाओं पर विशेष जोर दे रही है। उन्होंने बताया कि राज्य में लगभग 71 हजार प्राथमिक विद्यालय, 31 हजार मध्य विद्यालय, 6400 माध्यमिक विद्यालय और 3800 उच्च माध्यमिक विद्यालय संचालित है जहां करोड़ों बच्चे शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 'निपुण भारत मिशन' और खेल आधारित शिक्षण पद्धति के माध्यम से प्राथमिक स्तर पर बच्चों की बुनियादी शिक्षा मजबूत की जा रही है। पोशाक, पुस्तक, मध्यान्ह भोजन, छात्रवृत्ति और साइकिल योजना से बच्चों को विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। विद्यालयों में पेयजल, शौचालय, भवन और खेल सामग्री की व्यवस्था भी सुदृढ़ की जा रही है। प्रेम कुमार ने बताया कि मध्य विद्यालयों में कंप्यूटर शिक्षा और स्मार्ट क्लास की शुरुआत की गई है। हजारों विद्यालयों में कंप्यूटर लैब और डिजिटल शिक्षण व्यवस्था स्वीकृत की गई है ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को आधुनिक शिक्षा मिल सके। वहीं पीएम-श्री योजना के तहत सैकड़ों विद्यालयों में स्मार्ट क्लास, विज्ञान प्रयोगशाला और आईसीटी लैब स्थापित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2026 में शिक्षा बजट में 68 हजार करोड़ रुपये से अधिक का प्रावधान किया गया है। नई शिक्षा नीति 2020 के तहत शिक्षा को रोजगारोन्मुख, तकनीकी और व्यवहारिक बनाया जा रहा है। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी कृष्ण मुरारी गुप्ता, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सैयद तारीख सज्जाद, योजना लेखा डीपीओ अनन्या, डीपीओ गौरव राज, शिक्षा प्रतिनिधि राजनंदन गांधी, महेश विद्यार्थी, बीस सूत्री उपाध्यक्ष पप्पू चंद्रवंशी, विराज कुमार और जितेंद्र कुमार सहित कई लोग मौजूद रहे।

गरीबों, दलितों और पिछड़ों की सशक्त आवाज थे ईश्वर चौधरी : डॉ. प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गया। गया के मानपुर स्थित ईश्वर चौधरी हॉल्ट परिसर में आयोजित स्वर्गीय ईश्वर चौधरी के 35वें शहादत दिवस समारोह में बिहार विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें गरीबों, दलितों और पिछड़ों की सशक्त आवाज बताया। सभा को संबोधित करते हुए प्रेम कुमार ने कहा कि ईश्वर चौधरी का संघर्ष, त्याग और समाज के प्रति समर्पण आज भी लोगों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि ईश्वर चौधरी केवल राजनेता नहीं, बल्कि जनभावनाओं के सच्चे प्रतिनिधि थे। उनका पूरा जीवन समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों के उत्थान, सामाजिक न्याय, शिक्षा, ग्रामीण विकास और गरीबों के अधिकारों की लड़ाई को समर्पित



रहा। प्रेम कुमार ने कहा कि सांसद के रूप में ईश्वर चौधरी ने गया सहित पूरे मगध क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। सड़क, सिंचाई, शिक्षा, बिजली, ग्रामीण विकास और सामाजिक समरसता को मजबूत करने में उनकी भूमिका उल्लेखनीय रही। वे समाज के हर वर्ग को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के पक्षधर थे। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे ईश्वर चौधरी के संघर्षमय जीवन से प्रेरणा लेकर समाज और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदीप कुमार चंचल ने की जबकि संचालन नरेंद्र सिंह ने किया। मौके पर कविता कुमारी, शारदा सिंह, अधिवक्ता मुकेश शर्मा, विकास कुमार, संतोष सिंह, अनिल शर्मा, जैनेंद्र सिंह, दीपक कुमार, सतीश सिंह, रामस्वरूप पासवान, मोहन शर्मा, धीरेंद्र धीरू, राजेश मस्तान, प्रमोद चौधरी, राखी सेठ और अमरसेखर सहित कई लोग मौजूद रहे।

आकाशीय बिजली गिरने से मौत, गांव में पसरा मातम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

डोभी/गया जी। डोभी प्रखंड के अंगरा टोला, निमियाटांड़ में आकाशीय बिजली गिरने से एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान सरयू दास (पिता- स्वर्गीय शिबू दास), निवासी निमियाटांड के रूप में की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सरयू दास मंगलवार को अपने घर से बकरी चराने के लिए निकले थे। इसी दौरान अचानक मौसम का मिजाज बदल गया और तेज गर्जना के साथ बारिश शुरू हो गई। तभी आकाशीय बिजली गिरने से वह उसकी चपेट में आ गए जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। इस हादसे के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने बताया कि सरयू दास काफी मेहनती एवं मिलनसार व्यक्ति थे। उनकी असमय मौत से गांव में मातम पसरा हुआ है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को सरकारी सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है।

लापता युवक की ईंट-पत्थर से कूच कर निर्मम हत्या

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बेलागंज। गया जिले के बेलागंज थाना क्षेत्र के शेरपुर गांव में एक युवक की बेरहमी से हत्या कर दी गई। शुक्रवार की सुबह गांव के ही बधार में युवक का शव मिलने के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान शेरपुर निवासी मुकेश कुमार के पुत्र शांतनु कुमार उर्फ बहादुर के रूप में की गई है। शव की स्थिति को देखकर स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश और डर है। बताया जा रहा है कि अपराधियों ने युवक की हत्या ईट पत्थर से कूच दी गई है। घटना स्थल पर बिखरे खून और युवक की हालत देखकर परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। वही इस हत्याकांड के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है।

मगध विश्वविद्यालय में समर्थ पोर्टल के क्रियान्वयन को लेकर बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बोधगया। मगध विश्वविद्यालय, बोधगया अन्तर्गत गणित विभाग के सभागार में आज समर्थ पोर्टल के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एस.पी. शाही ने की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, विभिन्न अंगीभूत एवं संबद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्य, विश्वविद्यालय के अधिकारीगण तथा समर्थ पोर्टल से जुड़े नोडल पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में समर्थ पोर्टल के

क्रियान्वयन की वर्तमान स्थिति, इसकी उपयोगिता तथा बिहार सरकार द्वारा इसे सभी विश्वविद्यालयों में लागू किए जाने के उद्देश्यों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। उपस्थित पदाधिकारियों को बताया गया कि समर्थ पोर्टल उच्च शिक्षा संस्थानों के प्रशासनिक एवं शैक्षणिक कार्यों को डिजिटल एवं पारदर्शी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से जानकारी दी गई कि मगध विश्वविद्यालय में समर्थ पोर्टल के कुल 44 मॉड्यूल में से अब तक 9 मॉड्यूल सफलतापूर्वक लागू किए जा चुके हैं। कुलपति के दिशा-निर्देशानुसार अब 10वां मॉड्यूल, जो नामांकन प्रक्रिया से संबंधित है, वर्ष 2026 से पूर्णतः समर्थ पोर्टल के माध्यम से संचालित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय में पेरोल, सैलरी, पेंशन, आरटीआई, फ्लीट मैनेजमेंट सहित अन्य कई मॉड्यूल भी लागू किए जा चुके हैं। बैठक में यह भी बताया गया कि समर्थ पोर्टल के माध्यम से विश्वविद्यालय की कार्यप्रणाली अधिक पारदर्शी, जवाबदेह एवं सुगम बनेगी। साथ ही विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को विभिन्न सेवाओं का लाभ ऑनलाइन एवं समयबद्ध तरीके से उपलब्ध हो सकेगा। कुलपति ने सभी प्राचार्यों, विभागाध्यक्षों एवं विश्वविद्यालय पदाधिकारियों से आह्वान किया कि वे समर्थ पोर्टल के सफल क्रियान्वयन में अपने दायित्वों का गंभीरतापूर्वक निर्वहन करें, ताकि बिहार सरकार की यह महत्वाकांक्षी योजना राज्य के सभी विश्वविद्यालयों में प्रभावी रूप से लागू की जा सके। महत्वपूर्ण बैठक में विश्वविद्यालय के सभी विभागाध्यक्ष, प्राचार्य, नोडल पदाधिकारी एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारी सक्रिय रूप से उपस्थित रहे।

मगध विश्वविद्यालय में पर्यावरण संरक्षण का संकल्प, एनएसपीसी पोस्टर का विमोचन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बोधगया। मगध विश्वविद्यालय के जंतु विज्ञान एवं बायोटेक्नोलॉजी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित विशेष कार्यक्रम के दौरान 'नेशनल स्टूडेंट्स पर्यावरण कंपटीशन' के पोस्टर का भव्य विमोचन किया गया। यह कार्यक्रम शैक्षणिक सत्र 2024-26 के विद्यार्थियों के स्वागत एवं विदाई समारोह के बीच आयोजित हुआ जिसकी शुरुआत पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन एवं विश्वविद्यालय के कुलगीत से हुई। समारोह में आए अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र प्रदान कर किया गया।

युवाओं से पर्यावरण बचाने की अपील

कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित दक्षिण बिहार के राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के युवा शक्ति सह-प्रमुख एवं हरित विस्तारक प्रिंस कुमार ने एनएसपीसी की विस्तृत जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि यह राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता 15 जुलाई से 15 सितंबर तक आयोजित की जाएगी जिसका उद्देश्य छात्रों के बीच पर्यावरण के प्रति जागरूकता पैदा करना है। उन्होंने युवाओं से इस अभियान का हिस्सा बनने का आह्वान किया।

वैश्विक संकट है पर्यावरण ह्रास: डॉ. दिलीप केशरी

बायोटेक्नोलॉजी विभाग के निदेशक डॉ. दिलीप केशरी ने अपने संबोधन में कहा कि पर्यावरण को हो रहा नुकसान वर्तमान में एक गंभीर वैश्विक संकट बन चुका है। उन्होंने जोर देकर कहा कि हमें अपने दैनिक जीवन की आदतों में बदलाव लाने की तत्काल आवश्यकता है। अधिक से अधिक पेड़ लगाना, जल संचयन करना और सिंगल-यूज प्लास्टिक का पूर्ण त्याग करना ही धरती को बचाने का एकमात्र मार्ग है। उन्होंने हरित घर की अवधारणा पर बल देते हुए शोधार्थियों को नवाचार और समाजोपयोगी विज्ञान की दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। जंतु विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. रेशमा यास्मीन के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कई वरिष्ठ प्रोफेसर और विद्वान शामिल हुए। मौके पर डॉ. पूनम कुमारी, डॉ.एल के तरुण, डॉ सरफराज, डॉ. अदिति, डॉ. आभा सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने एक सुर में स्वीकार किया कि जैव विविधता का संवर्धन और हरित उद्यमिता ही भविष्य की चुनौतियों का प्रभावी समाधान है। कार्यक्रम के अंत में पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली गई और पर्यावरण का 'प्रतीकात्मक दीप' जलाकर प्रकृति की रक्षा का संदेश दिया गया।

दहेज हत्या कांड में चार गिरफ्तार, अन्य आरोपितों की तलाश जारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कोंच। कोंच पुलिस ने दहेज हत्या मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई कोंच थाना क्षेत्र के मंझियावां गांव में नवविवाहिता की हत्या मामले में की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार 14 मई 2026 को वादी द्वारा कोंच थाना में लिखित आवेदन देकर आरोप लगाया गया कि उनकी पुत्री को उसके पति एवं ससुराल पक्ष के लोगों द्वारा लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। इसी बीच सूचना मिली कि ससुराल वालों ने गला दबाकर उसकी हत्या कर दी है। मामले को गंभीरता से लेते हुए कोंच थाना में कांड संख्या 130/26 दर्ज कर

अनुसंधान शुरू किया गया। वरीय पुलिस अधीक्षक गया के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी टिकारी के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने तकनीकी अनुसंधान एवं छापेमारी के आधार पर मामले में संलिप्त चार आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपितों में पुकार पासवान, विरेंद्र पासवान, सुरेंद्र पासवान तथा एक महिला शामिल हैं। तीनों पुरुष आरोपित रामू पासवान के पुत्र बताए जाते हैं और मंझियावां गांव, थाना कोंच, जिला-गया के निवासी हैं। पुलिस ने बताया कि मामले में अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। वहीं घटना के बाद मृतका के परिजनों में आक्रोश और शोक का माहौल बना हुआ है।

ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

नेहोरा मोड़ पर सड़क जाम, हत्या की आशंका जता निष्पक्ष जांच की मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कोंच। गया-पटना रेलखंड पर बेला रेलवे स्टेशन के समीप दर्दनाक रेल हादसे में कोंच थाना क्षेत्र के नेहोरा गांव निवासी युवक की मौत हो गई। चलती ट्रेन से गिरने के कारण युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गई। वहीं मामले को लेकर परिजनों एवं ग्रामीणों ने गया-गोह मुख्य पथ पर नेहोरा मोड़ के पास सड़क जाम कर पुलिस प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग की। ग्रामीणों ने पैसे के लेन-देन को लेकर हत्या की आशंका भी जताई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नेहोरा गांव निवासी 20 वर्षीय अमरकांत कुमार, खजूरी पंचायत की पूर्व सरपंच ऊषा देवी एवं अनिल यादव के दो पुत्रों में बड़े पुत्र थे। बताया जाता है कि वह गुरुवार देर शाम घर से निकले थे जिसके बाद उनका मोबाइल फोन बंद हो गया था। बेला इलाके में ही उनका ननिहाल एवं मौसी का घर बताया गया है जहां वह अक्सर आया-जाया करते थे। शुक्रवार सुबह करीब सात बजे बेला रेलवे स्टेशन के समीप रेलवे ट्रैक किनारे एक युवक का शव पड़ा होने की सूचना स्थानीय लोगों ने रेल पुलिस को दी। सूचना मिलते ही रेल पुलिस एवं स्थानीय थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पहचान कराने में जुट गई। करीब 3 घंटे बाद शव की पहचान अमरकांत कुमार के रूप में हुई। मृतक की पहचान होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना मिलते ही नेहोरा गांव में मातमी सन्नाटा पसर गया तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण मृतक के घर पहुंचकर शोक संतप्त परिवार को सांत्वना देने लगे। युवक की असमय मौत से परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। प्राथमिक तौर पर आशंका जताई जा रही है कि अमरकांत कुमार किसी ट्रेन से बेला स्टेशन की ओर जा रहे थे। इसी दौरान अचानक असंतुलित होकर वह चलती ट्रेन से नीचे गिर पड़े जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। हालांकि घटना किन परिस्थितियों में हुई, इसका स्पष्ट कारण अभी सामने नहीं आ सका है।

जनता दरबार में नहीं पहुंचे फरियादी, खाली रही कुर्सियां

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गुरुआ। गुरुआ प्रखंड कार्यालय में राजस्व विभाग के निर्देश पर प्रत्येक सोमवार और शुक्रवार को जनता दरबार आयोजित किया जा रहा है, ताकि आम लोगों की समस्याओं का त्वरित निष्पादन हो सके, लेकिन गुरुआ में यह व्यवस्था अब सवालों के घेरे में नजर आ रही है। शुक्रवार को आयोजित जनता दरबार में दोपहर 12 बजे तक न तो फरियादी पहुंचे और न ही कोई पदाधिकारी मौजूद दिखे। जानकारी के अनुसार सुबह 11 बजे प्रखंड के जिम्मेदार पदाधिकारी जनता दरबार में पहुंचे, लेकिन फरियादी नहीं होने के कारण केवल औपचारिकता पूरी कर

अपने-अपने कार्यालय लौट गए। परिसर में लगी कुर्सियां खाली पड़ी रहीं जिसे लेकर लोगों के बीच तरह-तरह की चर्चाएं होती रहीं। स्थानीय लोगों का कहना है कि या तो जनता को जनता दरबार की सही जानकारी नहीं मिल पा रही है या फिर लोगों का अधिकारियों पर भरोसा कम होता जा रहा है। वहीं कुछ लोगों ने इसे केवल खानापूर्ति करार दिया। जनता दरबार का उद्देश्य आम लोगों की समस्याओं का समाधान करना है, लेकिन फरियादियों और अधिकारियों की अनुपस्थिति ने इसकी उपयोगिता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से जनता दरबार को प्रभावी बनाने और लोगों तक इसकी जानकारी पहुंचाने की मांग की है।

राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर स्मृति सम्मान समारोह की तैयारी पूरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गया। गया कॉलेज गया स्थित प्रेमचंद सभागार में दो दिवसीय राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर स्मृति सह सम्मान समारोह का आयोजन प्रारंभ होगा। समारोह की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार करेंगे। आयोजन में साहित्य, शिक्षा, संगीत एवं चिकित्सा जगत से जुड़े अनेक गणमान्य लोग भाग लेंगे। आयोजक हिमांशु शेखर ने बताया कि बिहार एवं देश में अनेक महान विभूतियों के नाम पर विश्वविद्यालयों की स्थापना की गई है, लेकिन यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि अब तक राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर के नाम पर विश्वविद्यालय की स्थापना नहीं हो सकी है। उन्होंने कहा कि समारोह के मंच से बिहार सरकार से दिनकर जी के नाम पर विश्वविद्यालय निर्माण की मांग की जाएगी। उन्होंने बताया कि यह आयोजन केवल साहित्यिक विमर्श तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तित्वों को सम्मानित भी किया जाएगा। चिकित्सा एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए शहर के प्रख्यात चिकित्सक डॉ चौधरी लक्ष्मी नारायण, डॉ अपराजिता कुमारी, डॉ संजीव कुमार एवं डॉ. बी. डी. शर्मा को सम्मानित किया जाएगा। आयोजन समिति से जुड़े डॉ सत्येंद्र सिंह चंद्र ने बताया कि जिले के विभिन्न स्कूलों एवं कॉलेजों के छात्र-छात्राओं द्वारा राष्ट्रकवि दिनकर की रचनाओं एवं कविताओं का पाठ किया जाएगा।

पूर्व रेलवे

ई–नीलामी सूचना

एडमिन यूनिट/जोन: सियालदह मंडल–वाणिज्यिक, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता–700 014, **ऑक्शन कैटलॉग सं.:** पार्सल–एसडीएएच–60, **नीलामी करने वाले अधिकारी:** वरिष्ठ डीसीएम/सियालदह। **बोली प्रणाली:** सामान्य नीलामी (एकल चरण)। **नीलामी शुरू (सभी लॉट):** 29.05.2026 को 12.00 बजे। **नीलामी की अंतिम तिथि/समय:** 29.05.2026 को 14.10 बजे। **ऑटो एक्सटेंशन जोन:** 120 सेकंड। **ऑटो एक्सटेंशन अवधि:** 120 सेकंड। **प्रारंभिक कूलिंग ऑफ अवधि:** 30 मिनट। **लगातार लॉट का समापन अंतराल :** 10 मिनट। **अधिकतम ऑटो एक्सटेंशन:** 10 बार। **निर्णय का माध्यम:** ऑटो, **आरपी की प्रदर्शनी की गई**–नहीं। **आरपी से कम परमिट बिड** –हाँ। **क्या राइट ऑफ फर्स्ट रिफ्यूजल (आरओएफआर) लागू है?:** नहीं। **विवरण:** एसएलआर कोच में पार्सल जगह (सिंगल कम्पार्टमेंट)(क्रम सं. एए/1 से एए/10 हेतु) और पार्सल वैन में पार्सल जगह (क्रम सं. एबी/1 हेतु)। **कैटेगरी:** (पार्सल–एसएलआर) (क्रम सं. एए/1 से एए/10 हेतु) और पार्सल–पार्सल वैन (क्रम सं. एबी/1 हेतु)। **क्रम सं., लॉट सं., ट्रिप/दिन, अंतिम तिथि/समय** निम्नानुसार हैं: **एए/1,** 12343–एसएलआर–एफ1–एसडीएएच–एचडीबी–26–3, 1096, 29.05.2026 को 12.30 बजे, **एए/2,** 12329–एसएलआर–एफ1–एसडीएएच–एएनवीटी–26–2 , 157, 29.05.2026 को 12.40 बजे, **एए/3,** 13137–एसएलआर–एफ1–केओएए–एएमएच–26–2, 157, 29.05.2026 को 12.50 बजे, **एए/4,** 13105–एसएलआर–एफ1–एसडीएएच–बीयूआई–26–2, 627, 29.05.2026 को 13.00 बजे, **एए/5,** 13105–एसएलआर–एफ2–एसडीएएच–बीयूआई–26–1, 1096, 29.05.2026 को 13.10 बजे, **एए/6,** 13145–एसएलआर–एफ1–केओएए–आरडीपी–26–2, 470, 29.05.2026 को 13.20 बजे, **एए/7,** 12363–एसएलआर–एफ1–केओएए–एचडीबी–26–1, 470, 29.05.2026 को 13.30 बजे, **एए/8,** 12317–एसएलआर–एफ1–केओएए–एएसआर–26–1 , 313, 29.05.2026 को 13.40 बजे, **एए/9,** 13163–एसएलआर–एफ2–एसडीएएच–एसएचसी–26–1, 782, 29.05.2026 को 13.50 बजे, **एए/10,** 13121–एसएलआर–एफ1–केओएए–जीसीटी–26–1, 156, 29.05.2026 को 14.00 बजे, **एबी/1,** 13151–13152–वीपी–1–केओएए–जेएटी–26–3, 939, 29.05.2026 को 14.10 बजे।

रेट यूनिट: प्रति ट्रिप लाइसेंसिंग शुल्क (क्रम सं. एए/1 से एए/10 हेतु) और प्रति राउंड ट्रिप (दो तरफा) (क्रम सं. एबी/1 हेतु)। **न्यूनतम वृद्धि (%):** 0.2 (प्रत्येक हेतु)। **ईएमडी:** 10 ट्रिप का बोली मूल्य (न्यूनतम 5 लाख) (क्रम सं. एए/1 से एए/10 हेतु) और 5 राउंड ट्रप का बोली मूल्य (न्यूनतम 10 लाख) (क्रम सं. एबी/1 हेतु) । **न्यूनतम टर्नओवर की आवश्यकता:** रु.0 (प्रत्येक हेतु)। **लॉट की स्थिति:** आरपी पेंडिंग (प्रत्येक हेतु)।

SDAH-42/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

पांच राज्यों में चुनाव खत्म, रोजमर्रा की वस्तुओं में वृद्धि : कांग्रेस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गया। पेट्रोल, डीजल के दामों में विगत चार साल में सबसे बड़ी वृद्धि के खिलाफ आवाज बुलंद करते हुए बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि प्रो. विजय कुमार मिट्ठू, पूर्व विधायक मोहम्मद खान अली, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष बाबूलाल प्रसाद सिंह, दामोदर गोस्वामी, टिंकू गिरी, विपिन बिहारी सिन्हा, विशाल कुमार, मोहम्मद शमीम आलम, मुन्ना मांझी आदि ने कहा कि पांच राज्यों में चुनाव समाप्त होते ही सरकार ने जनता पर महंगाई का हंटर चलाया है और जनता की जेब से वसूली शुरू कर दी है। नेताओं ने प्रधानमंत्री को महंगाई मैन करार देते हुए कहा कि सरकार ने चुनावों के

चलते जानबूझकर तीन महीने तक दाम नहीं बढ़ाए और अब अचानक बोझ डाल दिया है। नेताओं ने कहा कि सरकार अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों का हवाला देकर आम जनता को लूट रही है। नेताओं ने कहा कि पेट्रोल, डीजल, घरेलू गैस की कीमतें बढ़ने से परिवहन, खाद्य सामग्रियों सहित सभी चीजें महंगी होगी। नेताओं ने पेट्रोल, डीजल, एलपीजी गैस मूल्य वृद्धि वापस लेने की मांग सरकार से किया है।

गुरुआ में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई बनी कबाड़खाना, लाखों की मशीनें बेकार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गुरुआ। प्रखंड कार्यालय परिसर में स्थापित प्लास्टिक अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई बदहाल स्थिति में पहुंच गई है। स्वच्छ भारत लोहिया अभियान के तहत प्लास्टिक कचरे के निष्पादन एवं रिसाइक्लिंग के उद्देश्य से बनाई गई यह इकाई अब कबाड़खाना बनकर रह गई है। योजना के तहत प्लास्टिक एवं अन्य अपशिष्ट से ईंधन और पुनर्चक्रण सामग्री तैयार करने का लक्ष्य था, लेकिन यह केवल कागजों तक सीमित दिखाई दे रहा है। प्रखंड परिसर में लाखों रुपए की लागत से लगाई गई मशीनें धूल फांक रही है। कचरा प्रबंधन इकाई में हमेशा ताला लटका रहता है जबकि परिसर में जगह-जगह कचरे का ढेर जमा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पंचायत स्तर पर इस कार्य के लिए

कर्मियों की बहाली की गई थी तथा ब्लॉक स्तर पर स्वच्छता प्रबंधक भी नियुक्त हैं, इसके बावजूद व्यवस्था पूरी तरह ठप पड़ी है। जानकार बताते हैं कि प्लास्टिक अपशिष्ट रूम में कचरा भरकर बंद कर दिया गया है। मशीनों का उपयोग नहीं होने से सरकारी राशि की बर्बादी हो रही है। हैरानी की बात यह है कि प्रखंड कार्यालय परिसर में स्थित होने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों की नजर इस ओर नहीं पड़ रही है। इस संबंध में प्रखंड के कई अधिकारियों से संपर्क किया गया, लेकिन किसी ने भी संतोषजनक जवाब नहीं दिया। स्थानीय लोगों ने मामले की जांच कर जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई तथा इकाई को पुनः चालू कराने की मांग की है।

AFFIDAVIT

I,Krishna Kumar Singh, aged about 43 years, S/o Late Amawas Singh, R/o East Mohan Bigha, Vyapar Mandal, Dehri, Ward no-15, PO-Dalmianagar, PS-Dehri, Dist-Rohtas (Bihar) do here-by solemnly affirm and declare as follows:-

1. That Geeta Devi is my wife.
2. That Ansh Kumar is my son who has passed the 10th class from Gems English School Sikariyan in the year 2026 and his registration no. of my son is 8862590 and Roll no. is 1267226/005.
3. That my sons mother's name is mentioned in his Admit Card Gita Devi but in all document his mother's correct name is Geeta Devi.
4. That I want correct name of my wife name in the mark-sheet of my son Ansh Kumar is Geeta Devi.
5. That my above statements are correct and true the best of my knowledge in belief

Affidavite no 8684 dt. 15.05.26

Deponent
Krishna Kumar Singh

संपादकीय

देश में बढ़ते अपराध

देश में अपहरण और जबरन उठाकर ले जाने की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। जिस रफ्तार से यह प्रवृत्ति बढ़ रही है, उससे लगता है कि पुलिस और कानून का कोई खौफ अपराधियो में बचा ही नहीं है। टैक्नालॉजी ऐसे अपराधों की वृद्धि में मदद ही कर रही है। बुजुर्गों पर अत्याचार के मामले में मप्र देश में अव्वल रहा है तो यह बेहद चिंता और अफसोस की बात है। खास कर बीते एक दशक में ऐसी घटनाओं में अप्रत्याशित उछाल आया है। हाल ही में भोपाल में एक आईएएस एकेडमी की निदेशक के अपहरण और 1.89 करोड़ रुपए की फिरौती के मामले ने देश में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। आधिकारिक आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि वर्ष 1953 से 2024 के बीच देश में कुल 20 लाख से अधिक ऐसे मामले दर्ज किए गए। चौंकाने वाला तथ्य यह है कि इन सात दशकों के कुल मामलों का 54% हिस्सा (11.24 लाख केस) केवल पिछले 11 वर्षों (2013-2024) में दर्ज हुआ है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, कुल अपराधों में अपहरण की हिस्सेदारी 1953-62 में 1.01% थी, जो 2013-24 के दौरान बढ़कर 3.04% तक पहुंच गई है। अपहरण के पीछे सबसे बड़ा कारणों में विवाह के लिए महिलाओं का उठाना और सामान्य अपहरण है। इसके अलावा प्रेम प्रसंग भी इसका एक कारण है। हालांकि फिरौती के लिए किए जाने वाले संगठित अपहरण कुल मामलों का केवल 0.7% ही हैं। राज्यों की तुलना करें तो उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र के बाद बिहार तीसरे स्थान पर रहा करता था, लेकिन 2024 के आंकड़ों में बिहार शीर्ष छह राज्यों में सबसे नीचे दर्ज किया गया है। एक और चिंता की बात चाइल्ड पोर्न है। भारत में बच्चों के खिलाफ दर्ज साइबर अपराधों में करीब 10 में से 9 मामलों में बच्चों से जुड़ा यौन रूप से अश्लील कंटेंट पब्लिश या ट्रांसमिट करने की बात सामने आई है। हालांकि एनसीआरबी के ताजा आंकड़ों के अनुसार, देश में कुल अपराध घटने के बावजूद बच्चों के खिलाफ अपराध लगातार बढ़ रहे हैं। 2024 में बच्चों के खिलाफ अपराध के 1,87,702 मामले दर्ज हुए। यह जो 2023 के 1,77,335 मामलों से 5.8% ज्यादा हैं। हैरानी की बात यह है कि देश की राजधानी दिल्ली में महिलाओं और बुजुर्गों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) द्वारा जारी साल 2024 की क्राइम की रिपोर्ट के मुताबिक मेट्रो शहरों में दिल्ली महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों के मामले में शीर्ष पर रही है। 2024 में महिलाओं के खिलाफ 13,396 मामले दर्ज किए गए, जो 2023 में 13,366 थे। तमिलनाडु में महिलाओं के खिलाफ अपराध घटे हैं। 2024 में महिलाओं के खिलाफ 4,41,534 मामले दर्ज हुए, जो 2023 से 1.5% कम थे। सबसे अधिक 27.2% मामले पति के क्रूरता और अपहरण से संबंधित थे। दिल्ली में बुजुर्गों के खिलाफ 1267 अपराध दर्ज किए गए। दिल्ली में बुजुर्गों के खिलाफ अपराधों की दर प्रति लाख आबादी पर 110 मामले रही, जो केंद्र शासित प्रदेशों में सबसे ज्यादा दरों में से एक रही। मध्य प्रदेश सबसे ऊपर रहा, जहां 2024 में 5,875 मामले दर्ज किए गए, यह संख्या 2023 के 5,738 मामलों से ज्यादा है। दूसरी तरफ, देश में बुजुर्गों के खिलाफ अपराधों में चिंताजनक वृद्धि हुई है। 2024 में कुल 32,602 मामले दर्ज किए गए, जो 2023 के मुकाबले 16.9% ज्यादा हैं। जरूरत इस बात की है कि सभी तरह के अपराधों पर सख्ती से लगाम कैसे लगाई जाए, पर गंभीरतापूर्वक विचार तद्नुसार योजना बनाकर उस पर सख्ती से अमल किया जाए। अगर आम आदमी सुरक्षित नहीं है तो सुशासन का कोई अर्थ नहीं है।

भारत में कम्युनिस्ट आंदोलन: उत्थान और पतन की अकथ-कथा

शुरूआत सचमुच शानदार थी। भारत ब्रिटेन का उपनिवेश था; दमन, शोषण और दीनता का शिकार दास राष्ट्र। महात्मा गांधी विश्व-इतिहास के अलीक-योद्धा के तौर पर परिदृश्य में उभर रहे थे। सारा राष्ट्र आजादी के लिये व्यग्र था। ऐसे में एक नये वैचारिक-आंदोलन ने भारत में प्रवेश किया और सर्वथा अलहदा मिजाज की एक पार्टी ने भारत में जन्म लिया। इसमें केन्द्रीय और अग्रणी भूमिका थी एमएन राय यानि मानवेंद्र नाथ राय की, जिन्हें सोवियत संघ जैसे विशाल राष्ट्र के सर्वेसर्वा बलादिमीर इलिच लेनिन का संग-साथ और विश्वास हासिल था। हुआ यह कि 17 अक्टूबर, सन् 1920 को पामीर पार ताशकंद में कम्युनिस्ट इंटरनेशनल की दूसरी कांग्रेस की बैठक हुई और इसने भारत में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के गठन की पूर्वपीठिका रच दी। विचार मंथन और सांगठनिक प्रयासों के बाद अंततः 25 दिसंबर, सन् 1925 को भारत के मैनचेस्टर कानपुर में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का गठन हुआ। इसके शुरूआती नेताओं में एमएन राय के अलावा अबनि मुखर्जी, मोहम्मद अली और शफीक सिद्दिकी प्रमुख थे।

डॉ. सुधीर सक्सेना

25 दिसंबर, सन् 2025 से काल गणना करें तो भारत में कम्युनिस्ट आंदोलन की एक सदी पूरी हो चुकी है। इस मान से यदि एक शती के वृत्तांत यानि कम्युनिस्ट आंदोलन के हश्र को बांचें तो बहुत दिलचस्प चटख और धूमिल रंगों का कोलाज उभरता है। बालीवुड की फिल्म की तर्ज पर हम इसे राइज एण्ड फाल आफ कम्युनिस्ट मूवमेंट-कम्युनिस्ट आंदोलन का उत्थान और पतन भी कह सकते हैं। इस वृत्तांत में लंबे रक्तिम संघर्ष हैं और गर्वीली सफलतायें भी। वहां विफलतायें हैं और बिखराव भी। वहां विमर्श है और विभ्रम भी। संघर्ष, निष्ठा, समर्पण, बलिदान और अनेक महत्वपूर्ण योगदानों के बावजूद इसकी अंततः शोकांतिका में परिणिति विस्मयकारी है, जो बहुतों को शोकाकुल करती है, तो बहुतों को हर्षित भी। क्या वजह है कि ऐसा हुआ? क्या ऐसा होना वृहत्तर समाज के स्वास्थ्य और भविष्य के लिहाज से सुखद है अथवा इसे विडंबना या त्रासदी माना जाये।

विश्व कम्युनिस्ट आंदोलन और भारत के रिश्तों से शुरू करें तो कई अहम निष्कर्ष निकलते हैं। आंदोलन के प्रणेता कार्ल मार्क्स पहले मनीषी हैं, जिसने सन 1857 के अंग्रेजों द्वारा प्रचारित गदर को स्वतंत्रता संग्राम की संज्ञा दी। मार्क्स की भारत के इतिहास में गहरी रूचि थी और वह भारत की आजादी के हिमायती थे। इसमें कोई शक नहीं कि बीसवीं सदी विश्व स्तर पर वाम विचारों की सदी थी और इसने सभी महाद्वीपों में करोड़ों लोगों को वैचारिक तौर पर प्रभावित और आंदोलित किया। श्रमिकों, लेखकों और कलाकारों पर इसका प्रभाव अभूतपूर्व था। श्रम की महत्ता और गरिमा का पाठ प्रस्तुत कर इसने अनेक देशों में कू-दे-ता (तख्तापलट) की स्थितियां पैदा कीं; साहित्य कला और संस्कृति में नये आंदोलन उपजाये, पूंजीवादी-ईमान को डगमग किया, श्रमिकों के लिए बेहतर वातावरण सृजित किया, पारंपरिक रूढ़ियों के प्रति असंतोष उपजाया, उपनिवेशवाद के खिलाफ अलख जगाई और युवा वर्ग की आंखों में नये सपने आंजे। उसने गैर-बराबरी के खिलाफ बराबरी, शोषण के खिलाफ मुक्ति और दासता के खिलाफ स्वतंत्रता की हिमायत की। यह विश्व इतिहास में परंपरा और रूढ़ियों के खिलाफ विचलन और हस्तक्षेप का सर्वथा भिन्न और अपूर्व उपक्रम था। हम स्तालिन, गोर्की, चेखव, माओ, होची मिन्ह, चेग्वेरा, कास्त्रो, नाजिम, हिकमत, फैज, रेजिस द ब्रे, चार्ली चैप्लिन आदि की बात न कर यदि भारतीय परिदृश्य पर भी दृष्टिपात करें तो बड़े और सितारा नेताओं, कवियों, कलाकारों, दार्शनिकों और कार्यकर्ताओं में कौन है, जिसे सोवियत क्रांति अथवा साम्यवादी विचारों व आंदोलनों ने प्रभावित नहीं किया? पं. नेहरू से लेकर भगत सिंह तक, रबींद्रनाथ ठाकुर से लेकर प्रेमचंद तक, राजकपूर से लेकर बलराज साहनी तक, माखनलाल चतुर्वेदी से लेकर गणेश शंकर विद्यार्थी तक नामों की एक अछोर कतार है, जिन्हें साम्यवादी विचारों ने आलोड़ित किया। शहीदे आजम भगत सिंह तो फांसी के तख्ते की ओर जाने से कुछ क्षण पहले तक लेनिन की जीवनी पढ़ रहे थे....

और लेनिन? लेनिन तब नहीं थे, लेकिन बड़ी बात यह है कि लेनिन क्या थे? लेनिन भारत से गेहरे प्रेम में डूबी हुई - महान क्रांतिकारी शख्सियत थे। उन्होंने बंगाल विभाजन के विरोध में लिखा, जालियांवाला कांड की निंदा की, तिलक को मांडले जेल भेजन का विरोध किया, महात्मा गांधी की अगुवाई में आजादी की लड़ाई का समर्थन किया, भारत में अकाल पर अंग्रेज-नीतियों की निंदा की और भगत सिंह जैसे महान क्रांतिकारी समेत सैकड़ों युवकों के विचारों को प्रज्वलित किया। निश्चित ही, लेनिन अपने प्रति भारतवासियों के बेहतर सोच और सलूक के हकदार हैं। बाद के दौर को देखें तो भी सोवियत और फिर रूस के शासक और जन भारत के प्रति प्रेम, सम्मान और सदिच्छा रखते हैं। चाहे बुल्गानिन, ब्रेभनेव, खुश्चेव और कोसीगिन रहे हों या फिर पुतिन। बावजूद इन संदर्भों के भारत में कम्युनिस्ट आंदोलन बिखरता गया। उन्होंने यत्नपूर्वक ट्रेड यूनियनों को संगठित किया, इंडियन कॉफी हाऊस जैसे दर्जनों संस्थाओं के हेतु बने, सन् 1957 में केरल में पहली निर्वाचित सरकार का गठन हुआ, पश्चिम बंगाल में कई दहाइयां उनके लाल झंडे के तले बीतीं, देवेगौड़ा और गुजराल की केन्द्रीय सरकारों में उनकी भागीदारी रही, साहित्य और कला के लोक में उनकी केंद्रीय इयत्ता रही, लेकिन मोटे तौर पर बीती पाव सदी में भारत में कम्युनिस्ट आंदोलन का शीराजा बिखरता गया। क्यों?

भारत में कम्युनिस्टों का इतिहास आंदोलनों का इतिहास है। आंदोलन यानि संघर्ष। संघर्ष यानि विचलन। विचलन यानि मौजूदा स्वरूप, मौजूदा ढांचे मौजूदा समीकरणों के स्थान पर नया स्वरूप, नया ढांचा, नये समीकरण। यानि परिवर्तन। यथास्थिति नहीं, बदलाव। जड़त्व नहीं गतिज। नयी वैचारिकी। नया उन्मेष। अब परंपरा के सन्दर्भ में इन परिवर्तनों की भूमिका पर गौर करें। एक बंद रूढ़िग्रस्त समाज में ग्लासनोस्त (खुलापन) और पिरिस्त्रोइका (पुनर्रचना) की जरूरत, उसके प्रति पारंपरिक सोच और तज्जन्य प्रतिकार पर तवज्जो दें। हश्र के वजूहात स्पष्ट हैं। जहां परिवर्तन के बजाय परंपरा श्रेष्ठ और श्रेयस्कर हो, वहां आप कब तक और कहां तक जूझेंगे? संघर्ष जब थकता है, तो सुविधा मांगता है। हर कौम, नस्ल और समाज का अपना डीएनए होता है। भारत में कम्युनिस्ट विचारधारा को 'देशी बागीचे में विदेशी बेल' या विजातीय प्रजाति माना गया। रूपक गढ़ा गया कि जब मस्क्वा में बारिश होती है तो भारत में कम्युनिस्ट अपनी छतरियां खोल लेते हैं। यह नैरेटिव भी पनपा कि भारतीय कम्युनिस्टों का रिमोट कंट्रोल मस्क्वा और बीजिंग के हाथों में है। भारत में कम्युनिस्टों की विफलता का एक बड़ा मुद्दा उनकी धार्मिक सोच भी रहा। एक धर्मप्राण राष्ट्र में धर्म को अफीम बताना लोगों के गले नहीं उतरा। यह बात भी घर-घर फैलाई गई कि कम्युनिस्ट राज में तो सब कुछ सरकारी है। नौकरी भी और बच्चे भी। कम्युनिस्ट आयेंगे तो मंदिर बंद हो जायेंगे और बच्चों को सरकार छीन लेगी। और आपकी संपत्ति भी आपकी नहीं होगी। स्पष्ट है कि ये 'नैरेटिव' काम कर गये। एक धर्मप्राण आस्था से परंपराजीवी महादेश में परिवर्तन के ध्वजवाहक सफलता की पताकायें कहां फहराते? मेरा निजी अनुभव है कि परंपरा पोषक कर्मकाण्डी घरों में 'साला कम्युनिस्ट' गाली की तरह इस्तेमाल होने लगा। भारतीय समाज में वैसे भी तर्क के लिये कम ठौर रहा है। कम्युनिस्टों की गलती रही या मूर्खता कि वे साम्यवादी सोच या विचारधारा को भारतीय या देशज शब्दावली और सांचे में नहीं ढाल सके और कई बार उन्होंने राष्ट्रीय परिस्थितियों को नजरंदाज कर तदनुरूप निर्णय लेने के बजाय 'ऊपरी' निर्देश पर फैसले किये। वे बूर्ज्वा, वर्ग संघर्ष, सर्वहारा की आयातित शब्दावली में उलझे रहे। नतीजतन उनका दायरा सीमित रहा। वे अंदरूनी इलाकों या वृहत्तर भूभाग में जमीन नहीं गोड़ सके।

अध्यात्म

भक्ति में मन की स्थिति से ज्यादा महत्वपूर्ण है नियमित रूप से मंत्र जप करना

कभी-कभी जीवन में ऐसा समय आता है जब मन किसी भी काम में नहीं लगता। न पढ़ाई में, न काम में और न ही पूजा-पाठ में। व्यक्ति खुद को भीतर से खाली महसूस करता है। भक्ति के मार्ग पर चलने वाले अधिकतर लोगों के साथ भी ऐसा होता है कि मन पूरी तरह एकाग्र नहीं होता, फिर भी वे मंत्र जप या पूजा करने बैठ जाते हैं। ऐसे में मन में प्रश्न उठता है कि क्या इस प्रकार की भक्ति का कोई फल मिलता है? इस प्रश्न का उत्तर गोस्वामी तुलसीदास से जुड़े प्रसंग से मिलता है। कहा जाता है कि एक बार गोस्वामी तुलसीदास जी के एक भक्त ने उनसे पूछा- 'कभी-कभी मन भक्ति में नहीं लगता, फिर भी हम मंत्र जप करते हैं। क्या ऐसी भक्ति का कोई लाभ होता है? '

इस पर गोस्वामी तुलसीदास ने कहा- 'तुलसी मेरे राम को, रीझ भजो या खीज। भौम पड़ा जामे सभी, उल्टा सीधा बीज।। 'तुलसीदास जी ने समझाया कि जब किसान खेत में बीज बोता है, तो वह यह नहीं देखता कि बीज सीधा गिरा है या उल्टा। वह केवल बोता है। समय आने पर वही बीज अंकुरित होकर फसल बनता है। ठीक इसी प्रकार, भक्ति में मन की स्थिति से अधिक महत्वपूर्ण है कर्म का निरंतर होना। भक्ति में मन लगे या न लगे, मंत्र जप का लाभ जरूर मिलता है। यदि व्यक्ति अच्छे भाव से या कभी-कभी बिना भाव के भी ईश्वर का नाम लेता है, तो उसका प्रभाव व्यर्थ नहीं जाता। समय के साथ वही अभ्यास मन को शुद्ध करता है और धीरे-धीरे भीतर की अशांति कम होने लगती है। यह प्रसंग हमें सीख देता है कि जीवन में हर काम हमेशा पूरी मनोदशा में ही हो, यह आवश्यक नहीं। कई बार अनुशासन और निरंतरता ही हमें सही दिशा में ले जाती है। जैसे बीज को अंकुर बनने के लिए समय और धैर्य चाहिए, वैसे ही भक्ति और जीवन प्रबंधन दोनों में निरंतर प्रयास जरूरी है। जीवन में छोटे-छोटे प्रयास भी बड़ा परिवर्तन ला सकते हैं। जीवन में सफलता अचानक नहीं मिलती। जैसे खेत में बीज डालने के बाद तुरंत फल नहीं मिलता, वैसे ही किसी भी आदत या लक्ष्य के लिए समय देना जरूरी है। रोज थोड़ा-थोड़ा प्रयास करने से बड़े परिणाम मिलते हैं। हम अक्सर सोचते हैं कि जब मन अच्छा होगा, तभी काम करेंगे, लेकिन यह आदत टालमटोल को बढ़ाती है। बेहतर तरीका यह है कि काम को शुरू कर दें, चाहे मन हो या न हो। शुरुआत करने से ही मन धीरे-धीरे उस काम में लगने लगता है।

देश को सशक्त बनाने के पीएम मोदी के पंद्रह सूत्र

भारत आज जिस मोड़ पर खड़ा है, वहां वह वैश्विक नेतृत्व की क्षमता रखने वाली शक्ति के रूप में उभर रहा है। ऊर्जा संकट, जलवायु परिवर्तन, वैश्विक आर्थिक अस्थिरता, विदेशी निर्भरता और खाद्य सुरक्षा जैसे मुद्दे आज पूरी दुनिया के सामने चुनौती बनकर खड़े हैं। भारत भी इनसे बाहर नहीं है, ऐसे समय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए पंद्रह सूत्र भारत को आत्मनिर्भर, आर्थिक रूप से मज़बूत, पर्यावरणीय रूप से संतुलित और रणनीतिक रूप से शक्तिशाली बनाने का राष्ट्रीय संकल्प है। प्रधानमंत्री मोदी ने कई अवसरों पर कहा है कि '21वीं सदी भारत की सदी होगी ', किंतु बड़ा प्रश्न यही है कि यह संभव कैसे होगा? वस्तुतः यह तभी संभव है- जब भारत ऊर्जा, कृषि, उपभोग, परिवहन और जीवनशैली के स्तर पर आत्मनिर्भरता की ओर निर्णायक कदम बढ़ाए, इसलिए पीएम मोदी के आज के समय में दिए गए इन पंद्रह सूत्रों में स्वदेशी, सतत विकास, आर्थिक राष्ट्रवाद और सामूहिक जिम्मेदारी का गहरा संदेश छिपा हुआ है।

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

विदेशी तेल पर निर्भरता घटाने का राष्ट्रीय अभियान- भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक देश है। देश अपनी कुल जरूरत का लगभग 85 प्रतिशत कच्चा तेल विदेशों से आयात करता है। इससे हर वर्ष लाखों करोड़ रुपये का विदेशी मुद्रा भंडार बाहर चला जाता है। इसी संदर्भ में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा पेट्रोल और डीजल का कम उपयोग, मेट्रो और पब्लिक ट्रांसपोर्ट को बढ़ावा, कार-पूलिंग तथा इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग पर जोर देना अत्यंत दूरदर्शी कदम है। भारत में तेजी से बढ़ती इलेक्ट्रिक मोबिलिटी इस दिशा में बड़ा परिवर्तन ला रही है। नीति आयोग के अनुसार यदि भारत बड़े पैमाने पर ई-वाहनों को अपनाता है तो वर्ष 2030 तक अरबों डॉलर के तेल आयात को कम किया जा सकता है।

सार्वजनिक परिवहन- प्रधानमंत्री मोदी लगातार अपने भाषणों में रेलवे ट्रांसपोर्ट को प्राथमिकता देने की बात कह रहे हैं। समझना होगा कि इसके पीछे आर्थिक और पर्यावरणीय दोनों कारण मौजूद हैं। सड़क परिवहन की तुलना में रेलवे कम ईंधन खर्च करता है और कार्बन उत्सर्जन भी कम करता है। भारत आज दुनिया के सबसे बड़े रेलवे नेटवर्कों में शामिल है और सरकार इसे ग्रीन ट्रांसपोर्ट में बदलने की दिशा में तेजी से कार्य कर रही है।

दिल्ली, मुंबई, भोपाल, अहमदाबाद और अन्य शहरों में मेट्रो नेटवर्क का विस्तार केवल सुविधा का विषय नहीं, बल्कि ऊर्जा बचत और प्रदूषण नियंत्रण का राष्ट्रीय मॉडल है। एक रिपोर्ट के अनुसार दिल्ली मेट्रो हर वर्ष लाखों टन कार्बन उत्सर्जन कम करने में मदद कर रही है।जब नागरिक निजी वाहन छोड़कर सार्वजनिक परिवहन अपनाते हैं, तब ट्रैफिक कम होने के साथ ही देश का विदेशी मुद्रा भंडार भी सुरक्षित रहता है।

वर्क फ्रॉम होम और डिजिटल इंडिया- कोविड महामारी के दौरान भारत ने देखा कि डिजिटल तकनीक कैसे लाखों लोगों को घर बैठे कार्य करने में सक्षम बना सकती है। प्रधानमंत्री मोदी का वर्क फ्रॉम होम, ऑनलाइन कॉन्फ्रेंस और वर्चुअल मीटिंग्स को प्रोत्साहन देना आधुनिक अर्थव्यवस्था की समझ को दर्शाता है।भारत आज दुनिया का सबसे बड़ा डिजिटल पेमेंट इकोसिस्टम बन चुका है। यह परिवर्तन बताता है कि तकनीक सुविधा होने के साथ ही हम सभी के लिए आर्थिक शक्ति का माध्यम भी है।

स्वदेशी की नई परिभाषा यानी लोकल से ग्लोबल होना है- प्रधानमंत्री मोदी ने 'वोकल फॉर लोकल' का जो मंत्र दिया, वह बाल गंगाधर तिलक, लाला लाजपत राय, महात्मा गांधी के स्वदेशी आंदोलन का आधुनिक रूप है। जूते, बैग, कपड़े, इलेक्ट्रॉनिक वस्तुएँ और दैनिक उपयोग की सामग्री यदि भारत में बने उत्पादों से खरीदी जाएँ, तब इस स्थिति में घरेलू उद्योगों को मजबूती मिलना स्वभाविक है।

आज भारत मोबाइल निर्माण के क्षेत्र में विश्व के प्रमुख देशों में शामिल हो चुका है। एक समय

भारत मोबाइल आयात करता था, लेकिन अब 'मेड इन इंडिया' स्मार्टफोन दुनिया के अनेक देशों में निर्यात किए जा रहे हैं। उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना ने विनिर्माण क्षेत्र को नई गति दी है। प्रधानमंत्री मोदी कह भी रहे हैं, 'लोकल उत्पाद खरीदना केवल आर्थिक निर्णय नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति का कार्य है।' वस्तुतः यह विचार भारतीय अर्थव्यवस्था को आत्मनिर्भर बनाने की बुनियाद है।

विदेशी खर्चों पर नियंत्रण- प्रधानमंत्री मोदी द्वारा गैर-जरूरी विदेश यात्राओं, विदेशी शादियों और विदेश में छुट्टियाँ मनाने से बचने की अपील सीधे तौर पर विदेशी मुद्रा बचाने से जुड़ी हुई है। भारत हर वर्ष पर्यटन और विलासिता पर भारी विदेशी मुद्रा खर्च करता है। यदि यही धन भारत के भीतर खर्च हो, तो घरेलू पर्यटन, होटल उद्योग, परिवहन, हस्तशिल्प और स्थानीय रोजगार को बड़ी मजबूती मिल सकती है। 'देखो अपना देश' अभियान इसी सोच का हिस्सा है। कश्मीर से कन्याकुमारी और कच्छ से अरुणाचल तक भारत के पास विश्वस्तरीय पर्यटन क्षमता मौजूद है।

सोने की खरीदारी और विदेशी मुद्रा- भारत दुनिया में सोने का सबसे बड़ा उपभोक्ता देशों में शामिल है। हर वर्ष हजारों टन सोना आयात किया जाता है, जिससे विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव बढ़ता है। प्रधानमंत्री मोदी की यह अपील कि गैर-जरूरी सोने की खरीदारी कम की जाए, वास्तव में आर्थिक संतुलन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। हालांकि यह सच है कि भारत में सोने को सामाजिक प्रतिष्ठा और निवेश दोनों के रूप में देखा जाता है, लेकिन यदि यही निवेश उत्पादन, स्टार्टअप, कृषि और उद्योगों में जाए, तो अर्थव्यवस्था को अधिक गति मिल सकती है।

खाद्य तेल और स्वास्थ्य- भारत अपनी खाद्य तेल आवश्यकता का बड़ा हिस्सा आयात करता है। पाम ऑयल और अन्य खाद्य तेलों के आयात पर हर वर्ष भारी विदेशी मुद्रा खर्च होती है। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा खाने के तेल का उपयोग कम करने की अपील देखाजाए तो स्वास्थ्य संबंधी सलाह के साथ देश के हित में आर्थिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है।

प्राकृतिक खेती और जैविक कृषि है धरती को बचाने का अभियान- आज अपने सूत्र बिन्दुओं में प्रधानमंत्री मोदी ने किसानों से केमिकल फर्टिलाइजर का उपयोग 50 प्रतिशत कम करने और प्राकृतिक खेती अपनाने की अपील की है। भारत की मिट्टी लगातार रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग से कमजोर हो रही है। पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश जैसे क्षेत्रों में मिट्टी की उर्वरता पर गंभीर प्रभाव देखा गया है।

प्राकृतिक खेती न केवल मिट्टी की सेहत सुधारती है, बल्कि उत्पादन लागत भी कम करती है। आंध्र प्रदेश और गुजरात जैसे राज्यों में प्राकृतिक खेती के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। इससे किसानों की आय बढ़ने और पर्यावरण संरक्षण दोनों में मदद मिल रही है।

गाँवों में ऊर्जा क्रांति- उनकी अपने किसानों से अपेक्षा यह भी है कि खेती में डीजल पंपों के स्थान पर सोलर पंपों का उपयोग होना चाहिए, इससे भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में ऊर्जा क्रांति लाना संभव है। डीजल महंगा होने के कारण किसानों की लागत बढ़ती है। वहीं सौर ऊर्जा से चलने वाले पंप दीर्घकालीन समाधान प्रदान करते हैं।यदि गाँव ऊर्जा आत्मनिर्भर बनते हैं, तब यह तय है कि भारत की आर्थिक संरचना और अधिक मजबूत होगी।

यहां कहना यही होगा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ये पंद्रह सूत्र राष्ट्र निर्माण का जनआंदोलन हैं। इनमें ऊर्जा सुरक्षा, आर्थिक आत्मनिर्भरता, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी उत्पादन, कृषि सुधार और सामाजिक जिम्मेदारी का व्यापक दृष्टिकोण शामिल है।भारत यदि इन सिद्धांतों को जीवनशैली का हिस्सा बना लेता है, तो आने वाले वर्षों में वह आर्थिक महाशक्ति तो बनेगा ही, साथ ही वह नैतिक और रणनीतिक रूप से भी विश्व का नेतृत्व करने वाला राष्ट्र बन सकता है।

आज का कार्टून

राशिफल

मेष
फिजूल खर्च आपकी जेब ढीली कर सकता है। शेयर मार्केट से अचानक फायदा आपका दिन बना देगा। काम के सिलसिले में भागदौड़ ज्यादा रहेगी।

वृषभ
आज जरूरी कामों पर पूरा ध्यान देना ही सफलता की चाबी होगा। घूमते-फिरते कोई ऐसी जानकारी मिल सकती है जो आगे बहुत काम आएगी।

मिथुन
आज कुछ नया करने की ऊर्जा जोश भर देगी। जीवनसाथी की भावनाओं को समझना जरूरी होगा, नहीं तो छोटी बात बड़ा विवाद बन सकती है।

कर्क
आज का दिन खास खुशखबरी लेकर आ सकता है। मन की टेंशन दूर होगी और सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे लोगों को अच्छी खबर मिल सकती है।

सिंह
आज आपकी मेहनत का पूरा फल मिलेगा और सकारात्मक ऊर्जा आपको आगे बढ़ाएगी। किसी दूर रह रहे रिश्तेदार से मिलने का प्लान बन सकता है।

कन्या
आज नई संपत्ति लेने के योग बन रहे हैं और कोई अटकी हुई बिजनेस डील भी फाइनल हो सकती है। भगवान की भक्ति में मन लगेगा।

तुला
आज का राशिफल
आज नौकरी की तलाश कर रहे लोगों के लिए अच्छे मौके सामने आएंगे। आपकी पहचान और संपर्क बढ़ेंगे।

वृश्चिक
स्वादिष्ट खाने का आनंद मिलेगा, लेकिन पेट का ध्यान रखना जरूरी है। कोई जरूरी जानकारी किसी से शेयर करने से पहले सोच लें।

धनु
आज का दिन मिला-जुला रहेगा। मां से पारिवारिक मुद्दों पर बातचीत होगी और लाइफस्टाइल में सुधार आएगा। पैतृक संपत्ति से जुड़ा मामला थोड़ी टेंशन दे सकता है।

मकर
आज राजनीति से जुड़े लोगों के लिए खास अवसर हैं। किसी बड़े नेता से मुलाकात हो सकती है। जीवनसाथी के साथ शॉपिंग का प्लान बनेगा, लेकिन खर्चों पर ध्यान रखें।

कुंभ
आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।पुराने निवेश से अच्छा लाभ मिल सकता है। बिजनेस में नए बदलाव आगे बढ़ाएंगे। जीवनसाथी को प्रमोशन मिलने से खुशी दोगुनी होगी।

मीन
काम में पूरी मेहनत दिखानी होगी, तभी सफलता मिलेगी। पढ़ाई में परेशानी आ रही है तो गुरुजनों की सलाह काम आएगी। संतान की संगति पर ध्यान देना जरूरी है।

संक्षिप्त समाचार

सांसद शंकर लालवानी के पटना आगमन पर अभिनंदन

पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उपसमितिके तीन दिवसीय यात्रा में इंदौर के लोकप्रिय सांसद संकर लालवानी जी के पटना आगमन में उनका हार्दिक अभिनंदन और स्वागत शाल और

स्मृति चिह्न के साथ किया गया। जिसमे सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया बिहार चैप्टर के अध्यक्ष अशोक मनकानी, महासचिव नीरज जगवानी, मदन मंध्यानी, सुरेश गुरनानी और मनोज मनकानी उपस्थित रहे।

अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई, 20 लाख का जुर्माना

बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। अनुमंडल के विभिन्न थाना क्षेत्र में इन दोनों पुलिस अवैध मिट्टी कटाई के खिलाफ बड़ी कार्रवाई कर रही है। अभी 2 दिन पहले बेलछी थाना की पुलिस ने जेसीबी जप्त कर खनन विभाग को जानकारी दी थी इसके बाद खनन विभाग ने 70 लाख का जुमार्ना लगाया था और गुरुवार के दिन भदौर थाना की पुलिस ने डुमरिया गांव के पास अवैध मिट्टी का खनन कर रहे जेसीबी मशीन को जप्त कर लिया और इसकी जानकारी खनन विभाग को दी। खनन विभाग मौके पर पहुंचकर मिट्टी कटाई स्थल का निरीक्षण किया और मापी करते हुए जेसीबी मशीन पर 10 लाख का जुमार्ना वही जमीन के मालिक के ऊपर 10 लाख 6 हजार 425 का जुमार्ना लगाते हुए थाना में प्राथमिक दर्ज कराई है। पटना से आए खनन निरीक्षक राजीव रंजन कुमार ने बताया कि 18900 सीएफटी मिट्टी की कटाई घटनास्थल पर हुई थी जिसको लेकर यह जुमार्ना लगाया गया है। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि जेसीबी जप्त की गई लेकिन पुलिस के सामने एक दर्जन से ज्यादा ट्रैक्टर जेसीबी मशीन के पास लगी हुई थी और उस पर मिट्टी भी लदा हुआ था लेकिन पुलिस ने ट्रैक्टर के खिलाफ कार्रवाई नहीं की। साथ ही थाना के सामने महज 1 किलोमीटर की दूरी पर पुलिस के आंख के सामने यह कारोबार चल रहा था लेकिन आज तक पुलिस ने कार्रवाई नहीं की थी। थाना अध्यक्ष शत्रुघ्न साह ने बताया कि हमें जैसे ही जानकारी मिली मैंने कार्रवाई की और जेसीबी को जप्त किया ट्रैक्टर भागने के बारे में हमें जानकारी नहीं है ग्रामीणों की अगर शिकायत है तो वह हमें मिलकर जानकारी दें मैं कार्रवाई करने के लिए तैयार हूं किसी भी हालत में हमारे इलाके में मिट्टी की अवैध कटाई नहीं होगी।

सड़क दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से जख्मी

बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड स्थित पीएनबी बैंक के सामने गुरुवार की सुबह एक ई रिक्शा और मोटरसाइकिल के बीच जबरदस्त टक्कर हो गई। हादसे में मोटरसाइकिल सवार 40 वर्षीय शशिकांत महतो छातियांना नालंदा जिला निवासी को गंभीर चोटे आई है। घटना के बाद स्थानीय लोगों के द्वारा जल्दबाजी में घायल को बाढ़ के अनुमंडल अस्पताल में भर्ती करवाया गया इसके बाद परिजन अस्पताल पहुंचकर बेहतर इलाज के लिए पटना ले गए।

छत के ऊपर से गुजर रहा 11000 वोल्ट का तार

बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। भदौर थाना क्षेत्र के थाना के पास संतोष कुमार नामक व्यक्ति के मकान के छत से महज तीन फीट की दूरी से 11000 वोल्ट का तार गुजर रहा है। जिसको लेकर गृह स्वामी काफी परेशान है घर के मालिक संतोष कुमार ने बताया कि विद्युत विभाग को लिखित तौर पर 6 महीना से लगातार इसकी जानकारी दे रहा हूं लेकिन आज तक तार को नहीं हटाया गया तार हटाने के आवाज में₹500000 की मांग की जाती है। जो गरीब आदमी के लिए संभव नहीं है। मजबूरी में हमने अपने परिवार को बचाने के लिए आधा छत को दीवार से घेराबंदी कर दी है ताकि बिजली के तार के पास कोई न पहुंचे मामले पर विद्युत विभाग कुछ भी बोलने से इनकार कर रहा है।

दो विभिन्न मामले में दो महिलाएं गंभीर रूप से जख्मी

बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। थाना क्षेत्र के बुढाउद्दीन चक मोहल्ले में मामूली विवाद को लेकर 46 वर्षीय ललिता देवी नामक महिला की बदमाशों ने पिटाई कर दी। जिसमें महिला का माथा फट गया जिसे इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल बाढ़ में भर्ती करवाया गया। वहीं दूसरी तरफ मलाही गांव के पास सड़क पार करने के दौरान एक वाहन के चपेट में आ जाने से सोहागिया देवी 45 वर्ष शेखूपुर गांव निवासी गंभीर रूप से जख्मी हो गई। महिला के कमर में काफी गंभीर चोट आने से चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए पटना जाने की बात कही है।

खुसरूपुर के जनप्रतिनिधियों ने मंत्री नीतीश मिश्रा से की मुलाकात

खुसरूपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। नगर पंचायत खुसरूपुर के अध्यक्ष मिंटू कुमार एवं हरदास बिगहा पंचायत के मुखिया पप्पू जी ने आज बिहार सरकार के नगर विकास एवं आवास विभाग के मंत्री नीतीश मिश्रा से न्यू सचिवालय स्थित विकास भवन में शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान दोनों जनप्रतिनिधियों ने नीतीश मिश्रा को मंत्री पद की जिम्मेदारी मिलने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने पुष्प गुच्छ भेंट कर औपचारिक रूप से मंत्री का स्वागत एवं सम्मान किया।मुलाकात के दौरान क्षेत्र के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर भी संक्षिप्त चर्चा हुई और मंत्री से सहयोग की अपेक्षा व्यक्त की गई। मंत्री नीतीश मिश्रा ने सभी को आश्वस्त किया कि राज्य के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए सरकार लगातार प्रतिबद्ध है।

दो लाख की दवा राशि प्रदान, परिवार को मिली राहत

फतुहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। बिहार ग्रामीण बैंक, फतुहा शाखा द्वारा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए स्वर्गीय बबलू सिंह के नामांकित परिजन पिंकी देवी को दो लाख रुपये की दावा राशि प्रदान की गई। यह भुगतान सफलतापूर्वक संपन्न किया गया, जिससे पीड़ित परिवार को आर्थिक संबल मिला।

बैंक प्रबंधन के अनुसार, यह सहायता केवल एक बीमा दावा नहीं, बल्कि कठिन परिस्थितियों में परिवार के लिए सामाजिक सुरक्षा का मजबूत उदाहरण है। शाखा प्रबंधक श्री जाकिर हुसैन अंसारी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में शाखा टीम के सतत प्रयासों से यह प्रक्रिया पूरी की गई। इस अवसर पर शाखा परिसर में उपस्थित ग्राहकों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं अटल पेंशन योजना जैसी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया। ग्राहकों को इन योजनाओं से जुड़कर अपने भविष्य को सुरक्षित बनाने के लिए प्रेरित किया गया। बैंक की ओर से कहा गया कि ह्लसही समय पर सही सुरक्षाह्व प्रदान करना उनकी प्राथमिकता है, और इसी दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है।

अथमलगोला में नीरा विक्रय केंद्र का शुभारंभ

अथमलगोला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। प्रखंड के ग्राम मेउरा में महादेव नीरा प्रोड्यूसर ग्रुप के तत्वावधान में नीरा विक्रय केंद्र का शुभारम्भ प्रखंड परियोजना प्रबंधक स्वाति श्रीवास्तव द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।इस अवसर पर बीपीएम स्वाति श्रीवास्तव ने कहा कि बिहार सरकार द्वारा नशाबंदी अभियान के तहत ताड़ी विक्रय से जुड़े परिवारों को वैकल्पिक आजीविका के रूप में नीरा विक्रय से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने बताया कि नीरा एक प्राकृतिक एवं स्वास्थ्यवर्धक पेय है, जो विशेषकर डायबिटीज एवं उच्च रक्तचाप जैसे रोगों में

लाभकारी माना जाता है। स्वास्थ्य एवं पोषण नोडल पदाधिकारी निर्भय कुमार ने कहा कि नीरा विक्रय से स्वरोजगार, आत्मनिर्भरता एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा।इस मौके पर जीविका कर्मी शिवानी, संजम, कृष्णदेव, जीविका कैडर एवं जीविका दीदियां उपस्थित थीं।

नेशल हाइवे पर टेंपो-टाटा मैजिक की टक्कर में चालक की मौत

ऑटो में सवार तीन यात्री गंभीर रूप से जख्मी, अजय चौक के पास हुआ हादसा

मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। पटना-गया नेशनल हाईवे पर शुक्रवार को पुनपुन थाना के अजय चौक के पास यात्रियों से भरे ऑटो और टाटा मैजिक में आमने-सामने की भीषण टक्कर हो गई। हादसे में ऑटो चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि ऑटो में सवार तीन यात्री गंभीर रूप से जख्मी हो गए।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ऑटो पुनपुन की ओर आ रहा था। तभी अजय चौक के पास विपरीत दिशा से तेज रफ्तार में आ रही टाटा मैजिक ने ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए और चालक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। सूचना मिलते ही पुनपुन थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। थानाध्यक्ष ने बताया कि मृतक ऑटो चालक पहचान राहुल कुमार पिता कमलेश रविदास पुरानी परसा बाजार की रूप मे हुई है जबकि एक जख्मी की भी पहचान हो चुकी है जिसमें राकेश कुमार पिता फेकू रविदास बैकठपुर खुसरूपुर के रहने वाला बताया जाता है अन्य दो जख्मी की पहचान की जा रही है। दोनों वाहनों को जब्त कर लिया गया है। टाटा मैजिक का चालक मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश की जा रही है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाना हादसे की वजह मानी जा रही है।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

अरुण मांझी के पुनः सचेतक बनने पर मसौढ़ी में जश्न, एनडीए नेताओं ने दी बधाई

मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। मसौढ़ी विधानसभा के विधायक अरुण मांझी को पुनः सचेतक (राज्य मंत्री) बनाए जाने पर मसौढ़ी विधानसभा क्षेत्र में खुशी की लहर है। शुक्रवार को एनडीए कार्यकताओं ने बधाई दी। इस मौके पर अश्वनी कुमार गोल्डी ने कहा, "अरुण मांझी जी को दोबारा सचेतक की जिम्मेदारी मिलना मसौढ़ी के लिए गर्व की बात है। उनके नेतृत्व में क्षेत्र में विकास की रफ्तार और तेज होगी। सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित होंगे। कार्यक्रम में प्रमोद सिंह, संजय केशरी, आशीष देव, सुनील वर्मा, अजय शर्मा, लालमोहन सिंह, रंजीत पटेल, विजय यादव, मंतोष पासवान, राहुल पटेल, आशुतोष पटेल, संजीव रंजन, राहुल कुमार रजनी, अशोक शर्मा सहित एनडीए के दर्जनों

कार्यकर्ता व नेता मौजूद रहे। सभी ने विधायक अरुण मांझी को मसौढ़ी विधानसभा की ओर से बधाई दी और उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की।कार्यकताओं ने कहा कि सचेतक बनने से सरकार में मसौढ़ी की आवाज और मजबूत होगी तथा लंबित योजनाओं को गति मिलेगी।

संवेदक की मनमानी व दबंगता के खिलाफ पार्षद ने मोर्चा संभाला

मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। मनेर नगर परिषद क्षेत्र में सड़क एवं नाला निर्माण में संवेदक द्वारा मनमानी एवं दबंगता के खिलाफ पार्षद ने मोर्चा खोल रखा है स्थानीय लोगों के पेयजल आपूर्ति करने वाले पाइपलाइन को संवेदक के द्वारा उखाड़ दिया गया जिस कारण से लोगों के घरों में पेयजल नहीं पहुंच रहा है और पेयजल संकट के साथ सबसे बड़ी कठिनाई यहां आवाजाही में व्यवसाईयों को हो रही है जिसकी शिकायत पार्षद विकास कुमार ने कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद मनेर से करते हुए संवेदक राजीव रंजन इन्टरप्राईजेज पर लोक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम के तहत कारवाई की मांग की है।पार्षद विकास ने कार्यपालक को दिए शिकायत में बताया कि संवेदक राजीव रंजन इन्टरप्राईजेज के द्वारा बड़ी चौराहा से मिराचक मोड़ तक पीसीसी सड़क एवं आरसीसी नाला निर्माण का कार्य किया जा रहा है। इस दौरान लगभग एक माह पूर्व संवेदक की भारी लापरवाही के कारण वार्ड 09 और 10 के क्षेत्र में भी, जहाँ नाला निर्माण प्रस्तावित नहीं है, संपूर्ण नल-जल पाइपलाइन तथा घरेलू कनेक्शनों को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया गया। यह कृत्य लोक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम के तहत एक गंभीर दंडनीय अपराध है। कर्तव्य का उल्लंघनः मेरे द्वारा संवेदक एवं नगर परिषद कार्यालय को बार-बार मौखिक रूप से अवगत कराया गया। इसके बावजूद संवेदक द्वारा जानबूझकर अपनी गलती को सुधारने या पाइपलाइन की मरम्मत करने से मना कर दिया गया, जो कि सरकारी कार्य अनुबंध की शर्तों का खुला उल्लंघन है। मानवाधिकार एवं जीवन के अधिकार का हननः भीषण गर्मी के इस मौसम में पिछले एक महीने से जनता पानी की बूंद-बूंद के लिए तरस रही है।

मसौढ़ी में सफाईकर्मियों का हल्ला बोल, झाड़ू लेकर निकाला विरोध मार्च, मानदेय बढाने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन

संवेदक पर भेदभाव का आरोप, पुरुष को 310 तो महिला को 270 रुपये दैनिक मजदूरी

मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। मजदूरी बढ़ाने और समान मानदेय की मांग को लेकर मसौढ़ी नगर परिषद के आउटसोर्सिंग सफाईकर्मियों ने शुक्रवार को जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरुष कर्मियों ने हाथों में झाड़ू लेकर गांधी मैदान से नगर परिषद कार्यालय तक मार्च निकाला और संवेदक के खिलाफ घंटों नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि नगर परिषद में आउटसोर्सिंग के तहत करीब 110 सफाईकर्मी काम करते हैं। संवेदक पुरुष कर्मी को 310 रुपये और महिला कर्मी को मात्र 270 रुपये दैनिक मजदूरी देता है। "एक ही शहर की सफाई करते हैं, काम भी एक जैसा,

फिर दाम में फर्क क्यों?" झ प्रदर्शन में शामिल सुनीता देवी ने सवाल उठाया। सभी की एकसुर मांग है कि महिला-पुरुष सभी को एक समान 448 रुपये दैनिक मजदूरी दी जाए। साथ ही रविवार को साप्ताहिक अवकाश देने की भी मांग उठाई गई। सुनीता देवी ने कहा, "2016 से शहर की सफाई कर रहे हैं। मजदूरी बढ़ाने के नाम पर संवेदक कभी ₹5 तो कभी ₹10 बढ़ाकर खानापूर्ति कर देता है। इतने में बाल-बच्चों का पेट कैसे पालें?" कर्मियों ने बताया कि कई बार मांग रखने पर संवेदक सिर्फ आश्वासन देता है, बढ़ोतरी नहीं करता।विरोध प्रदर्शन में चांदनी, सुमंती देवी, उषा देवी, संगीता देवी, कांति देवी, रानी कुमारी, रेणु कुमारी, आरती कुमारी, अमरजीत, रोशन, टुनटुन, मंजू देवी, निक्की कुमार समेत सैकड़ों कर्मी शामिल हुए। चेतावनी दी गई कि जब तक मांगे पूरी नहीं होतीं, अनिश्चितकालीन काम ठप रहेगा। नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी ने कहा कि "मामला संवेदक और कर्मियों के बीच का है। संवेदक को नियमानुसार भुगतान करने का निर्देश दिया जाएगा।" वहीं संवेदक से पक्ष जानने की कोशिश की गई, लेकिन संपर्क नहीं हो सका।अगर हड़ताल लंबी खिंची तो शहर की सफाई व्यवस्था चरमरा सकती है। मानसून से पहले नालों की सफाई भी प्रभावित होने की आशंका है।

पप्पू हत्याकांड मामले का एक आरोपित गिरफ्तार, 17 थे नामजद

डीजे बजाने के बहाने बुलाकर मारा, फिर घर पर चढ़कर लोहे के रॉड से किया था हमला

मसौढ़ /नवबिहार टाइम्स संवाददाता। प्रेम विवाह से नाराज ससुराल पक्ष के लोगों के द्वारा युवक को लिडी डंडे से पीट पीट कर हत्या कर देने के मामले मे फरार नामजद प्राथमिकी अभियुक्त राहुल कुमार पिता विद्यानंद प्रसाद ग्राम सेवदाहा को गिरफ्तार किया गया है।इस पुरे हत्याकांड में 17 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई थी। दरअसल इस मामले में पीड़िता बिजन्ती देवी, 22 वर्ष, पति पप्पू कुमार, निवासी सेवदाहा बिगहा ने थाने में आवेदन देकर 17 लोगों पर हत्या की आशंका जताते हुए एफआईआर की थी, बिजन्ती देवी के अनुसार, 9 जुलाई 2023 की रात करीब 8 बजे वह अपने पति पप्पू कुमार के साथ घर पर थी। तभी गांव के ही राहुल कुमार उर्फ फोकुन, 22 वर्ष व चन्नु कुमार उर्फ रणवीर, 20 वर्ष, दोनों पिता बृजभूषण उर्फ गवन प्रसाद ने फोन कर डीजे बजाने के लिए पेट्रोल पंप के पास बुलाया। वहां पहुंचने पर दोनों ने पप्पू के साथ मारपीट कर जख्मी कर दिया। पप्पू जान बचाकर घर भागा तो राहुल, चन्नु समेत कमलेश प्रसाद उर्फ कांग्रेस, सहित 17 लोग लाठी-डंडा लेकर घर पर चढ़ आए। लोहे के रॉड से पप्पू के सिर पर वार किया, जिससे वह बेहोश होकर गिर गया। इसके बाद लाठी-डंडे से पीटकर अधमरा कर दिया। फिर उठाकर सफेद सैंट्रो कार में डालकर ले गए। बिजन्ती देवी ने बताया कि उसने 4 साल पहले पप्पू कुमार से प्रेम विवाह किया था। इसी रंजिश में आरोपियों ने सभी ने आपराधिक षड्यंत्र के तहत पप्पू की हत्या कर शव कहीं फेंक दिया। बहरहाल पुलिस अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर.पुलिस छापेमारी कर रही है।

आरोपित पत्नी कोर्ट मे किया सरेंडर, पुलिस ने भेजा जेल

मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। अपने पति की हत्या के मामले में नामजद आरोपी निभा कुमारी पिता रामजन्म यादव मखदुमपुर पिपरा ने शुक्रवार को मसौढी सिविल कोर्ट में सरेंडर कर दिया है, जहां पुलिस ने विधवत तौर पर उसे जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष ने बताया इस घटनाक्रम में बताया की यह घटना मसौढी थाना क्षेत्र के भलुआ गांव के रहने वाले नवदीप प्रसाद सिंह आवेदन पर कार्रवाई की गई थी, जिसमें आवेदन में लिखा गया था कि यह अपने बेटे संटू कुमार की शादी मखदुमपुर पिपरा थाना क्षेत्र के रहने वाले रामजन्म यादव की बेटी निभा कुमारी के साथ वर्ष 2014 में किए थे लेकिन तब से लेकर कई वर्षों तक उसकी बेटी इन दोनों के साथ नहीं रह रहे थे ऐसे में वर्ष 2023 में नवदीप प्रसाद सिंह ने अपने बेटे संटू की दूसरी शादी कर दिए, इसी रंजिश में नवल यादव ने एतवारपुर परसा बाजार जमीन खरीदारी के बहाने बुलाया और उसके बाद सबों ने मिलकर गला दबाकर हत्या करते हुए रेलवे ट्रैक पर फेंक दिया था।

दीदारगंज थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े पिस्टल भिडाकर फतुहा के वार्ड पार्षद पति से जेवरात की लूट

पुलिस गश्ती व्यवस्था पर उठे सवाल

दीदारगंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। पटना जिले के दीदारगंज थाना क्षेत्र में अपराधियों के हौसले इस कदर बुलंद हो चुके हैं कि अब आम लोग सड़क पर भी सुरक्षित महसूस नहीं कर रहे हैं.ताजा मामला शुक्रवार की सुबह आठ बज कर बीस मिनट की है, जहां बाइक सवार बदमाशों ने फतुहा के सात नंबर वार्ड पार्षद सुनीता गुप्ता की पति अनिल कुमार को निशाना बनाकर सोने की चेन और कीमती अंगूठी लूट ली.घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है, वहीं पुलिस प्रशासन की कार्यशैली पर भी गंभीर सवाल खड़े होने लगे हैं. प्राप्त जानकारी के अनुसार फतुहा के गोविंदपुर मुहल्ले निवासी वार्ड पार्षद पति अनिल कुमार शुक्रवार सुबह करीब 8:20 बजे अपने घर से पटना जा रहे थे. इसी दौरान रास्ते में दीदारगंज गंगा बृज पुल के पास एक काले रंग की केटीएम मोटरसाइकिल पर सवार दो अज्ञात अपराधियों ने उनके स्कूटी बाइक में पैर से मार कर गिरा दिया और बदमाशों ने अचानक हमला करते हुए पिस्तौल भिड़ाकर उनके गले से करीब 30 ग्राम वजन की सोने की चेन और 20 ग्राम वजन की सोने की अंगूठी लूट ली.घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी मौके से फरार हो गए. पीड़ित ने बताया कि दोनों अपराधियों की उम्र लगभग 25 से 26 वर्ष के बीच थी और वे काफी तेजी से वारदात को अंजाम देकर निकल गए. घटना के बाद पीड़ित ने दीदारगंज थाना पहुंचकर लिखित आवेदन देते हुए कार्रवाई की मांग की है.स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार आपराधिक घटनाएं बढ़ रही हैं, लेकिन पुलिस गश्ती और सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह लचर साबित हो रही है. सुबह के समय व्यस्त सड़क पर हुई इस लूट की घटना ने पुलिस प्रशासन की सतर्कता पर सवाल खड़े कर दिए हैं.लोगों ने आरोप लगाया कि यदि समय पर गश्ती और निगरानी होती, तो इस तरह की घटना को रोका जा सकता था.फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है, लेकिन बढ़ते अपराध को लेकर आम लोगों में भय और नाराजगी का माहौल बना हुआ.

सीएनजी टेम्पो में लदी 180 लीटर अवैध चुलाई शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। ऑपरेशन देसी शराब के तहत एक्साइज पुलिस की चल रही कारवाई के दौरान शुक्रवार को गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अलावलपुर गांव के पास एक उठऋ टेम्पो से 180 लीटर अवैध चुलाई शराब जब्त की है। मौके से दो शराब सप्लायरों को भी गिरफ्तार किया गया है।एक्साइज सुपरिंटेंडेंट संजय कुमार चौधरी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि पुनपुन के अलावलपुर इलाके से अवैध देशी शराब की खेप पटना भेजी जा रही है। सूचना का सत्यापन कर टीम ने घेराबंदी की और अलावलपुर के पास उठऋ टेम्पो को रोककर तलाशी ली। टेम्पो में छिपाकर रखे गए गैलनों में 180 लीटर चुलाई शराब बरामद हुई। गिरफ्तार सप्लायरों की पहचान गोलू कुमार, पिता अजय पासवान, निवासी दिघा नहर पर, पटना और धीरज कुमार पिता अशोक चौहान, दिघा की हुई है।पूछताछ में दोनों ने बताया कि शराब चकिया से लोड कर दीघा, पटना डिलीवरी देने जा रहे थे। एक्साइज सुपरिंटेंडेंट ने कहा कि पुनपुन-अलावलपुर क्षेत्र से लगातार अवैध शराब की तस्करी की शिकायतें मिल रही थीं।

गुमटी में छुपा कर बेचता था गांजा, 450 ग्राम गांजा बरामद, एक तस्कर गिरफ्तार

मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। ऑपरेशन मादक पदार्थ के खिलाफ चलाए जा रहा है अभियान के दौरान शुक्रवार को धनरूआ पुलिस ने गुरुवार को छापेमारी के दौरान वीर बाजार स्थित एक गुमटी से 450 ग्राम गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।थानाध्यक्ष ने बताया की गुप्त सूचना के आधार पर ग्राम वीर बाजार में छापामारी की गई। यहां एक गुमटी में छुपाकर गांजा बेचा जा रहा था। मौके से कुणाल कुमार, पिता योगेंद्र प्रसाद, ग्राम वीर, थाना धनरुआ, जिला पटना को 450 ग्राम गांजा के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया।पूछताछ में आरोपी ने क्षेत्र में गांजा बेचने की बात स्वीकार की है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। जब्त गांजा को जांच के लिए भेजा गया है। आरोपी के नेटवर्क व अन्य संलिप्त लोगों के बारे में पूछताछ की जा रही है। थानाध्यक्ष ने कहा कि क्षेत्र में नशे के कारोबार के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

होली मिशन सेकेंडरी स्कूल के आदित्य राज बारहवीं बोर्ड में पटना में टॉप

पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। हमेशा की भांति इस वर्ष भी होली मिशन सेकेंडरी स्कूल का 12 वीं का रिजल्ट अत्यंत शानदार रहा। विज्ञान संकाय के आदित्य राज 99% अंको के साथ टॉप किये हैं। विद्यालय के कुल 14 विद्यर्थियों ने 95% से अधिक एवम 71 विद्यार्थियों ने 90% से अधिक अंक ला कर विद्यालय का मान बढ़ाया है।

विज्ञान संकाय : 1. आदित्य राज-99% 2. शशांक सेठ-98% 3. हर्षित कृष्णा- 97.8% **वाणिज्य संकाय :** 1. आकृति राज-90.8% 2. अनमोल राघव-90.6% 3. पायल शर्मा-90% आदित्य राज को अंग्रेजी , गणित एवम फाइन आर्ट्स में अधिकतम 100 अंक आए हैं और बायोलॉजी में अधिकतम 100 अंक तनीषा, जाएरा इकबाल, अनुष्का प्रिया, साहिल, सारिका, आरुषि, श्रीपति, सुप्रिया और शशांक सेठ को आये है । केमिस्ट्री में अनम फातिमा को 99 अंक एवम फिजिक्स में हर्षित कृष्णा अधिकतम 98 अंक आये हैं। आयुष राज एवम शशांक सेठ म्यूजिक में अधिकतम 100 अंक आये हैं। फाइन आर्ट्स में कुल 66 विद्यार्थियों को 100 अंक आये हैं।

भाकपा माले के राज्य सम्मेलन की तैयारी तेज, शहर में चलाया जनसंपर्क अभियान

16 से 18 मई तक दरभंगा में होगा 12वां राज्य सम्मेलन

दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। लहेरियासराय, दरभंगा में आगामी 16 से 18 मई तक आयोजित होने वाले भाकपा माले के 12वें राज्य सम्मेलन की तैयारी को लेकर पार्टी ने हिलसा में सघन जनसंपर्क अभियान शुरू किया है। अभियान के तहत शहर के बाजार, चौक-चौराहों पर

कार्यकर्ता लोगों से संपर्क कर सम्मेलन में सहयोग और भागीदारी की अपील कर रहे हैं। जनसंपर्क अभियान का नेतृत्व भाकपा माले के प्रखंड सचिव अरुण यादव, कार्यालय सचिव दिनेश कुमार यादव और इंकलाबी नौजवान सभा के प्रखंड अध्यक्ष संजय पासवान ने संयुक्त रूप से किया। नेताओं ने कहा कि यह सम्मेलन ऐसे समय हो रहा है जब देश और दुनिया आर्थिक संकट और वैश्विक अस्थिरता से गुजर रही है। नेताओं ने मजदूर, किसान और आम जनता से जुड़े मुद्दों को लेकर सम्मेलन में व्यापक चर्चा होने की बात कही। उन्होंने बिहार में संविधान, लोकतंत्र और सामाजिक न्याय की रक्षा के लिए जनआंदोलन को मजबूत करने की जरूरत पर जोर दिया।

आरोपित ने मसौढी सिविल कोर्ट में किया सरेंडर

मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। घर में घुसकर महिला के साथ मारपीट छेड़खानी जानलेवा हमला करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी ने शुक्रवार को सिविल कोर्ट मसौढी में सरेंडर कर दिया है, मसौढी थाना कांड संख्या 712/ 25 के नामजद अभियुक्त रोहित कुमार पिता जगदीश यादव मीरापुर निवासी ने सिविल कोर्ट में सरेंडर किया जहां पुलिस ने विधवत तौर पर उसे जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि यह घटना बीते 30.8.2025 की है जो मसौढी थाना क्षेत्र के मीरापुर गांव के निवासी अनीता देवी पति टुन्नू यादव ने कुल चार व्यक्तियों के खिलाफ मसौढी थाने में घर में घुसकर मारपीट करना लोहे के रॉड से जानलेवा हमला करना, छेड़खानी करना और छिनतई करना आदि मामले में आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज की थी।

खाना बनाने को लेकर विवाद में विवाहिता की हत्या

दहेज हत्या का केस दर्ज; ससुर गिरफ्तार ● एकमा के आमडाढ़ी-कर्णपुरा गांव की घटना, सात माह की बच्ची को छोड़ गई महिला

एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। एकमा थाना क्षेत्र के आमडाढ़ी-कर्णपुरा गांव में विवाहिता की संदिग्ध मौत के मामले ने नया मोड़ ले लिया है। शुरूआती तौर पर फांसी लगाकर आत्महत्या की बात सामने आई थी, लेकिन मृतका के पिता के बयान पर पति, ससुर समेत अन्य ससुराल वालों के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मृतका के ससुर को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया, जबकि अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। मृतका की पहचान आमडाढ़ी-कर्णपुरा गांव निवासी पंकज

महतो की पत्नी सरिता कुमारी (22) के रूप में हुई है। बताया जाता है कि बुधवार सुबह खाना बनाने को लेकर पति-पत्नी के बीच कहासुनी हुई थी। इसके बाद पति किसी काम से छपरा चला गया। दिनभर घर के कामकाज निपटाने के बाद सरिता अपने कमरे में चली गई। देर शाम तक बाहर नहीं निकलने पर परिजनों को संदेह हुआ। काफी देर तक आवाज देने के बावजूद अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलने पर दरवाजा तोड़ा गया, जहां दुपट्टे के सहारे उसका शव लटका मिला। घटना के बाद परिवार में चीख-पुकार मच गई। सूचना पर एकमा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल छपरा भेज दिया। मृतका अपने पीछे सात माह की एक बच्ची छोड़ गई है। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इधर, मृतका के पिता मढ़ौरा थाना क्षेत्र के धेनुकी गांव निवासी कपिलदेव महतो ने एकमा थाने में आवेदन देकर गंभीर आरोप लगाए हैं। आवेदन में कहा गया है कि उनकी पुत्री की शादी 22 अप्रैल 2024 को पंकज महतो के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से पति पंकज महतो, ससुर लक्ष्मण महतो, जेठ धर्मात्मा महतो व जेठ की पत्नी यानि जेठानी आदि ससुराल वाले दहेज में एक लाख रुपये की मांग को लेकर उनकी पुत्री के साथ मारपीट और प्रताड़ना करते थे। आवेदन में आरोप लगाया गया है कि उनकी पुत्री की हत्या कर शव को फांसी से लटका दिया गया। पुलिस ने आवेदन के आधार पर संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर त्वरित कार्रवाई करते हुए मृतका के ससुर लक्ष्मण महतो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस निरीक्षक सह एकमा थानाध्यक्ष राम बालक यादव ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों की स्थिति और स्पष्ट होगी। अन्य नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

संक्षिप्त समाचार

जनता के दरबार में 44 आवेदनकर्ताओं की हुई सुनवाई

मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। समाहरणालय स्थित डॉ. राधाकृष्णन सभागार में आयोजित कार्यक्रम जनता के दरबार में जिला प्रशासन में जिले के विभिन्न अंचलों से आए 44 आवेदनकताओं की समस्याओं पर जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल के निर्देश के आलोक में अपर समाहर्ता (लोक शिकायत) शैलेन्द्र कुमार भारती एवं वरीय उप समाहर्ता विकास कुमार ने सुनवाई की। अपर समाहर्ता के द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को जनता दरबार से ही फोन करके मामले के शीघ्र निष्पादन का निर्देश दिया गया। प्राप्त शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए एडीएम पीजीआरओ ने कहा कि जो आवेदन प्राप्त हुए हैं उस पर संबंधित पदाधिकारी के स्तर से करवाई कराते हुए शीघ्र ही समस्या का विधिसम्मत निदान शीघ्र किया जाएगा । भूमि विवाद, अतिक्रमण वाद, राजस्व विभाग से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए जिसके शीघ्र निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश के साथ भेज देने का निर्देश प्रभारी पदाधिकारी जिला जन शिकायत कोषांग को दिया गया।

स्नातक तृतीय सेमेस्टर की आठवें दिन का परीक्षा संपन्न

मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। बी.आर.ए. बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर के तत्वावधान में स्नातक (सी.बी.सी.एस) तृतीय सेमेस्टर, सत्र 2024-28 की परीक्षा 8 मई 2026 से प्रारंभ है । मुंशी सिंह महाविद्यालय, मोतिहारी को एल.एन.डी कॉलेज, मोतिहारी और मोतिहारी डिग्री इवनिंग कॉलेज, मोतिहारी के परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा केंद्र बनाया गया है। दिनांक- 15/05/2026 को परीक्षा के आठवें दिन मुंशी सिंह महाविद्यालय, मोतिहारी परीक्षा केंद्र पर प्रथम पाली में एम.डी.सी के अंतर्गत भूगोल, अर्थशास्त्र, उर्दू और अंग्रेजी विषयों की परीक्षा संपन्न हुई, जिसमें कुल 394 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। वहीं, दूसरी पाली में एम.डी.सी ग्रुप- एल के अंतर्गत दर्शनशास्त्र विषय की परीक्षा हुई, जिसमें 963 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षा कदाचार मुक्त, अनुशासित एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। महाविद्यालय प्रशासन द्वारा परीक्षा की शुचिता एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक सभी प्रबंध किए गए थे। यह जानकारी मुंशी सिंह महाविद्यालय, मोतिहारी के प्राचार्य प्रो. एम.एन.हक और परीक्षा नियंत्रक डॉ. मशहूर अहमद के हवाले से महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. गौरव भारती ने दी।

नए प्रभारी प्रधानाध्यापक बने मो. मेराज सोहैल

चिरैया (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। प्रखंड क्षेत्र के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिरौना में वरीय शिक्षक मो. मेराज सोहैल ने शुक्रवार को नए प्रभारी प्रधानाध्यापक के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। निवर्तमान प्रभारी प्रधानाध्यापक मो. जफर इकबाल ने विद्यालय परिसर में आयोजित सादे समारोह में सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं की उपस्थिति में उन्हें विधिवत प्रभार सौंपा। कार्यभार ग्रहण के अवसर पर शिक्षक भागीरथ प्रसाद, दिनेश कुमार, पारस कुमार तथा शिक्षिकाएं प्रज्ञा भारती एवं मनीषा कुमारी साह समेत अन्य शिक्षकों ने मो. सोहैल का माला पहनाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। वहीं स्काउट एंड गाइड के जिला आयुक्त सह पूर्व प्रधानाध्यापक रत्नेश्वरी शर्मा एवं मो. कमरूल होदा ने उन्हें प्रधानाध्यापक की कुर्सी पर बैठाकर उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। इसके बाद नवनियुक्त प्रभारी प्रधानाध्यापक ने शिक्षकों के साथ बैठक कर वर्ग संचालन, अनुशासन एवं विद्यालय के विकास कार्यों की समीक्षा की। कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने विद्यालय परिवार के बीच मिठाई बांटकर खुशी जाहिर की।

नेपाल भागने की फिराक में सोमालिया नागरिक गिरफ्तार

रक्सौल(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा एजेंसियों को एक बड़ी सफलता मिली है। हरैया थाना क्षेत्र के कस्टम चौक के समीप जांच अभियान के दौरान एक सोमालिया नागरिक को गिरफ्तार किया गया, जो नेपाल के रास्ते भारत से बाहर जाने की कोशिश कर रहा था। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान मोहम्मद अहमद फराह के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, उक्त विदेशी नागरिक मेडिकल वीजा पर भारत आया था और हैदराबाद में रह रहा था। जांच में पता चला कि उसका वीजा करीब चार महीने पहले ही समाप्त हो चुका था। इसके बावजूद वह अवैध रूप से भारत में रह रहा था तथा नेपाल के रास्ते बाहर निकलने की तैयारी में था। आप्रवासन कार्यालय की टीम ने संदेह के आधार पर पूछताछ की, जिसमें कई अहम जानकारियां सामने आईं। इसके बाद उसे हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई के लिए हरैया थाना पुलिस को सौंप दिया गया। बताया गया है कि गिरफ्तार विदेशी नागरिक को कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा। मामले की पुष्टि एडीपीओ मनीष आनंद ने की है। कार्रवाई के दौरान हरैया थानाध्यक्ष किशन कुमार भी मौके पर मौजूद रहे।

मोकामा रेलवे स्टेशन पर विश्व पर्यावरण संरक्षण रैली

मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। भारतीय रेल में चल रहे विश्व पर्यावरण पखवाड़ा के तहत शुक्रवार को मोकामा रेलवे स्टेशन पर पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूकता रैली एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक दिनेश झा ने किया। इस अवसर पर लगभग 50 की संख्या में रेलवे कर्मचारी, संविदा कर्मी एवं आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी ने पर्यावरण को स्वच्छ और हरा-भरा रखने की सामूहिक शपथ ली। इसके बाद स्टेशन परिसर से जागरूकता रैली निकाली गई, जो रेलवे कॉलोनी तक गई। रैली के दौरान प्रतिभागियों ने पर्यावरण बचाने, प्लास्टिक का उपयोग कम करने और पौधरोपण जैसे संदेशों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में वरीय प्रशाखा अभियंता निलेश कुमार, रेल सुरक्षा बल के उपनिरीक्षक पप्पू यादव, पंकज कुमार, प्रवीण कुमार गुड्डू, मंटू कुमार, धर्मेन्द्र कुमार समेत अन्य रेल कर्मियों की सक्रिय भागीदारी रही। अधिकारियों ने कहा कि रेलवे का लक्ष्य न सिर्फ यात्री सेवा है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी अग्रणी भूमिका निभाना है।

शराब तस्करी मामले में एक महिला तस्कर गिरफ्तार

आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। स्थानीय थाना प्रभारी ने शराब तस्करी के मामले में एक महिला को अपने हिरासत में ली है, महिला शराब कारोबारी के रूप में पहले भी जेल जा चुकी है, इनके द्वारा शुक्रवार के दिन बोरे में मक्के के अन्दर विदेशी शराब कस्तूरी पच्चीस पीस लेकर बस मे बैठीं थीं कि अचानक 112 डायल की गाड़ी ऐन मौके पर पहुंच कर शराब सहित महिला को हिरासत में ले ली , पकड़े गए महिला आरोपी कटगेनवा गांव निवासी झलासो देवी के रूप में पहचान किया गया है साथ में एक अन्य शराब कारोबारी गौरीशंकर चौधरी श्यामपुर बाजार पासी टोला बताया गया है थाना प्रभारी पूजा कुमारी ने पकड़े गए आरोपीयों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जा रही है जिन्हें शनिवार को न्यायिक हिरासत में मोतिहारी भेजा जाएगा।

सड़कों पर ही मॉर्निंग वॉक को मजबूर लोग

बगहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। वर्ष 1974 में नगर परिषद की स्थापना के बाद से बगहा शहर में विकास के कई दावे किए गए, लेकिन आज तक एक भी सार्वजनिक पार्क का निर्माण नहीं हो सका है। स्थिति यह है कि शहरवासी सुबह की सैर और व्यायाम के लिए सड़कों का सहारा लेने को मजबूर हैं। इससे दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना रहता है और आए दिन लोग हादसों का शिकार भी हो रहे हैं। सबसे अधिक परेशानी बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को हो रही है। सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण के अभाव में लोग व्यायाम जैसी जरूरी गतिविधियों से भी वंचित हो रहे हैं।

आर्केस्ट्रा संचालिका के डेरा में चोरी, नगदी-जेवर समेत लाखों की संपत्ति गायब

लहलादपुर (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। जनता बाजार थाना क्षेत्र के हरपुर कोठी गांव में एक आर्केस्ट्रा संचालिका के किराए के डेरा में चोरी की घटना सामने आई है। चोर नगदी, सोने-चांदी के जेवर समेत लाखों रुपये मूल्य की संपत्ति चोरी कर फरार हो गए। घटना मंगलवार रात की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, प्रखंड कार्यालय के समीप जनता बाजार-महाराजगंज मुख्य सड़क किनारे रामेश्वर राय के मकान में रह रही आर्केस्ट्रा संचालिका खुशी मंगलवार रात एक बारात में कार्यक्रम देने गई थीं। बुधवार सुबह करीब चार बजे लौटने पर उन्होंने मकान के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा देखा। अंदर जाकर देखा तो दोनों कमरों के ताले टूटे थे और सामान बिखरा पड़ा था। पीड़िता ने बताया कि बक्से का ढक्कन तोड़कर उसमें रखे करीब ढाई लाख रुपये नगद, सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर लिए गए। इसके अलावा मिट्टी के दो गुल्लक तोड़कर उसमें रखे हजारों रुपये भी चोर ले गए।

'राष्ट्र के नाम मध्यस्थता केन्द्र 2.0' अभियान के अंतिम दिन कई पारिवारिक विवादों का कराया गया समाधान

मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में जिला मध्यस्थता केंद्र द्वारा आयोजित 'राष्ट्र के नाम मध्यस्थता 2.0' अभियान के अंतिम दिन कई पारिवारिक विवादों का सफलतापूर्वक समाधान कराया गया। इस विशेष अभियान के अंतर्गत दो बिछड़े हुए दंपत्तियों के बीच आपसी सुलह एवं सामंजस्य स्थापित कर उनके दाम्पत्य जीवन को पुनः बहाल कराया गया। एडीजे श्रीमती रेशमा वर्मा एवं पुनीत कुमार तिवारी, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, मोतिहारी के अथक प्रयासों से चकिया निवासी अजय कुमार एवं आकांक्षा कुमारी तथा थाना बंजारिया अंतर्गत रोहिणिया निवासी प्रियंका कुमारी एवं राजेश कुमार के बीच लगभग दो वर्षों से लंबित वैवाहिक विवाद का सौहार्दपूर्ण समाधान कराया गया। दोनों पक्षों ने आपसी मतभेद भुलाकर पुनः साथ रहने का निर्णय लिया, जिससे उनके परिवारों में खुशी का माहौल व्याप्त हो गया। इसके अतिरिक्त 'राष्ट्र के नाम मध्यस्थता अभियान' के तहत 250 से अधिक पुराने पारिवारिक मामलों का सफल निष्पादन कराया गया। यह अभियान जिला विधिक सेवा प्राधिकार, मोतिहारी के लिए एक उल्लेखनीय उपलब्धि एवं नजीर साबित हुआ है। अन्य मध्यस्थगण श्री विमलेश्वर नाथ तिवारी, बिनोद कुमार राव, अशोक कुमार पाण्डेय, रमाकांत पाण्डेय एवं ऋषि राज द्वारा भी निस्वार्थ भाव से मध्यस्थता कर अनेक परिवारों के जीवन में पुनः खुशियाँ लौटाई गईं।सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, मोतिहारी नितिन त्रिपाठी ने सभी मध्यस्थों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मध्यस्थता समाज में सौहार्द एवं पारिवारिक मूल्यों को सुदृढ़ करने का प्रभावी माध्यम है। इस अभियान की सफलता में कार्यालय कर्मी राजेश कुमार प्रसाद, सहायक रौशन कुमार एवं निरंजन कुमार सिंह का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा।

पचास वर्षों से जमीन पर काबिज गरीबों पर चला बुलडोजर

तीन परिवारों के बाल बच्चे पेड़ की छांव में फूल बेचकर पेट पालने का करते हैं काम

आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। न्यायालय के आदेश पर गुरुवार के दिन सिरिसिया कला गांव में तीन परिवारों के आवास पर बुलडोजर ने घर तोड कर तहस नहस कर दिया, यहां बता दें कि उक्त गांव निवासी साकिर मियां ने न्यायालय से गुहार लगाते हुए रामधारी भगत माली पिता लक्ष्मी भगत, गौरीशंकर भगत पिता लक्ष्मी भगत, लालाबाबू भगत पिता धनराज भगत के खिलाफ अदालत में सुनवाई चल रही थी,जिसे गुरुवार के दिन आदापुर थाना और हरपुर थाना प्रभारी प्रियंका सिंह के नेतृत्व में कारवाई की गई,सीओ अनामिका सिंह सहित अंचल कर्मी व पुलिस बल दर्जनों के तादाद में मौजूद रहकर परिवार जनों को घर से निकाल बाहर किया,पिडित परिवारों ने शुक्रवार के दिन दस बजे सुबह से ही बीन खायें पीये अंचल के दरवाजा खटखटाने व अपने अधिकार देने हेतु अंचल कार्यालय में हो हल्ला किया,इन लोगों ने बताया कि हम लोग भूमि हीन है जो करीब पचास वर्षों से जमीन पर काबिज है जिसे आज अपने बाल बच्चों के साथ पेड़ के छाये में बिताया गया,घर में रखे खाने पीने की सारी सामान विशिष्ट कर दिया गया, बुलडोजर चला कर गरीबों के साथ अन्याय की गई,फुल बेचकर कमाने खाने वालों पर सीओ की कारवाई पर संदेह करते हुए आन्दोलन करने की धमकी दी गई।

आंगनबाड़ी केंद्रों पर लगा आरबीएसके स्वास्थ्य शिविर

मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। मशरक प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों पर राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के तहत बच्चों के स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 0 से 18 वर्ष तक के बच्चों की स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक चिकित्सीय परामर्श और सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। सीएचसी मशरक के स्वास्थ्य प्रबंधक अमित कुमार ने बताया कि गांवों के आंगनबाड़ी केंद्रों और स्कूलों में बच्चों की जांच के लिए दो स्वास्थ्य टीमें लगाई गई हैं। टीम में डॉ. जन्नत खां और डॉ. ससीता फैज शामिल हैं। खजुरी गांव में आयोजित शिविर में बच्चों की सामान्य चिकित्सकीय जांच, वजन, पोषण स्थिति, टीकाकरण की समीक्षा और अन्य आनुवंशिक बीमारियों की स्क्रीनिंग की गई।

50.7 लीटर नेपाली शराब बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। 71वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) बरहरवा एवं जितना थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में नेपाल से भारत लाई जा रही भारी मात्रा में शराब बरामद की गई। इस दौरान दो तस्करों को गिरफ्तार करते हुए एक मोटरसाइकिल भी जब्त की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गुरुवार को 71वीं वाहिनी मोतिहारी की आ-सूचना शाखा द्वारा शाम 5:20 बजे समवाय प्रभारी को सूचना मिली कि कुछ लोग नेपाल से भारत के धेनुखी बलुआ गांव के रास्ते शराब की तस्करी करने की फिराक में हैं। सूचना मिलते ही इसे जितना थाना पुलिस के साथ साझा किया गया।सूचना के सत्यापन एवं कार्रवाई के लिए हवलदार नीरज कुमार सिंह के नेतृत्व में एसएसबी के चार अन्य जवानों तथा जितना थाना के एसआई रामेश्वर भंडारी को शामिल कर संयुक्त स्पेशल पेट्रोलिंग पार्टी का गठन किया गया। टीम शाम 5:40 बजे धेनुखी बलुआ गाँव के लिए रवाना हुई।करीब 6:15 बजे संयुक्त पेट्रोलिंग पार्टी जब धेनुखी बलुआ गांव के बॉर्डर लाइन स्थित पिलर संख्या 364/29 के पास पहुंची, तभी नेपाल से भारत की ओर आ रहे दो व्यक्तियों को मोटरसाइकिल पर संदिग्ध सामान ले जाते देखा गया।

एनएच 80 पर पिकअप और ई-रिक्शा में भीषण टक्कर, चालक की मौत

मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। मरांची थाना क्षेत्र के एनएच 80 पर शुक्रवार की अहले सुबह एक अनियंत्रित पिकअप और ई-रिक्शा के बीच हुई जोरदार टक्कर में ई-रिक्शा चालक की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान मरांची इंग्लिश निवासी मसुदन साव के पुत्र संतोष साव ई-रिक्शा चालक के रूप में हुई है। वहीं, घायल युवक इसी गांव के युगल साव का पुत्र सुमन कुमार है।मिली जानकारी के अनुसार, शुक्रवार सुबह एक पिकअप वाहन (जो हाथीदह से चकाई की ओर जा रहा था) ने मरांची थाना के समीप विपरीत दिशा से आ रहे ई-रिक्शा में सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ई-रिक्शा के परखच्चे उड़ गए और उस पर सवार दोनों लोग लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़े।घटना की सूचना मिलते ही मरांची थाना की पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मरांची में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने दोनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच, पटना रेफर कर दिया। परंतु, पटना ले जाने के क्रम में रास्ते में ही ई-रिक्शा चालक संतोष साव ने दम तोड़ दिया। इस घटना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया है। मामले की जानकारी देते हुए मरांची थानाध्यक्ष अवधेश कुमार ने बताया कि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दुर्घटनाग्रस्त दोनों वाहनों को जब्त कर लिया है। वहीं, दुर्घटना के जिम्मेदार पिकअप चालक अजय सिंह चकाई निवासी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया पूरी कर रही है और मामले की आगे की छानबीन में जुट गई है।

बीरगंज में 21 दिवसीय निःशुल्क मेहंदी प्रशिक्षण शिविर का समापन

रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। नेपाल के बीरगंज में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से संस्था अरुणोदय द्वारा आयोजित 21 दिवसीय निःशुल्क मेहंदी प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोहपूर्वक किया गया। समापन अवसर पर प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली छात्राओं को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नीलम अग्रवाल ने कहा कि वर्तमान समय में मेहंदी कला की उपयोगिता और व्यवसायिक महत्व तेजी से बढ़ा है। महिलाएं इस प्रकार के प्रशिक्षण प्राप्त कर स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ सकती हैं और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकती हैं। उन्होंने कहा कि हुनर आधारित शिक्षा महिलाओं के सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

सीबीएसई 12वीं के रिजल्ट में सीपीएस, छपरा का जलवा

लक्की ने 96% और आदित्य ने 95% अंक हासिल किए, दो दर्जन से अधिक विद्यार्थियों को चित्रकला में 100 में 100

छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। सीबीएसई द्वारा घोषित 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में सीपीएस, छपरा के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस वर्ष भी विद्यालय के छात्रों ने उत्कृष्ट अंक हासिल कर सफलता का परचम लहराया। दर्जनों विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता को साबित किया है। आर्ट्स स्ट्रीम में श्रीनिवास सिंह एवं मीरा देवी के पुत्र लक्की सिंह राजपूत ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में टॉप प्रदर्शन किया। उन्होंने जियोग्राफी विषय में 99 अंक हासिल कर विशेष उपलब्धि दर्ज की। वहीं साइंस स्ट्रीम में जय प्रकाश राय एवं अनीता देवी के पुत्र आदित्य कुमार ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। आदित्य ने बायोलॉजी में 99 अंक हासिल कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। कॉमर्स स्ट्रीम में संजीव कुमार एवं किरण देवी के पुत्र पीयूष कुमार ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर बेहतर प्रदर्शन किया। अन्य सफल विद्यार्थियों में सलोनी ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त किए और पोलिटिकल साइंस में 99 अंक हासिल किए। सृजन चटर्जी ने 92.2 प्रतिशत, राज ने 91 प्रतिशत तथा सुहानी ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। विद्यालय के लिए यह भी गौरव का विषय रहा कि दो दर्जन से अधिक विद्यार्थियों ने चित्रकला विषय में 100 में 100 अंक प्राप्त किए। इस उपलब्धि ने विद्यालय के अनुशासित शैक्षणिक माहौल और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था को फिर साबित किया है। विद्यालय के चेयरमैन डॉ. हरेंद्र सिंह ने सफल विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के विश्वास का परिणाम है। उन्होंने कहा कि विद्यालय हमेशा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध रहा है। रिजल्ट घोषित होने के बाद विद्यालय परिसर में उत्साह का माहौल रहा। निदेशक मंडल और शिक्षकों ने विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर खुशी साझा की। विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया।

प्रो. प्रसून दत्त सिंह को मिला डिजाइन पेटेंट : संस्कृत शोध के डिजिटलीकरण में महत्त्वपूर्ण उपलब्धि

प्रो. प्रसून दत्त सिंह एवं इलाहाबाद विश्वविद्यालय के प्रो. अनिल प्रताप गिरि को मिला 'डिजिटल संस्कृत पाठ अनुसंधान' हेतु डिजाइन पेटेंट

मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, के संस्कृत विभागाध्यक्ष प्रो. प्रसून दत्त सिंह एवं इलाहाबाद विश्वविद्यालय के प्रो. अनिल प्रताप गिरि को भारत सरकार के पेटेंट कार्यालय द्वारा 'डिजिटल संस्कृत पाठ अनुसंधान हेतु आंकड़ा संसाधन उपकरण' के लिए डिजाइन पेटेंट प्रदान किया गया है। यह उपलब्धि संस्कृत शोध, भारतीय ज्ञान परम्परा तथा डिजिटल प्रौद्योगिकी के समन्वय की दिशा में एक ऐतिहासिक एवं अभिनव पहल मानी जा रही है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने दोनों विद्वानों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह उपलब्धि न केवल विश्वविद्यालय की अनुसंधान क्षमता एवं शैक्षिक उत्कृष्टता को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित करती है, अपितु 'विकसित भारत' के संकल्प में भारतीय भाषाओं एवं प्राचीन ज्ञान परम्परा की सक्रिय भूमिका को भी सशक्त रूप से रेखांकित करती है। उन्होंने कहा कि प्रो॰ प्रसून दत्त सिंह एवं प्रो. अनिल प्रताप गिरि द्वारा विकसित यह अभिनव उपकरण संस्कृत पाण्डुलिपियों, ग्रंथों एवं डिजिटल पाठों के विश्लेषण को अत्यंत सरल, तीव्र एवं प्रभावी बनाएगा, जिससे देश-विदेश के शोधार्थियों एवं विद्वानों को व्यापक लाभ प्राप्त होगा।यह उपकरण संस्कृत के डिजिटल ग्रंथों में निहित विशिष्ट भाषायी प्रतिरूपों, व्याकरणिक संरचनाओं तथा संदर्भगत तत्वों की अत्यल्प समय में खोज एवं विश्लेषण करने में सक्षम है। संस्कृत अध्ययन एवं पाण्डुलिपि अनुसंधान के क्षेत्र में यह तकनीक शोध की नवीन संभावनाओं के द्वार खोलेगी तथा भारतीय ज्ञान परम्परा को आधुनिक तकनीकी आधार प्रदान करेगी। संस्कृत साहित्य, भारतीय ज्ञान परम्परा एवं शैक्षिक नेतृत्व के क्षेत्र में प्रो. प्रसून दत्त सिंह का योगदान अत्यंत उल्लेखनीय एवं बहुआयामी रहा है। वे महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय में संस्कृत विभागाध्यक्ष, परिसर निदेशक, मुख्य अनुशासक तथा पूर्व अधिष्ठाता के रूप में दीर्घकाल से शैक्षिक, प्रशासनिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का सफल नेतृत्व कर रहे हैं। भारतीय दर्शन, वैदिक साहित्य, संस्कृत काव्यशास्त्र एवं पाण्डुलिपि विज्ञान उनके प्रमुख अनुसंधान क्षेत्र हैं। उनके निर्देशन में अनेक शोधार्थियों ने विद्यावारिधि उपाधि प्राप्त की है तथा उनके द्वारा अनेक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठियों, व्याख्यानमालाओं एवं शैक्षणिक आयोजनों का सफल संयोजन किया गया है। प्रो॰ सिंह की अनेक महत्वपूर्ण पुस्तकें एवं शोधपत्र प्रकाशित हो चुके हैं तथा वे शोध पत्रिकाओं के संपादन से भी सक्रिय रूप से जुड़े हैं। भारतीय ज्ञान परम्परा, राष्ट्रचिन्तन, संस्कृति एवं मानव कल्याण विषयक उनके अकादमिक योगदानों के लिए उन्हें 'संस्कृत भूषण सम्मान' तथा 'सर्वपल्ली राधाकृष्णन सम्मान' जैसे राष्ट्रीय सम्मानों से अलंकृत किया जा चुका है। विश्वविद्यालय परिवार ने इस महत्त्वपूर्ण उपलब्धि पर प्रो॰ प्रसून दत्त सिंह एवं प्रो॰ अनिल प्रताप गिरि को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि यह उपलब्धि भारतीय भाषाओं एवं संस्कृत अनुसंधान को वैश्विक स्तर पर नई पहचान प्रदान करेगी।

बिना पार्किंग वाले प्रतिष्ठानों से मशरक में बिगड़ी यातायात व्यवस्था

मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। नगर पंचायत क्षेत्र के प्रमुख बाजारों में बिना पार्किंग सुविधा के संचालित मॉल और बड़े प्रतिष्ठानों के कारण यातायात व्यवस्था लगातार बिगड़ती जा रही है। सड़क किनारे अनियंत्रित तरीके से वाहन खड़े किए जाने से दि

दाउदनगर में अतिक्रमण के खिलाफ चला बुलडोजर

अवैध पार्किंग से 20 हजार की वसूली

दाउदनगर के भखरुआ में चलाया गया अतिक्रमण हटाओ अभियान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

दाउदनगर (औरंगाबाद)। अनुमंडल मुख्यालय के भखरुआ मोड़ पर अतिक्रमण हटाओ अभियान शुक्रवार को चलाया गया। चौराहा से नहर पथ तक के हिस्से में अतिक्रमण हटाया गया। जबकि औरंगाबाद-पटना पथ और दाउदनगर गया पथ पर बाद में अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया जाएगा। अंचल अधिकारी शैलेंद्र कुमार यादव ने बताया कि इस अभियान में दो बुलडोजर, तीन ट्रैक्टर के साथ कई मजदूर लगाए गए। वहीं अवैध पार्किंग के कारण विभिन्न वाहनों से 20 हजार रुपये की दंडात्मक वसूली की गई। दंड लगाने के लिए जिला परिवहन कार्यालय के अधिकारी उपस्थित रहे। महत्वपूर्ण है कि गुरुवार को अनुमंडल पदाधिकारी अमित राजन ने एक आदेश जारी किया था, जिसमें साफ कहा गया है कि चौराहे से लेकर औरंगाबाद रोड में डीसीबी बैंक तक, पटना रोड में पंजाब नेशनल बैंक तक, गोह रोड में भी मार्ट तक और बाजार रोड में नहर तक वाहन पार्किंग के लिए समय निर्धारित कर दिया है। सुबह आठ बजे से रात आठ बजे तक इन स्थानों पर किसी भी तरह का वाहन पार्किंग नहीं करना है और ना ही मालवाही वाहन से माल लोड और अनलोड करना है। एसडीओ अमित राजन, एसडीपीओ अशोक कुमार दास, नगर परिषद के कार्यपालक अधिकारी ऋषिकेश अवस्थी, थानाध्यक्ष विकास कुमार, पुलिस बल मौजूद रहे। अभियान के दौरान सड़क किनारे खड़े बस, ट्रक, ई-रिक्शा और अन्य व्यावसायिक वाहनों को हटाया गया। कई वाहनों पर जुर्माना भी लगाया गया। वहीं सड़क पर गिराए गए निर्माण सामग्री को हटवाया गया तथा जेसीबी मशीन से सड़क के दोनों किनारों की मिट्टी साफ कराई गई। बड़े पैमाने पर कार्रवाई हुई।

खाते से निकाले गए रुपये साइबर पुलिस ने लौटाए

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

औरंगाबाद। साइबर ठगी के शिकार हुए एक व्यक्ति को साइबर पुलिस ने फ्रॉड की राशि रिकवर कर शुक्रवार को लौटा दी। पीड़ित की पहचान नरारी कला खुर्द थाना क्षेत्र के नरारीखुर्द गांव निवासी संजय सिंह के रूप में की गई। पीड़ित ने बताया कि 12 जून 2025 को उसके साथ 50 हजार रुपये का साईबर फ्रॉड हुआ था। इसके बाद उसने नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल (1930) पर शिकायत दर्ज कराई थी। मामला दर्ज होते ही साइबर थाना द्वारा विधि-सम्मत तरीके से जांच की गई और साइबर फ्रॉड के अकाउंट से राशि रिकवर कर पीड़ित को लौटा दी गयी। इस संबंध में साइबर डीएसपी अनुराग कुमार ने बताया कि नरारीखुर्द गांव निवासी संजय सिंह के खाते से 50 हज़ार रुपये फ्रॉड कर निकाल ली गई थी। साईबर पुलिस ने मामले की जांच की। जांच के बाद जिस खाते में लेनदेन किया गया। उस खातों को होल्ड कराकर बैकों की सहायता से पीड़ितों की धनराशि उनके खाते में उपलब्ध कराई गई है।

विद्यालयों में नहीं होना चाहिए भेदभाव : विधायक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

दाउदनगर (औरंगाबाद)। कन्या इंटर विद्यालय में शुक्रवार को विधायक डा. प्रकाश चंद्रा के नेतृत्व में विद्यालय प्रबन्ध समिति की बैठक की गई। उनका पहली बार आगमन पर सम्मानित किया गया। प्रभारी प्रधानाध्यापक रवींद्रनाथ ने अध्यक्षता की। विद्यालय प्रबंध समिति के समस्त सदस्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में अनुमंडल पदाधिकारी अमित राजन, डीपीओ, प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी विकास कुमार, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी ऋषिकेश अवस्थी, प्रबन्ध समिति के सदस्य नीरज कुमार, आशा देवी उपस्थित रहे। विधायक द्वारा वर्ष-2026 की वार्षिक परीक्षा में बेहतर अंक लानेवाली 10 वीं एवं 12 वीं के छात्राओं को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। डा. प्रकाशचंद्र ने कहा कि जैसे हम मंदिर में निश्छल एवं निष्कपट होकर जाते हैं वैसे ही विद्यालय में भी आना चाहिए। विद्यालय में धर्म या जाति के आधार पर कोई भेदभाव नहीं होना चाहिए। विद्यालय में दो ही तरह के लोग होते हैं एक शिक्षक और दूसरे विद्यार्थी। विद्यालयों में शिक्षकों के बीच स्थित जाति वैमनस्यता को लेकर विधायक ने चिंता प्रकट करते हुए कहा कि विद्यालय में किसी प्रकार के भेद-भाव एवं छुआ-छूत का कोई स्थान नही है। उन्होंने कहा कि विद्यालय प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष होने के नाते विद्यालय के विकास के मार्ग में किसी प्रकार का अवरोध उतपन्न नहीं होने दूंगा, क्योंकि इस विद्यालय से मेरा भावनात्मक लगाव है। विद्यालय में पेयजल की उत्तम व्यवस्था करने, अतिक्रमण हटाने, मीटिंग हॉल बनाने, सेनेटरी वेडिंग मशीन लगाने का निर्देश दिया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शिक्षिका सुरभि कुमारी ने किया। इस अवसर वार्ड पार्षद चिंटू मिश्रा, मुकेश मिश्रा, प्रशांत इन्द्रगुरु, राव मनीष, किशोर कुमार सिन्हा, एसबीआई मैनेजर फयाज अहमद, संतोष कुमार, मोहम्मद साबिर अहमद, रामजीत कुमार, मनीष कुमार, जयशंकर प्रसाद, सत्यम कुमार पांडेय, सुनील कुमार, नन्दू कुमार, अभय कुमार सिंह, माया कुमारी, लकी कुमारी, रिजवान अहमद उपस्थित रहे।

सीबीएसई 12वीं में बी.एल. इंडो एंग्लियन पब्लिक स्कूल का शानदार प्रदर्शन, विवेक सिन्हा बने टॉपर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। शिक्षा के आकाश में एक बार फिर सफलता की उजली रेखा खींचते हुए बी.एल. इंडो एंग्लियन पब्लिक स्कूल ने सीबीएसई कक्षा 12 की परीक्षा 2026 में शानदार प्रदर्शन किया है। विद्यालय का परिणाम इस वर्ष न केवल उत्कृष्ट रहा, बल्कि छात्रों की मेहनत और शिक्षकों के समर्पण की गूंज भी साफ सुनाई दी। इस उपलब्धि के केंद्र में रहे छात्र विवेक सिन्हा, जिन्होंने शानदार अंक हासिल कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया और स्कूल का नाम गौरवान्वित किया। उनके इस प्रदर्शन ने अन्य विद्यार्थियों के लिए एक नई प्रेरणा की राह खोल दी है। परिणामों की बात करें तो 27 से अधिक छात्रों ने 90 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त कर उत्कृष्टता का परचम लहराया। वहीं 36 छात्रों ने 80 से 90 प्रतिशत के बीच अंक हासिल किए, जबकि 91 छात्रों ने 70 से 80 प्रतिशत के बीच अंक लाकर अपनी प्रतिभा का दम दिखाया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने सभी सफल छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता छात्रों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के निरंतर सहयोग का संयुक्त परिणाम है। उन्होंने विवेक सिन्हा सहित सभी मेधावी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के निदेशक एवं सचिव ने भी इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह परिणाम संस्थान की शैक्षणिक गुणवत्ता और प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्ट परिणाम देने का संकल्प दोहराया। विद्यालय परिवार ने इस सफलता के लिए सभी अभिभावकों और शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया है, जिनके अथक प्रयासों ने इस उपलब्धि को संभव बनाया।

अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त , चालक फरार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। अवैध बालू उत्खनन और परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत नरारी कलां खुर्द थाना की पुलिस ने बालू लदे एक ट्रैक्टर जब्त किया है। कार्रवाई के दौरान चालक पुलिस को देखकर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने जब्त ट्रैक्टर को थाना लाकर मामले की जानकारी जिला खनन विभाग को दे दी है। जानकारी के अनुसार सूचना के आधार पर अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर रोका गया। इस दौरान पुलिस को चकमा देकर चालक फरार हो गया। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने पूरे मामले की जानकारी जिला खनन पदाधिकारी को दे दी है। खनन विभाग द्वारा अब जब्त बालू और वाहनों की जांच की जा रही है। जांच के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सूत्रों के अनुसार जिले में इन दिनों अवैध बालू कारोबार तेजी से फैल रहा है। रात और अहले सुबह नदी घाटों से बालू का अवैध उत्खनन कर ट्रैक्टर और अन्य वाहनों के माध्यम से विभिन्न इलाकों में परिवहन किया जा रहा है। इससे सरकार को राजस्व का नुकसान होने के साथ-साथ पर्यावरण पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार जिले में सोन नदी के साथ-साथ पुनपुन और बटाने नदी क्षेत्रों में अवैध बालू उत्खनन और परिवहन का कारोबार तेजी से चल रहा है। कई स्थानों पर बिना अनुमति नदी घाटों से बालू निकाला जा रहा है। स्थानीय लोगों द्वारा भी लगातार इसकी शिकायत प्रशासन से की जा रही है।

बारात से लौटने के दौरान सड़क हादसे में तीन युवक जख्मी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। शुक्रवार को बिहार-झारखंड बॉर्डर इलाके में एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना पलामू जिले के हरिहरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत ढाब खड़कपुर गांव के समीप एनएच-98 पर हुई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। घायलों की पहचान औरंगाबाद जिले के टंडवा थाना क्षेत्र के सिमरी गांव निवासी 28 वर्षीय गुड्डू कुमार, 30 वर्षीय सुनील कुमार तथा 23 वर्षीय गोपी कुमार के रूप में की गई है। बताया जाता है कि गुड्डू और सुनील आपस में चचेरे भाई हैं, जबकि गोपी उनका भतीजा है। बाइक गुड्डू चल रहा था। परिजनों के अनुसार तीनों युवक गुरुवार को एक ही बाइक पर सवार होकर हरिहरगंज के लादी गांव से छतरपुर थाना क्षेत्र के नावडीहा गांव में एक रिश्तेदार की बारात में शामिल होने गए थे। शुक्रवार को बारात से लौटने के दौरान ढाब गांव के समीप पीछे से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तीनों युवक सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और घायलों को संभाला। लोगों की मदद से तीनों को इलाज के लिए हरिहरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। वहां ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार शुरू किया। इस दौरान गुड्डू कुमार की हालत बेहद गंभीर पाई गई। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद रेफर कर दिया।

वहीं घायल सुनील कुमार और गोपी कुमार का इलाज हरिहरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। चिकित्सकों के अनुसार दोनों की स्थिति फिलहाल खतरे से बाहर बताई जा रही है। सदर अस्पताल में मौजूद परिजनों ने बताया कि गुड्डू अपने बहनोई के फुफेरे भाई की शादी में शामिल होने गया था। शादी समारोह से लौटते समय यह हादसा हो गया। घटना के बाद परिवार में चिंता और मातम का माहौल बना हुआ है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है तथा अज्ञात वाहन की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

समर कैंप के माध्यम से भारतीय भाषा के विकास पर जोर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

अंबा (औरंगाबाद)। भारतीय भाषा समर कैंप पिछले तीन से जारी है। आज उच्च माध्यमिक विद्यालय बैरांव में तीसरे दिन उक्त कार्यक्रम से संबंधित कई खूबसूरत प्रस्तुतियां बच्चों के द्वारा दी गई। तीसरे दिन का मुख्य विषय वस्तु गीत, संगीत, नृत्य एवं चित्रकला था। दरअसल ये सभी कार्यक्रम बच्चों में भाषाई दक्षता के विकास हेतु आयोजित किए जा रहे हैं जिसमें दैनिक जीवन में किए जाने वाले हर गतिविधि से बच्चों को अवगत कराते हुए उन्हें अपनी मातृभाषा अथवा क्षेत्रीय भाषा में अपने कौशल का प्रदर्शन करना है। इसका मुख्य उद्देश्य बहुभाषिकतवाद को बढ़ावा देना है। वर्ग दशम की अंशिका, चांदनी, खुशी ने झिझिया, घूमर नृत्य से मन मोहा तो दशम के ही कौशल, गोलू, प्रभात, गोपाल, आयुष इत्यादि ने जिया हो बिहार के लाला गाने पर झूमने पर मजबूर कर दिया। अनामिका ने वैवाहिक गीत गाकर सभी की आंखें नम कर दी। वर्ग नवम की श्वेता, यशु ने बेहतरीन नृत्य प्रस्तुत किया तो वहीं गूंजा, चंचल इत्यादि ने अच्छे अच्छे गीतों से समां बांध दिया। चित्रकला में संदीप ने खूबसूरत चित्र बना कर अपनी प्रतिभा सिद्ध की। प्रधानाध्यापक विनय कुमार गुप्ता ने कहा कि ये सभी भाषा संबंधी कार्यक्रम कराए जा रहे हैं जो लगातार सात दिनों तक चलेगा और हर दिन का विषय वस्तु अलग है। इस मौके पर विद्यालय अध्यापिका सुनीता कुमारी प्रथम, संगीत शिक्षक यतीश पाठक इत्यादि उपस्थित थे।

गेवालगंज में नल-जल योजना फेल, बुनियादी सुविधाओं के अभाव में जूझ रहे ग्रामीण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

औरंगाबाद। जिले के मदनपुर प्रखंड अंतर्गत नीमा आंजन पंचायत के गेवालगंज गांव में विकास योजनाओं की हकीकत बेहद निराशाजनक तस्वीर पेश कर रही है। करीब 50 घरों और लगभग 300 की आबादी वाले इस गांव के लोग आज भी बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं। ग्रामीणों का मुख्य पेशा खेती है, लेकिन सिंचाई की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण खेती घाटे का सौदा बनती जा रही है। अधिकांश युवा रोजगार की तलाश में दूसरे राज्यों की ओर पलायन कर चुके हैं, जबकि कुछ ही लोग सरकारी सेवा में हैं। गांव में नल-जल योजना की स्थिति पूरी तरह बदहाल है। ग्रामीणों का आरोप है कि अब तक जलमीनार का निर्माण नहीं हो सका है और न ही पानी की टंकी लगाई गई है, जिसके कारण उन्हें पीने के पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है। इसको लेकर पीएचईडी विभाग के अधिकारियों की उदासीनता साफ झलकती है। वहीं, गांव की सड़कों की हालत भी बेहद खराब है। गलियों में नालियों का गंदा पानी सालभर बहता रहता है, जिससे आवागमन मुश्किल हो गया है। जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण स्थिति और भी गंभीर बनी हुई है।

ग्रामीण रौशन कुमार और लकेश्वरी देवी सहित अन्य लोगों ने बताया कि गली-नाली पक्कीकरण योजना के बावजूद गांव में पक्की नालियों का निर्माण नहीं कराया गया है। अधिकांश घरों का पानी सीधे गलियों में बहता है, जिससे खासकर महिलाओं और बुजुर्गों को घर से बाहर निकलने में भारी परेशानी होती है।

हसपुरा में चोरी की घटना से दहशत में बाजार के लोग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

हसपुरा (औरंगाबाद)। हसपुरा बाजार में चोरी की घटना घटने का नाम नहीं ले रहा है। देखा जाय तो कोई ऐसा दिन नहीं रहा होगा की कहीं घटना नहीं हुई हो। हालाकि अभी तो चोरी की घटनाएं छोटी - छोटी हो रही है। लेकिन माने तो चोर बड़ी घटना का भी अंजाम देने में पीछे नहीं हटेंगे। क्यों कि चोर को पकड़ने में पुलिस नाकाम है। जिससे चोरों का हौसला बुलंद है। कहा जाता है कि पुलिस एक घटना का जांच व उदभेदन पूरा कर नहीं पाती की दूसरी चोरी घटना सामने आ जाती है। बुधवार की रात हसपुरा बाजार के कंचननगर जाने वाली रोड स्थित डा जे के शर्मा के नव निर्मित मकान में चोरों ने लगभग पचास हजार के पलंबिंग मिस्त्री का सामान चुरा ले गए। उन्होंने बताया की महंगी ड्रील मशीन, सिस्टम मशीन, कीमती रिंच,हथौड़ा सहित अन्य सामान चोरों ने चुरा ले गए। डा. जै के शर्मा हसपुरा थानाध्यक्ष को लिखित शिकायत किया है। बताया जाता है कि इसके चार दिन पहले कनाप रोड मोहल्ला के एक होटल में चोरी की घटना हुई थी। वही आदर्शनगर मोहल्ला में भी मोटरपंप चोरी होने का मामला आया है। देखा जा तो लगातार चोरी की छोटे - छोटे घटनाएं हो रही है। यही नहीं हसपुरा बाजार में चोरी की घटनाओं में बाइक, साइकिल का चोरी होना आम बात हो गया है। चोरी की मामला थाना तक तो पहुंच रहा है लेकिन पुलिस एक भी मामला का खुलासा नहीं कर पा रही है।

24 मई को होगी जिला स्तरीय ओपन एथलेटिक्स प्रतियोगिता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

औरंगाबाद। बिहार एथलेटिक्स एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित होने वाली बिहार राज्य जूनियर एवं सीनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2026 में भाग लेने के लिए औरंगाबाद जिला एथलेटिक्स टीम के खिलाड़ियों का चयन 24 मई 2026 को किया जाएगा। चयन प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय पुलिस लाइन खेल मैदान, औरंगाबाद में सुबह 6 बजे से होगा।

इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव राकेश कुमार राय ने बताया कि चयन प्रतियोगिता बालक एवं बालिका वर्ग के विभिन्न आयु वर्गों में आयोजित की जाएगी। इसमें अंडर-12, अंडर-14, अंडर-16, अंडर-18, अंडर-20 तथा महिला एवं पुरुष वर्ग के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे।

उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए खिलाड़ियों का निबंधन अनिवार्य है, जिसकी अंतिम तिथि 22 मई 2026 निर्धारित की गई है। संघ के संयुक्त सचिव रवि शंकर कुमार ने बताया कि 10 वर्ष आयु से लेकर सीनियर वर्ग तक के सभी खिलाड़ी प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता में 60 मीटर, 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, 1500 मीटर, 3000 मीटर एवं 5000 मीटर दौड़ के अलावा लंबी कूद, ऊंची कूद, तिहरी कूद, गोला फेंक, चक्का फेंक, जैवलिन थ्रो तथा किड्स जैवलिन थ्रो की स्पर्धाएं आयोजित की जाएंगी।

पंजीयन फॉर्म प्राप्त करने के लिए खिलाड़ी इंडोर स्टेडियम में अजय कुमार (मोबाइल नंबर 7870747462) एवं अंकित कुमार (मोबाइल नंबर 8434438315) से संपर्क कर सकते हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को आधार कार्ड एवं जन्म प्रमाणपत्र जमा करना अनिवार्य होगा।

संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि सभी खिलाड़ियों को एएफआई द्वारा जारी यूआईडी नंबर भी पंजीयन के साथ प्राप्त करना होगा। बिना यूआईडी नंबर के किसी भी खिलाड़ी की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में एंट्री स्वीकार नहीं की जाएगी।

प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता जून 2026 में पाटलिपुत्र खेल परिसर में आयोजित होगी। इसमें बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को आगे राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा।

जिला एथलेटिक्स संघ ने जिले के सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों, महाविद्यालयों, क्लबों और खेल संस्थाओं से अधिक से अधिक खिलाड़ियों की भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की है।

सर्विस रोड गड्ढों में तब्दील

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। जीटी रोड स्थित शिवगंज और ओरा गांव के समीप निर्माणाधीन ओवरब्रिज के दोनों ओर बनी सर्विस सड़कें इन दिनों बदहाल स्थिति में पहुंच गई हैं। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे उभर आने से न केवल वाहन चालकों को परेशानी हो रही है, बल्कि राहगीरों के लिए भी आवागमन कठिन हो गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, केवल निर्माणाधीन ओवरब्रिज ही नहीं, बल्कि जिन ओवरब्रिजों का संचालन शुरू हो चुका है, उनकी सर्विस सड़कों की स्थिति भी जर्जर बनी हुई है। गड्ढों और उबड़-खाबड़ सतह के कारण वाहनों का परिचालन प्रभावित हो रहा है।

वट सावित्री व्रत को लेकर औरंगाबाद बाजार में सुबह से देर शाम तक रही भारी भीड़

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। वट सावित्री व्रत को लेकर औरंगाबाद शहर का बाजार पूरी तरह भक्तिमय रंग में डूब गया है। शुक्रवार को सुबह से ही शहर के विभिन्न बाजारों में महिलाओं की भारी भीड़ उमड़ने लगी। पूजा-अर्चना की तैयारियों को लेकर महिलाएं पूरे उत्साह, श्रद्धा और पारंपरिक उल्लास के साथ खरीदारी करती नजर आईं। शहर के मुख्य बाजार, सब्जी मंडी, पूजा सामग्री बाजार तथा श्रृंगार की दुकानों पर दिनभर रौनक बनी रही। व्रत को लेकर महिलाओं में खास उत्साह देखने को मिल रहा है। महिलाएं पंखा, डलिया, फल, फूल, बरगद पूजा की सामग्री, साड़ी, चूड़ी, सिंदूर, बिंदी, चुनरी और अन्य पूजन सामग्रियों की खरीदारी में जुटी रहीं। कई दुकानों पर इतनी भीड़ रही कि लोगों को खरीदारी के लिए इंतजार करना पड़ा। बाजार में बढ़ती भीड़ के कारण पूरे इलाके में चहल-पहल और उत्सवी माहौल बना रहा।

शहर की सड़कों और बाजारों में पारंपरिक परिधानों में सजी महिलाओं की आवाजाही लगातार बनी रही। पूजा सामग्री की दुकानों के साथ-साथ फल, मिठाई और श्रृंगार सामग्री की दुकानों पर भी ग्राहकों की लंबी कतारें देखी गईं। महिलाओं ने बताया कि वट सावित्री व्रत उनके लिए आस्था और परंपरा का महत्वपूर्ण पर्व है, जिसे वे पूरे विधि-विधान और श्रद्धा के साथ मनाती हैं। धार्मिक मान्यता के अनुसार, सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु, सुख-समृद्धि और अखंड सौभाग्य की कामना को लेकर वट सावित्री व्रत रखती हैं। इसी कारण महिलाएं पूजा की तैयारी में किसी प्रकार की कमी नहीं छोड़ना चाहतीं। बाजार में बरगद पूजा से जुड़ी सामग्री की मांग सबसे अधिक देखी जा रही है। दुकानदारों ने बताया कि वट सावित्री व्रत को लेकर पिछले कई दिनों से बाजार में ग्राहकों की संख्या बढ़ी हुई है, लेकिन शुक्रवार को सबसे अधिक भीड़ देखने को मिली। व्यापारियों के अनुसार पूजा सामग्री, चूड़ी, सिंदूर, साड़ी और फल की बिक्री में काफी बढ़ोतरी हुई है। ग्राहकों की भारी भीड़ से दुकानदारों के चेहरे भी खुशी से खिल उठे हैं। भीड़ को देखते हुए बाजार क्षेत्र में यातायात का दबाव भी बढ़ गया। कई स्थानों पर लोगों को जाम जैसी स्थिति का सामना करना पड़ा। बावजूद इसके महिलाओं का उत्साह कम नहीं हुआ और वे पूरे उत्साह के साथ खरीदारी करती रहीं। शाम होते-होते बाजार की रौनक और बढ़ गई। रोशनी से सजी दुकानों और पूजा सामग्री से सुसज्जित बाजारों ने पूरे शहर को भक्तिमय वातावरण में सराबोर कर दिया। वट सावित्री व्रत को लेकर औरंगाबाद में आस्था, परंपरा और उत्सव का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है।

टीसी देने के बहाने छात्रा को घर बुलाने का आरोप, शिक्षक गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। जिले के गोह प्रखंड अंतर्गत उपहारा थाना क्षेत्र में एक सरकारी विद्यालय के शिक्षक पर नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ का गंभीर आरोप लगने के बाद इलाके में तनाव का माहौल उत्पन्न हो गया। शुक्रवार को सामने आए इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी शिक्षक राहुल शर्मा को गिरफ्तार कर लिया है। घटना के विरोध में ग्रामीणों ने उपहारा बाजार में जमकर प्रदर्शन किया, जिसके बाद कई थानों की पुलिस और अतिरिक्त बल को मौके पर तैनात करना पड़ा।

पीड़िता छात्रा के अनुसार, विद्यालय की एक महिला शिक्षिका ने उसकी मां को फोन कर आठवीं कक्षा का टीसी (स्थानांतरण प्रमाण पत्र) लेने के लिए शिक्षक राहुल शर्मा के घर बुलाया था। छात्रा का आरोप है कि जब वह टीसी लेने शिक्षक के घर पहुंची तो शिक्षक ने उसके साथ गलत हरकत करने की कोशिश की। विरोध करने पर आरोपी ने उसे डराया-धमकाया और किसी को घटना की जानकारी नहीं देने की बात कही। छात्रा का कहना है कि बाद में आरोपी ने उसे चॉकलेट देकर वहां से भेज दिया। छात्रा ने यह भी आरोप लगाया कि शिक्षक ने उसके पूर्व में हुए अपहरण मामले को लेकर अनुचित तरीके से सवाल पूछे और मानसिक दबाव बनाने का प्रयास किया। छात्रा के अनुसार, वह लगातार हाथ जोड़कर गिड़गिड़ाती रही, लेकिन आरोपी उससे आपत्तिजनक तरीके से पूछताछ करता रहा। गौरतलब है कि पीड़िता छात्रा का 14 दिसंबर 2025 को अपहरण हुआ था। बाद में बंगाल पुलिस ने उसे बरामद कर 17 जनवरी 2026 को औरंगाबाद पुलिस को सौंपा था। उपहारा थाना पुलिस ने न्यायालय में बयान दर्ज कराने के बाद छात्रा को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया था। मामले में आरोपी शिक्षक राहुल शर्मा ने अपने ऊपर लगे सभी आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए घटना से इनकार किया है। वहीं दाऊदनगर एसडीपीओ अशोक कुमार दास ने बताया कि आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया गया है और मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

बरौनी रिफाइनरी की सुरक्षा को लेकर निषेधाज्ञा लागू

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बेगूसराय। बरौनी रिफाइनरी की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने एवं पेट्रोलियम उत्पादों की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अनुमंडल दण्डाधिकारी सदर अनिल कुमार द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-163 के तहत निषेधाज्ञा लागू की गई है। यह आदेश 15 मई की सुबह 6 बजे से 1 जून की सुबह 6 बजे तक प्रभावी रहेगा। उल्लेखनीय है कि आईओसीएल बरौनी रिफाइनरी के महाप्रबंधक (मानव संसाधन) द्वारा अवगत कराया गया है कि विस्तार परियोजना BR-09 के अंतर्गत कार्यरत कुछ संविदा श्रमिकों द्वारा रिफाइनरी के विभिन्न प्रवेश द्वारों पर आंदोलन एवं धरना-प्रदर्शन की योजना बनाई जा रही है। बरौनी रिफाइनरी एक सार्वजनिक उपयोगिता उद्योग है तथा इसके संचालन में किसी भी प्रकार का व्यवधान जिले, राज्य एवं राष्ट्र की पेट्रोलियम आपूर्ति व्यवस्था को प्रभावित कर सकता है। उक्त परिस्थिति को दृष्टिगत रखते हुए एहतियातन यह निषेधाज्ञा लागू की गई है। यह आदेश रिफाइनरी के गेट संख्या-3क, 4इ एवं 01उ तथा रिफाइनरी टाउनशिप के 500 गज की परिधि में प्रभावी रहेगा। निषेधाज्ञा अवधि के दौरान उक्त क्षेत्रों में किसी भी प्रकार के धरना-प्रदर्शन, जुलूस, नारेबाजी अथवा पिकेटिंग की अनुमति नहीं होगी। यदि कोई मान्यता प्राप्त यूनियन अपनी मांगों को लेकर कोई कार्यक्रम आयोजित करना चाहती है, तो इसके लिए अनुमंडल दण्डाधिकारी सदर से पूर्व अनुमति प्राप्त करना अनिवार्य होगा। अनुमंडल दण्डाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध विधि सम्मत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। आदेश की प्रति जिला पदाधिकारी बेगूसराय श्रीकांत शास्त्री एवं पुलिस अधीक्षक को आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित कर दी गई है।

ई रिक्शा से शिक्षा विभाग पहुंचे मंत्री

गोपालगंज (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। प्रधानमंत्री द्वारा ईंधन की कम खपत, ऊर्जा बचत को लेकर देशवासियों से की गई अपील अब जनप्रतिनिधियों के व्यवहार में भी दिखाई देने लगी है। इसी क्रम में बिहार के शिक्षा मंत्री ने एक प्रेरणादायक पहल करते हुए ई-रिक्शा से स्थित शिक्षा विभाग कार्यालय पहुंचकर समाज को सकारात्मक संदेश दिया। शिक्षा मंत्री ने कहा कि ऊर्जा संरक्षण केवल सरकारी नीतियों तक सीमित विषय नहीं है, बल्कि यह हर नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। यदि हम अपनी दैनिक जीवनशैली में छोटे-छोटे बदलाव अपनाएं, तो ईंधन की बचत के साथ-साथ प्रदूषण पर भी प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रिक वाहनों और वैकल्पिक परिवहन साधनों को बढ़ावा देना समय की मांग है। इससे न केवल पर्यावरण संरक्षण को मजबूती मिलेगी, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, सुरक्षित और बेहतर भविष्य का निर्माण भी संभव होगा।

मां के सम्मान में स्कूली बच्चों ने किया रंगारंग कार्यक्रम

कोलिन्स किड्स के द्वारा छह दिवसीय मदर्स डे समारोह का भव्य शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

जमालपुर (मुंगेर)। विद्यालय परिसर में कोलिन्स किड्स के यूकेजी 'अ' के विद्यार्थियों द्वारा आयोजित छह दिवसीय मदर्स डे सेलिब्रेशन बड़े ही उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के संस्थापक श्री उमेश प्रसाद सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य राकेश कुमार सिंह, एडमिनिस्ट्रेटर सूरज सर तथा अकादमिक इंचार्ज भी उपस्थित रहे। प्राचार्य राकेश कुमार सिंह एवं एडमिनिस्ट्रेटर सूरज सर ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में माँ के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को अपने माता-पिता का सम्मान करने की सीख दी। नन्हे-मुन्ने बच्चों जैसे विराट, वैभव, ईशानी, शिवानंशी, शिवम, नव्या माही अमीषा, दिव्या, दृष्टि, अंशिका, अमृत, विष्णु प्रिया, देवाश, कीया, मिशिका और कई ने माँ पर आधारित गाने जैसे 'तू कितनी अच्छी है, गणेश वंदना, जन्म जन्म' में रंगारंग नृत्य प्रस्तुत किए एवं भावपूर्ण माँ पर आधारित 'माँ का प्यार' और 'मम्मी माई सनशाइन' कविताएँ प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में उपस्थित सुपर मॉम्स के लिए विभिन्न मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें विजेता मांओं प्रियंका भारती एवं गुड़िया कुमारी को पुरस्कृत भी किया गया। समारोह का विशेष आकर्षण सुपर मॉम्स द्वारा केक कटिंग रहा, जिसने पूरे वातावरण को भावुक और आनंदमय बना दिया। मांओं एवं बच्चों के द्वारा सेल्फी पॉइंट में इस यादगार पल को कैद कर लिया गया। अंत में चांदनी मिस के द्वारा मांओं को सम्मान देते हुए कितना हंसाती हैं गाना अन्य माँ के साथ गाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। अकादमिक इंचार्ज के रूप में प्रणव सर एवं चांदनी मिस ने अपनी जिम्मेदारियां निभाईं। कार्यक्रम समन्वयक के रूप में करीना मिस ने कार्यक्रम का संचालन किया। इसके अतिरिक्त ब्यूटी मिस, प्रतिमा मिस, नैना मिस, मेधा मिस, प्रगति मिस, विकास सर एवं साहिल सर ने अथक परिश्रम कर कार्यक्रम को सफल बनाया। अंत में विद्यालय प्रशासन ने सभी माताओं, विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को कार्यक्रम की सफलता के लिए धन्यवाद दिया।

जिले के सभी बुनियाद केंद्रों पर विशेष शिविर का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बेगूसराय। मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तिकरण छात्र योजना (सम्बल) के अंतर्गत पूर्व में वितरित बैटरी चालित ट्राई-साइकिलों की मरम्मत एवं तकनीकी समस्याओं के समाधान हेतु जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के निर्देशानुसार जिले के विभिन्न बुनियाद केंद्रों पर विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों के माध्यम से दिव्यांगजनों को उनकी ट्राई-साइकिल में उत्पन्न तकनीकी खराबी, बैटरी, चार्जर अथवा अन्य यांत्रिक समस्याओं के समाधान की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। सहायक निदेशक, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग ने बताया कि प्रखंड एवं जिला स्तर पर लगातार ट्राई-साइकिलों में तकनीकी खराबी से संबंधित आवेदन प्राप्त हो रहे थे। इसी को ध्यान में रखते हुए एलिमको, कानपुर के सहयोग से विशेष मरम्मत शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। शिविरों का आयोजन पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न 4:30 बजे तक किया जाएगा। 19 मई को बुनियाद केंद्र, चेरिया बरियारपुर में चेरिया बरियारपुर, छौड़ाही एवं खोदावंदपुर प्रखंड के लाभुकों के लिए शिविर आयोजित होगा। 20 मई को बुनियाद केंद्र, मटिहानी में बेगूसराय सदर, मटिहानी, बरौनी, वीरपुर एवं शाम्हो प्रखंड के दिव्यांगजन शामिल होंगे। 21 मई को बुनियाद केंद्र, तेघड़ा में तेघड़ा, बछवाड़ा, मंसुरचक एवं भगवानपुर प्रखंड के लाभुकों के लिए शिविर आयोजित किया जाएगा। 22 मई को बुनियाद केंद्र, साहेबपुर कमाल में साहेबपुर कमाल, बलिया एवं डंडारी प्रखंड के लाभुकों के लिए शिविर लगाया जाएगा। वहीं 23 मई को बुनियाद केंद्र, बखरी में बखरी, नावकोठी एवं गढ़पुरा प्रखंड के दिव्यांगजन लाभान्वित होंगे। जिला पदाधिकारी ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में शिविर का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करें, ताकि अधिक से अधिक दिव्यांगजन इस सुविधा का लाभ उठा सकें। शिविर के दौरान तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा खराब बैटरी, चार्जर बदलने सहित अन्य तकनीकी एवं यांत्रिक त्रुटियों का समाधान किया जाएगा।

सहकारी बैंकों में खाता खुलवाकर बचत करें किसान

आमसभा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

नावकोठी। कृषि साख सहयोग समिति समसा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं प्रबंध कार्यकारिणी सदस्यों एवं सदस्यों की आमसभा शुक्रवार को समसा में आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता नवनिर्वाचित अध्यक्ष अशोक कुमार तथा सचालन पूर्व पैक्स अध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार ने किया। बोर्ड आफ डायरेक्टर सदस्य रामाधार सिंह ने नवनिर्वाचित सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि पैक्स सहकारी सहयोग समिति है। इसके माध्यम से किसानों के हित में कई कार्य संपादित किया जा सकता है। इसके लिए समिति के सदस्यों की इच्छा शक्ति मजबूत होनी चाहिए। इसे प्रगति पथ पर ले जाने की सामूहिक सहयोग की आवश्यकता है। वाइस चेयरमैन कमल किशोर सिंह ने किसानों को अपनी बचत सहकारी बैंक में खाता खुलवा कर करने की अपील की। इससे सहकारी समितियों मजबूत होगी। यह मजबूत हो जाती है तो किसानों के हित में कई कार्य अपनी पूंजी के माध्यम से सम्पादित किया जा सकता है। किसानों की समस्या का समाधान इसके माध्यम से संभव है। प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी अनिल कुमार चौधरी ने नवनिर्वाचित सदस्यों को इनके अधिकार तथा कर्तव्य के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नियमित बैठक कर सभी समस्याओं का समाधान किया जा सकता है। इसे केवल धान एवं गेहूं अधिप्राप्ति तक सीमित नहीं रखने की अपील की। इसके माध्यम से आधुनिक कृषि यंत्र क्रय कर अनुदानित दर पर आधुनिक खेती कर अपनी आय वृद्धि कर सकते हैं। इसके माध्यम से जनवितरण प्रणाली की दुकान, उर्वरक दुकान, सीएसपी, जन औषधि केन्द्र, सहकारी दुकान, अपना बैंक आदि सचालित कर पैक्स को जीवन बनाकर आय अर्जित किया जा सकता है। अध्यक्ष ने अविलंब सीएसपी संचालन करने की घोषणा की। आगत अतिथियों तथा गणमान्य, समिति के सदस्यों को चादर, माला देकर सम्मानित किया गया। मौके पर अध्यक्ष के अतिरिक्त प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य परमेश्वर महतो, दिलीप साह, आशा देवी, रेखा कुमारी, मनोरमा देवी, जीवछ देवी, अवधेश राय, राम पुकार पासवान, राम उदय महतो, नरसिंह साह, पैक्स अध्यक्ष राजेश कुमार, मनोहर महतो, महेश महतो, डा ललित कुमार, कपिल देव पोद्दार, पूर्व प्रमुख विद्या नंद महतो, परमानंद महतो सहित काफी संख्या में किसान मौजूद थे।

सिविल सर्जन ने की प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की जांच

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

नावकोठी। सीएस डा अशोक कुमार ने पीएचसी नावकोठी का औचक निरीक्षण शुक्रवार को किया। निरीक्षण के क्रम में डा. योगिता रानी को अनुपस्थित पाया। उन्होंने बताया कि इसकी प्रतिनियुक्ति 6 मई को समाप्त कर पीएचसी में योगदान करने का निर्देश दिया गया था। प्रतिनियुक्ति समाप्त होने के बाद डॉ योगिता रानी पीएचसी में योगदान नहीं की थी। उन्होंने उपस्थित एएनएम को उच्च जोखिम गर्भावस्था की पहचान कर उसका नियमित अनुश्रवण करने पर बल दिया। नियमित टीकाकरण, गाआसील टीकाकरण, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में अधिकाधिक जांच, जांच के बाद उसकी निगरानी आदि में लक्ष्य प्राप्त करने का निर्देश दिया। परिसर की साफ, सफाई, गैर संचारी रोगी की निगरानी आदि पर विशेष बल दिया। कोताही बरतने वाले कर्मियों पर अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी। मौके पर गैर संचारी रोग के डा सजय कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा राजीव रंजन चौधरी, डा चंदन मिश्रा, प्रबंधक आनंद ईश्वर, बीसीएम उषा कुमारी , राहुल कुमार, अविनाश कुमार, पप्पू कुमार, पंकज प्रसाद सिंह, सुजीत कुमार, राजीव कुमार सहित सभी कर्मी मौजूद थे।

युवक ने फंदा लगाकर की आत्महत्या, पुलिस कर रही मामले की जांच

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

बेगूसराय। मुफस्सिल थाना क्षेत्र के हैबतपुर वार्ड-6 में ग्रेजुएशन पास युवक ने घर के कमरे में गले मे फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना के बाद पूरे इलाके में मातम पसरा हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल बना हुआ है। मृतक की पहचान हैबतपुर वार्ड-6 निवासी राजू महतो के 26 वर्षीय पुत्र रंजन कुमार के रूप में की गई है। बताया जा रहा है कि रंजन कुमार ग्रेजुएशन की पढ़ाई पूरी कर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था। वह लगातार सरकारी नौकरी पाने के लिए मेहनत कर रहा था और कई प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल भी हो चुका था। लेकिन सफलता हाथ नहीं लगने के कारण वह मानसिक दबाव में रहने लगा था। परिजनों और दोस्तों के अनुसार रंजन कुमार का स्वभाव काफी शांत था और वह अपनी मां से बेहद जुड़ा हुआ था। उसकी मां पिछले करीब दो वर्षों से गंभीर रूप से बीमार चल रही थी। दो महीने पहले ही उनका हार्ट ऑपरेशन हुआ था। मां की बीमारी को लेकर रंजन कुमार हमेशा चिंतित रहता था और मानसिक रूप से टूटता जा रहा था। मृतक के दोस्तों ने बताया कि रंजन कुमार के कई करीबी दोस्तों की सरकारी नौकरी लग चुकी थी। हाल ही में उसके एक दोस्त की रेलवे में टीटी पद पर नियुक्ति हुई थी। ऐसे में वह खुद भी लगातार तैयारी कर रहा था, लेकिन नौकरी नहीं मिलने से अंदर ही अंदर तनाव में था। बावजूद इसके वह पढ़ाई और तैयारी जारी रखे हुए था। सुबह जब परिजन उठे तो कमरे का दृश्य देखकर चीख-पुकार मच गई। रंजन कुमार का शव पंखे से लटका हुआ था। देखते ही घर में कोहराम मच गया। परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जा रहा है कि पांच भाइयों में रंजन सबसे छोटा था और परिवार का दुलारा था। उसकी अभी शादी भी नहीं हुई थी। घटना की सूचना मिलते ही मुफस्सिल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

रोगी कल्याण समिति की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

नावकोठी। प्रखण्ड रोगी कल्याण समिति की बैठक बीडीओ कक्ष में शुक्रवार को आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता बीडीओ राहुल रंजन ने की। उन्होंने रोगियों के कल्याण हेतु सचालित योजनाओं की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये। दवा भडारण की अद्यतन स्थिति तथा जीवन रक्षक दवा की स्थिति की भी जानकारी ली। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा राजीव रंजन चौधरी ने बताया कि पीएचसी में आवश्यक दवा प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है। रजाकपुर तथा समसा में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोलने का प्रस्ताव भूमि के अभाव में लंबित है। इसके निर्माण हेतु आवश्यक भूखंड उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया। परिसर में निर्माणाधीन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की मंथर गति से निर्माण होने पर कार्य संपादन में हो रही कठिनाई पर ध्यान आकृष्ट कराते हुए गति प्रदान करने में सहयोग करने की अपील की। परिसर में लगा हेंड पम्प तथा आर ओ खराब रहने से पीएचसी आने वाले रोगी सहित अन्य लोगों को पानी की दिक्कत होती है। इसको मरम्मत कराने का, रोगियों को बैठने के लिए कुर्सी खरीद करने, पीएचसी रंग रोगन कराने का प्रस्ताव लिया गया। उपस्थित सदस्यों ने पीएचसी के कुव्यवस्था में सुधार करने की हिदायत दी। मौके पर प्रमुख सह सदस्य अनिता देवी, रानी गोस्वामी, अरविंद पासवान, पंकज जायसवाल, प्रबंधक आनंद ईश्वर आदि मौजूद थे।

असामाजिक तत्वों ने स्कूल में की तोड़फोड़

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

नावकोठी। प्रखण्ड के महेशवाड़ा पंचायत के वार्ड संख्या एक के प्रदीप जयमंगला प्राथमिक सह मध्य संस्कृत विद्यालय नौलखा के उपस्कर को असामाजिक तत्वों ने क्षतिग्रस्त कर दिया है। प्रधानाध्यापिका मीनू कुमारी ने बताया कि शुक्रवार की सुबह जब मैं विद्यालय पहुंची तो बरामदे पर लगा बेंच बेतरतीब तरीके से उलटा हुआ पायी। इसे देखकर मैं थोड़ी देर के लिए अचंभित रह गयी। वर्ग कक्ष के दरवाजे को भी तोड़ने की कोशिश की गई। शिक्षकों को बैठने के लिए टूटी हुई दो लकड़ी की कुर्सियों को दूर मक्के के खेत में फेंक दिया। वर्ग कक्ष में जली हुई माचिस की तीली, सिगरेट के टुकड़े सहित ताड़ी वाला मिट्टी का बर्तन (कटिया) जिसके मुंह पर पीला कपड़ा बंधा था। जनसहयोग से बच्चों के बैठने के लिए अस्थायी छप्पर खड़ा किया गया है, उसे हिलाकर गिराने की कोशिश भी की गई। कयास लगाया जा रहा है कि ये शरारती तत्वों ने ताड़ी के नशे में आकर उत्पात किया है। इस तरह की वारदात पूर्व में हुई थी। विभागीय पदाधिकारी से पुलिस प्रशासन को इसकी सूचना दी गई पर नतीजा नदारद रहा। इससे असामाजिक तत्वो का मनोबल बढ़ा हुआ है। ऐसी परिस्थिति में विद्यालय संचालन में परेशानी हो रही है। उन्होंने बताया कि कक्षा अष्टम तक नामांकित कुल 215 बच्चों का पठन पाठन जर्जर दो खपरैल मकान, बरामदे पर, अस्थायी छप्पर के नीचे कई कक्षाओं को एक साथ मिलाकर कर की जाती है। पूर्व विधायक द्वारा 25 बेंच विद्यालय को उपलब्ध कराया गया था। उसे भी बराबर ही असामाजिक तत्वो द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिया जाता है। उन्होंने विद्यालय की सुरक्षा तथा रखरखाव हेतु वरीय पदाधिकारी से गुहार लगाई है।

जनसुनवाई कार्यक्रम में दो मामलों का निष्पादन

जमालपुर (मुंगेर) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। अंचल कार्यालय जमालपुर में साप्ताहिक जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में चार मामले की सुनवाई अंचलाधिकारी राकेश कुमार ने किया। दो मामले का निष्पादन ऑन स्पॉट किया गया जबकि अन्य दो मामले को अगले जनसुनवाई कार्यक्रम के पूर्ण निष्पादन करने की बात कही।

प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान शिविर केवल खानापूर्ति

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

नावकोठी। गर्भवती महिला के स्वास्थ्य जांच हेतु प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान मखौल बन कर रह गया है। इस योजना के तहत गर्भवती महिलाओं का प्रसव पूर्व चार जांच कर आवश्यक दवा तथा परामर्श देने की व्यवस्था है। पर इस योजना का पीएचसी नावकोठी में केवल खानापूर्ति शुक्रवार को किया जा रहा था। इस शिविर में केवल लैबटेक्नीशियन पंकज जोशी मौजूद थे जो गर्भवती महिला का पैथोलिजिकल जांच की खानापूर्ति कर रहे थे। एएनएम तथा स्वास्थ्य अधिकारी इस शिविर में दोपहर बारह बजे तक नदारद थे। इनके बैठने की कुर्सियां खाली थी। पूछने पर संतोषजनक उत्तर नहीं मिला। इस शिविर में गर्भवती महिला का वजन, ऊंचाई, ब्लडप्रेशर आदि जांच नहीं हो रहा था। पीएचसी परिसर में पेयजल का अभाव देखा गया। चापाकल खराब है तो लगा आर ओ भी शुद्ध तथा शीतल जल नहीं दे रहा था। दूरदराज से आई महिला को भीषण गर्मी में अपनी प्यास बुझाने के लिए इधर-उधर भटकते हुए देखा गया। ओपीडी कक्ष में चिकित्सक गर्भवती महिला को पूछकर दवा की पर्ची बना रहे थे। इससे गर्भस्थ शिशु तथा गर्भवती महिला के स्वास्थ्य की रक्षा पर प्रश्नचिह्न लगता हुआ दिखाई दे रहा है। सुरक्षित मातृत्व अभियान के माध्यम से मातृ एवं शिशु मृत्यु दर न्यूनीकरण करना ही एक मात्र उद्देश्य है पर इस कुव्यवस्था में यह धरातल पर साकार होने पर ग्रहण लगता दिखाई दे रहा है।

किसान का पुत्र हुआ ट्यूटोरियल आर्मी में चयनित

बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। जिले के मंझौल पंचायत-3 वार्ड संख्या-6 निवासी गरीब किसान परिवार के बेटे नुनुबाबू कुमार ने ट्यूटोरियल आर्मी में चयन होने गांव में हर्ष व्याप्त है। उनकी इस सफलता से परिवार सहित पूरे इलाके में खुशी का माहौल है। नुनुबाबू कुमार के पिता योगेंद्र यादव एक साधारण किसान हैं। जबकि माता रामदुलारी देवी गृहिणी हैं। तीन भाइयों में सबसे छोटे नुनुबाबू की एक बहन भी है। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने अपनी मेहनत, लगन और अनुशासन के दम पर यह सफलता हासिल की है। नुनुबाबू कुमार ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा गांव में पूरी करने के बाद जयमंगला हाई स्कूल से मैट्रिक परीक्षा उत्तीर्ण की। इसके बाद उन्होंने एमएस कॉलेज से इंटरमीडिएट (12वीं) की पढ़ाई पूरी की। पढ़ाई के साथ-साथ उन्होंने सेना में जाने का सपना देखा और लगातार मेहनत करते रहे। ट्यूटोरियल आर्मी में चयन होने के बाद गांव के लोगों ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि नुनुबाबू आज गांव के युवाओं के लिए प्रेरणा बन गए हैं। उनकी सफलता यह साबित करती है कि कठिन परिस्थितियों में भी अगर मेहनत और हौसला मजबूत हो तो कोई भी मंजिल दूर नहीं होती। परिवार और ग्रामीणों ने नुनुबाबू कुमार के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि वह आगे चलकर भारतीय सेना में देश सेवा कर गांव और जिले का नाम और ऊंचा करेंगे।

डीएवी पब्लिक स्कूल में एनसीसी नामांकन परीक्षा संपन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

जमालपुर (मुंगेर)। डीएवी पब्लिक स्कूल जमालपुर में सत्र 2026-27 के लिए एनसीसी (राष्ट्रीय कैडेट कोर) के नामांकन हेतु प्रवेश परीक्षा का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस परीक्षा में विद्यालय के कुल 65 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अनुशासन एवं राष्ट्रसेवा के प्रति अपनी रुचि प्रदर्शित की। जिसमें 55 विद्यार्थियों का चयन हुआ। यह परीक्षा 9 बिहार बटालियन, बरौनी के निर्देशन में संपन्न हुई। इस अवसर पर सूबेदार नेत्रा क्षेत्री एवं नायक सुमित थापा मगर उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को एनसीसी के उद्देश्यों, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता तथा राष्ट्र निर्माण में इसकी भूमिका के विषय में विस्तार से जानकारी दी और विद्यार्थियों को प्रेरित किया। विद्यालय के खेल शिक्षक मिथुन कुमार ने परीक्षा आयोजन को सुव्यवस्थित एवं सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके सहयोग से संपूर्ण परीक्षा प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं अनुशासित वातावरण में संपन्न हुई। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती लक्ष्मी रथ ने कहा कि एनसीसी विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, सेवा भावना एवं देशभक्ति का विकास करने का सशक्त माध्यम है। विद्यालय सदैव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए ऐसी गतिविधियों को बढ़ावा देता रहेगा। अंत में विद्यालय परिवार ने परीक्षा में सम्मिलित सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएँ दीं।

गैरेज मालिक की गोली मारकर हत्या

समस्तीपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। बिहार मे समस्तीपुर जिले के ताजपुर थाना क्षेत्र के गाँधी चौक के पास आज दिन-दहाड़े सशस्त्र अपराधियों ने गैरेज मालिक संजीव कुमार की गोली मारकर हत्या कर दी।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि जिले के मोतिपुर गांव निवासी संजीव कुमार आज गांधी चौक स्थित अपने गैरेज पर थे इसी दौरान 3-4 की संख्या मे हथियारबंद अपराधी वहां पहुंचे और उनकी गोली मारकर हत्या कर दी। घटना की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर हत्या के कारणों की जांच में जुटी है।

रनिंग स्टाफ के सम्मान में लोको पायलटों ने दिया धरना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

जमालपुर (मुंगेर)। ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन शाखा जमालपुर की ओर से रनिंग स्टाफ के सम्मान एवं अधिकारों की रक्षा हेतु प्रदर्शन का आयोजन किया गया। पांच सूत्री मांगों को लेकर किए गए धरना प्रदर्शन के माध्यम से एसोसिएशन नेताओं ने कहा कि लंबे समय से लंबित समस्याएं जैसे 9 घंटे से ज्यादा ड्यूटी, 36 घंटे में मुख्यालय वापसी इत्यादि को लेकर वर्षों से चली आ रही है पर अभी तक इस गंभीर मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं हुई है जिससे रनिंग स्टाफ के सुरक्षा पर बड़ा सवाल उठ रहा है। वही लोको मेमू सीएमएस में एक उपलब्ध करने एवं सभी लोको में टॉयलेट के साथ टूल्स उपलब्ध करने के साथ- साथ सभी लोगों में एफएसडी को तुरंत फिट किया जाए जैसे प्रमुख मांगों को लेकर एसोसिएशन ने शांतिपूर्ण तरीके से धरना प्रदर्शन करते हुए अपनी मांगों को प्रशासन के समक्ष रखते हुए मांग किया। मौके पर आरके सिंह, विवेकानंद कुमार, नीरज कुमार, रणवीर कुमार, प्रवीण कुमार सूरज, राजीव रंजन, प्रभात ज्योति, अभिषेक कुमार, विजय कुमार, रंजीत कुमार, सुबोध कुमार, भीके शर्मा, आरके रंजन, डीके रोशन, मुरारी लगन, अशोक, आदित्य राज, वरुण कुमार, एसआर सुमन, प्रीति आनंद सहित कई मौजूद थे।

श्रावणी मेला में श्रद्धालुओं को मिलेंगी बेहतर सुविधाएं

30 जुलाई से 28 अगस्त तक चलेगा मेला

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

भागलपुर। इस वर्ष एक माह तक चलने वाले विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला की तैयारी को लेकर जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की एक बैठक शुक्रवार को हुई।

जिला समाहरणालय स्थित समीक्षा भवन में आयोजित इस बैठक को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि इस बार श्रावणी मेला आगामी 30 जुलाई 2026 से शुरू होकर 28 अगस्त 2026 तक चलेगा। इस मेला में कई राज्यों से लाखों की संख्या में प्रतिदिन कावंरिया गण रेल, सड़क एवं जल मार्ग से सुलतानगंज आते हैं। विगत वर्ष से इस वर्ष बेहतर व्यवस्था हमें सुनिश्चित करनी है, इसलिए सभी संबंधित विभाग अपनी तैयारी प्रारंभ कर दें। उन्होंने कहा कि जिला राजस्व शाखा इस वर्ष सुलतानगंज के सैरात की निविदा करेगी, चौकी की संख्या भी जिला राजस्व शाखा द्वारा निर्धारित की जाएगी। जबकि बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल विगत वर्ष की भांति नमामि गंगे घाट और सीढ़ी घाट पर बैरिकेडिंग एवं ग्रीन नेट लगाएंगे। एसडीआरएफ की टीम नदी में पेट्रोलिंग करेगी। डॉ चौधरी ने संपूर्ण मेला क्षेत्र में रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था करने, सड़क के किनारे पीला पट्टी रंगवाने, दुकानदारों को डस्टबिन रखना सुनिश्चित करवाने, वाहन पार्किंग स्थलों पर सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था रखने के निर्देश नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को दिया। इसके अलावा पथ निर्माण विभाग को कांवरिया पथ में प्रत्येक किलोमीटर पर बालू भंडारण करके रखने के निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि बालू गर्म हो जाता है इसलिए उस पर पानी की छिड़काव की व्यवस्था पथ निर्माण विभाग को ही करनी होगी। विगत वर्ष तरह ही नमामि गंगे घाट एवं सीढ़ी घाट पर लॉकर एवं चेंजिंग रूम की व्यवस्था रहेगी। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग का पांच स्थलों पर खोया पाया सूचना केंद्र तथा कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने हेतु दो स्थलों पर विभागीय प्रदर्शनी एवं सरकार के विशेष अभियान तथा बाल विवाह दहेज प्रथा उन्मूलन मध्य निषेध अभियान तथा कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार करने हेतु नुक्कड़ नाटक का आयोजन करवाया जाएगा। वरीय पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव ने कहा कि इस वर्ष मेला अवधि के दौरान गंगा नदी में बोट से पेट्रोलिंग की जाएगी। संपूर्ण मेला क्षेत्र में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए जाएंगे। पुलिस बल की पर्याप्त व्यवस्था रहेगी। जिसमें महिला पुलिस की अच्छी- खासी संख्या शामिल है। बैठक में उप विकास आयुक्त प्रदीप कुमार सिंह, अपर समाहर्ता दिनेश राम, अपर समाहर्ता विधि व्यवस्था राकेश रंजन, संयुक्त निदेशक जनसंपर्क नागेंद्र कुमार गुप्ता, सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार तथा सभी संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

समस्तीपुर की मुस्कान ने मिथिला पेटिंग मे राष्ट्रीय स्तर पर बिहार का किया प्रतिनिधित्व

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

समस्तीपुर। समस्तीपुर और पूरे बिहार के लिए गर्व की बात है कि युवा कलाकार मुस्कान का हिमाचल के मनाली मे आयोजित राष्ट्रीय सांस्कृतिक पहल ल्लवन स्टेट वन आर्टिस्ट के लिए चयन किया गया। जहाँ मुस्कान ने राष्ट्रीय मंच पर बिहार की प्रसिद्ध मिथिला पेंटिंग कला का प्रतिनिधित्व किया। हिमाचल के मनाली के नशाला में राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित 9 दिवसीय कार्यक्रम से आज समस्तीपुर लौटने पर मुस्कान ने बताया कि देश के चर्चित युवा आर्टिस्ट प्रकाश गर्ग द्वारा आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य भारत की लोक कला परंपराओं को युवाओं के माध्यम से नई पहचान देना और विभिन्न राज्यों की सांस्कृतिक विरासत को एक साझा राष्ट्रीय मंच पर लाना है। इसके लिए देशभर के विभिन्न राज्यों से 38 युवा लोक एवं पारंपरिक कलाकारों का चयन किया गया था। जिसमें बिहार से मिथिला पेंटिंग मे अकेले मुस्कान चयनित की गई थी।

मुस्कान ने मिथिलांचल की सांस्कृतिक पहचान मानी जाने वाली मिथिला कला को प्रदर्शित कर राष्ट्रीय मंच पर बिहार की समृद्ध कला परंपरा को देशभर के कलाकारों और दर्शकों तक पहुंचाया। कार्यक्रम के दौरान मुस्कान ने विभिन्न राज्यों से आए कलाकारों के साथ मिलकर आर्टवर्क भी तैयार की तथा कला कार्यशालाओं, सांस्कृतिक संवाद और रचनात्मक गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता निभाई।

मुस्कान का यह चयन और प्रतिनिधित्व समस्तीपुर एवं बिहार की लोक कला परंपरा के लिए गर्व का विषय है तथा यह दर्शाता है कि राज्य के युवा कलाकार आज राष्ट्रीय स्तर पर अपनी सांस्कृतिक पहचान को नई ऊँचाइयों तक पहुँचा रहे हैं।

मासूम भतीजी की हत्या करने वाले चाचा को सश्रम आजीवन कारावास एवं अर्थदंड की सजा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

दरभंगा। बिहार में दरभंगा की एक अदालत ने मासूम भतीजी की हत्या करने के आरोप में चाचा को सश्रम आजीवन कारावास एवं 25 हजार रुपये अर्थ दंड की सजा सुनाई है।

लोक अभियोजक अमरेन्द्र नारायण झा ने बताया कि दरभंगा व्यवहार न्यायालय के द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश संतोष कुमार पाण्डेय की अदालत ने होली के दिन एक छह साल की मासूम बच्ची की हत्या करने के जूर्म में बहादुरपुर थाना (पतोर ओपी) क्षेत्र के कोकट गांव निवासी भोला पासवान को आजीवन सश्रम कारावास और पच्चीस हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड नहीं जमा करने पर जुर्मी को छह माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी। न्यायालय ने शुक्रवार को दोषी अभियुक्त का सजा अवधि निर्धारण के बिन्दु पर अभियोजन पक्ष से लोक अभियोजक अमरेंद्र नारायण झा के निर्देशन में अपर लोक अभियोजक चंपा मुखर्जी का बहस और वचाव पक्ष के अधिवक्ता का बहस सुनने तथा अभिलेख पर मौजूद साक्ष्यों का गहन परिशीलन करने के बाद हत्यारे चाचा को अपनी मासूम भतीजी का खून करने के जुर्म में सजा सुनाई है। न्यायालय ने बहादुरपुर (पतोर ओपी) थाना कांड संख्या 106/22 से बने सत्र वाद संख्या 165/23 का विचारण पुरा कर गत 12 मई को अभियुक्त भोला पासवान को मानव वध भारतीय दंड विधान की धारा 302 में दोषी घोषित किया था। लोक अभियोजक अमरेन्द्र नारायण झा ने बताया कि 18 मार्च 2022 को होली के दिन पतोर ओपी क्षेत्र के कोकट गांव में संगम लाल पासवान का सहोदर भाई भोला पासवान अपने हाथ में लकड़ी का चैला लेकर अपने भाई के घर पर आकर गाली-गलौज हल्ला-गुल्ला कर रहा था। जब उसकी मां कमली देवी ने मना किया तो चैला से सिर पर प्रहार कर पहले मां का सिर फोड़ दिया। इसी दौरान उसकी छह साल की मासूम भतीजी अन्नू कुमारी हाथों में अबीर लिए आई जिसके सिर पर भी भोला ने लकड़ी के चैला से प्रहार किया जिससे घटनास्थल पर उसकी मौत हो गई। इस घटना की प्राथमिकी संगम लाल पासवान ने बहादुरपुर थाना (पतोरओपी) में कांड संख्या 106/22 भारतीय दंड विधान की धारा 341, 323 307, 302, 504, 506 के तहत अपने भाई के विरुद्ध दर्ज कराया। सत्रवाद के विचारण मे अपर लोक अभियोजक चम्पा मुखर्जी ने आईओ, डाक्टर समेत कुल 5 गवाहों की गवाही कराई और अन्ततः अभियोजन पक्ष अभियुक्त का जूर्म साबित करने में सफल रहा। श्रीमती मुखर्जी ने बताया कि हत्यारा भोला पासवान चार साल एक महिने से काराधीन है।

संदेहास्पद स्थिति में वृद्ध की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

चांदन (बांका)। आनंदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कुसुमजोरी पंचायत के वार्ड नंबर 6 लीलावरण गांव में एक वृद्ध की संदेहास्पद स्थिति में मौत हो जाने की मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार लीलावरण गांव के 75 वर्षीय वृद्ध मन्नू यादव की रात्रि संदेहास्पद स्थिति में मौत हो जाने को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की बाजार गर्म है। सिमुलतला थाना क्षेत्र के बासपेयडीह गांव की बताई जा रही है। जहां बृहस्पति उर्फ गांगो तूरी पिता तेजो तूरी के घर वृद्ध का शव मिलने से हड़कंप मच गया। मृतक के छोटे पुत्र प्रकाश यादव ने बताया कि उनके पिता गुरुवार की शाम गाय खरीदने के लिए घर से करीब 17 हजार लेकर निकले थे लेकिन देर रात तक वापस घर नहीं लौटे। शुक्रवार सुबह एक आदमी द्वारा जानकारी मिली कि उनके पिता बासपेयडीह गांव में मृत अवस्था में पड़े हैं। सूचना पर घटनास्थल पर पहुंचे स्वजनों ने शव की शिनाख्त की और बताया कि मृतक के शरीर पर गर्म पानी से जलने के निशान उभरे थे। वहीं ग्रामीणों एवं प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गांगो तूरी महुआ शराब का कारोबार करता है और मृतक का उसके यहां आना-जाना लगा रहता था। आरोप है कि मृतक के पास मौजूद पैसों को देखकर आरोपी गांगो तूरी एवं उसकी पत्नी की नीयत बदल गई और दोनों ने मिलकर घटना को अंजाम दिया। घटना के बाद मामले को दबाने और शव को ठिकाने लगाने की कोशिश किये जाने की भी चर्चा है। साथ ही उन्होंने बताया कि कि आरोपी घटना के बाद घर में ताला जड़कर फरार हो गया। मामले की जानकारी मिलते ही सिमुलतला थानाध्यक्ष रूबी कुमारी एवं झाझा एसडीपीओ दलबल घटनास्थल पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जमुई भेज दिया। पुलिस ने आरोपी की पत्नी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। साथ ही उसके पास से 41,750 नगद बरामद किए जाने की बात सामने आ रही है। घटना की खबर फैलते ही आस-पास गांवों के सैकड़ों लोग घटनास्थल पर पहुंच गये। हृदयविदारक दृश्य को देखकर घटना स्थल पर मौजूद लोगों की आंखें नम हो गईं। मौत की खबर सुनकर स्वजनों की रो-रो कर बुरा हाल हो गया है।

पर्यावरणीय चिंता 21वीं सदी की सबसे बड़ी चुनौती : डा. सुनील

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

दरभंगा। जाने माने पर्यावरणविद् एवं स्नातकोत्तर भूगोल विभाग के प्राध्यापक डॉ. सुनील कुमार सिंह ने कहा कि ईको एंजायटी जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण, वनों की कटाई और जैव विविधता के विनाश के कारण उत्पन्न होने वाली गहरी मानसिक चिंता है। यह कोई चिकित्सीय बीमारी नहीं, बल्कि पृथ्वी के भविष्य को लेकर मनुष्य की स्वाभाविक प्रतिक्रिया है।

ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर भूगोल विभाग एवं डॉ प्रभात दास फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में पर्यावरणीय चिंता और भूगोल विषय पर आयोजित सेमिनार को संबोधित करते हुए श्री सिंह ने बतौर मुख्य वक्ता कहा कि विश्व में बढ़ते प्रदूषण और जलवायु असंतुलन के कारण लोग अपने तथा आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को लेकर भय और असुरक्षा महसूस कर रहे हैं। जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण और प्राकृतिक आपदाओं के कारण बढ़ रही ईको एंजायटी अर्थात पर्यावरणीय चिंता को गंभीर मानसिक स्वास्थ्य समस्या बन गयी है। डॉ. एम आर शर्मा ने बिहार की स्थिति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दरभंगा, सुपौल, मधेपुरा, सहरसा और मुजफ्फरपुर जैसे बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में हर वर्ष आने वाली बाढ़, नदी कटाव, अनियमित मानसून और बढ़ती गर्मी लोगों में मानसिक तनाव बढ़ा रही है। किसानों एवं ग्रामीण परिवारों में फसल नुकसान, कर्ज और पलायन की चिंता लगातार बनी रहती है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की कमी इस समस्या को और गंभीर बना रही है। सेमिनार की अध्यक्षता करते हुए भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अनुरंजन ने कहा कि 21वीं सदी को पर्यावरणीय चिंता के दौर के रूप में भी याद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस अवसाद से प्रभावित कुछ लोग भविष्य को लेकर निराशा की स्थिति में रहते हैं तथा नशीले पदार्थों की ओर आकर्षित होने लगते हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली जैसे महानगरों में बढ़ते प्रदूषण के कारण लोग अपने बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर गंभीर रूप से चिंतित हैं। वक्ताओं ने कहा कि ईको एंजायटी एक सीमा तक लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करती है, लेकिन इसकी अधिकता मानसिक समस्या का रूप ले सकती है। इससे बचाव के लिए लोगों को आशावादी दृष्टिकोण अपनाने तथा व्यक्तिगत स्तर पर पर्यावरण संरक्षण के प्रयास करने चाहिए। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत एवं मंच संचालन डॉ रश्मि शिखा ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन फाउंडेशन के सचिव मुकेश कुमार झा ने किया। सेमिनार को रिसर्च स्कॉलर सुरभि कुमारी, अभिषेक, संजय कामत, नंदन कुमार एवं समद आजम ने भी संबोधित किया।

अमृतसर और न्यू जलपाईगुड़ी के बीच चलेगी नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

समस्तीपुर। रेल मंत्रालय ने यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर समस्तीपुर मंडल के नरकटियागंज-रक्सौल-सीतामढ़ी- जनकपुर रोड -सकरी-झंझारपुर-निर्मली-सरायगढ़- राघोपुर-फॉरबिसगंज एवं अररिया के रास्ते अमृतसर और न्यू जलपाईगुड़ी के बीच नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। रेलवे के आधिकारिक सूत्रों ने आज यहां बताया कि गाड़ी सं. 04654/04653 अमृतसर-न्यू जलपाईगुड़ी एवं गाड़ी संख्या-14664/14663 अमृतसर-न्यू जलपाईगुड़ी- अमृतसर साप्ताहिक अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन के रूप में नियमित परिचालन प्रारंभ किया जा रहा है। इस अमृत भारत एक्सप्रेस का परिचालन अमृतसर से प्रत्येक गुरुवार को तथा न्यू जलपाईगुड़ी से प्रत्येक शनिवार को किया जायेगा। वहीं गाड़ी संख्या-14664 अमृतसर- न्यू जलपाईगुड़ी साप्ताहिक अमृत भारत एक्सप्रेस 14 मई 2026 से प्रत्येक गुरुवार को अमृतसर से 12.45 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन 13.25 बजे नरकटियागंज, 13.57 बजे सिकटा, 14.25 बजे रक्सौल, 15.21 बजे बैरगनिया,16.30 बजे सीतामढ़ी, 17.10 बजे जनकपुर रोड, 17.46 बजे कमतौल, 18.10 बजे शीशो हॉल्ट, 19.08 बजे सकरी, 19.33 बजे झंझारपुर, 20.00 बजे निर्मली, 20.35 बजे सरायगढ़, 20.50 बजे राघोपुर, 22.28 बजे नरपतगंज, 23.30 बजे फारबिसगंज, 23.55 बजे अररिया रूकते हुए तीसरे दिन 04.15 बजे न्यू जलपाईगुड़ी पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 14663 न्यू जलपाईगुड़ी-अमृतसर साप्ताहिक अमृत भारत एक्सप्रेस 16 मई, 2026 से प्रत्येक शनिवार को न्यू जलपाईगुड़ी से 08.00 बजे प्रस्थान कर 11.30 बजे अररिया, 12.28 बजे फारबिसगंज, 12.48 बजे नरपतगंज, 13.30 बजे राघोपुर, 13.48 बजे सरायगढ़, 14.08 बजे निर्मली, 14.33 बजे झंझारपुर, 15.10 बजे सकरी, 15.55 बजे शीशो हॉल्ट, 16.18 बजे कमतौल, 16.38 बजे जनकपुर रोड, 17.30 बजे सीतामढ़ी, 18.05 बजे बैरगनिया, 19.25 बजे रक्सौल, 19.48 बजे सिकटा, 21.00 बजे नरकटियागंज, दूसरे दिन से 01.35 बजे गोरखपुर सहित अन्य स्टेशनों पर रूकते हुए तीसरे दिन 02.20 बजे अमृतसर पहुंचेगी।

इस गाड़ी में एल.एस.एल.आर.डी. के 02, पेंट्रीकार का 01, साधारण, द्वितीय श्रेणी के 11 तथा शयनयान श्रेणी के 08 कोचों सहित कुल 22 कोच लगाये जायेंगे।

अग्निवीर भर्ती की कॉमन एंट्रेंस एग्जामिनेशन की तिथियां घोषित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

मुजफ्फरपुर। भारतीय सेना भर्ती कार्यालय, मुजफ्फरपुर द्वारा अग्निवीर भर्ती वर्ष 2026 के अंतर्गत आयोजित होने वाली कॉमन एंट्रेंस एग्जामिनेशन (सीईई) की तिथियां घोषित कर दी गई हैं। सेना भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 13 फरवरी 2026 से 10 अप्रैल 2026 तक चली थी। भर्ती कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार बिहार के मुजफ्फरपुर, दरभंगा, मधुबनी, पश्चिम चंपारण (बेतिया), पूर्वी चंपारण (मोतिहारी), समस्तीपुर, शिवहर तथा सीतामढ़ी जिलों से कुल 26,868 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया है। कॉमन एंट्रेंस एग्जामिनेशन (सीईई) का आयोजन 01 जून 2026 से 15 जून 2026 के बीच निर्धारित किया गया है। अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र जल्द ही भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड किए जाएंगे। भर्ती कार्यालय ने उम्मीदवारों को नियमित रूप से वेबसाइट पर अपडेट चेक करते रहने की सलाह दी है।

परीक्षा के लिए जरूरी दिशा-निर्देश : परीक्षा केंद्र पर एडमिट कार्ड की हार्ड कॉपी साथ लाना अनिवार्य रहेगा। उम्मीदवारों को वैध फोटो युक्त पहचान पत्र अपने साथ रखना होगा। सभी अभ्यर्थी परीक्षा शुरू होने से पहले निर्धारित समय पर केंद्र पर पहुंचना सुनिश्चित करें। एडमिट कार्ड में दिए गए सभी निर्देशों का पालन करना आवश्यक होगा।

वैश्विक संकट के दौर में प्रधानमंत्री के संदेशों का करें पालन : डॉ गोपाल जी ठाकुर

प्रत्येक नागरिक राष्ट्रहित को रखे सर्वोपरि

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

दरभंगा। दरभंगा के सांसद एवं लोकसभा में भाजपा के सचेतक डॉ गोपाल जी ठाकुर ने कहा है कि वैश्विक स्तर पर उत्पन्न युद्ध जैसे संकटपूर्ण हालात और पेट्रोलियम पदार्थों की बढ़ती चुनौतियों के बीच देशवासियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेशों और सुझावों को आत्मसात करना चाहिए।

डॉ ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशहित में सादगीपूर्ण जीवनशैली अपनाने, संसाधनों के संयमित उपयोग तथा आत्मनिर्भरता की भावना को मजबूत करने का जो आह्वान किया है, वह वर्तमान परिस्थितियों में अत्यंत प्रासंगिक है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों, बुद्धिजीवियों तथा आम नागरिकों से प्रधानमंत्री के संदेशों पर अमल करने की अपील की।

सांसद डॉ ठाकुर ने कहा कि उन्होंने स्वयं भी प्रधानमंत्री के आह्वान से प्रेरित होकर राष्ट्रहित में सादगी के साथ जीवन जीने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जब पूरी दुनिया विभिन्न प्रकार के संकटों और युद्ध जैसी परिस्थितियों से जूझ रही है, तब प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का संदेश केवल भारत ही नहीं, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी संकट से उबरने का महत्वपूर्ण मार्ग दिखाता है। डॉ ठाकुर ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि सभी नागरिक जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाते हुए ऊर्जा संरक्षण, संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग तथा राष्ट्रीय हित के कार्यों में सक्रिय सहयोग दें।

सांसद ने कहा कि देश की एकता, अनुशासन और सामूहिक जिम्मेदारी ही वर्तमान चुनौतियों से निपटने की सबसे बड़ी ताकत है।

वट सावित्री पूजा को लेकर बाजार में उमड़ी भीड़

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

चांदन (बांका)। शनिवार को मनाए जाने वाले वट सावित्री पूजा को लेकर आज शुक्रवार को चांदन बाजार में खरीददारों की भीड़ उमड़ पड़ी। पति की लंबी आयु और अखंड सौभाग्य की कामना के लिए सुहागन महिलाओं ने पूजन सामग्री की खरीदारी की। इस दौरान चांदन बाजार, भैरोगंज बाजार व सुईयां बाजार सहित मुख्य बाजारों में खरीददारों की भारी भीड़ देखी गई। भीड़ के कारण चांदन रेलवे स्टेशन रोड व चांदन कटोरिया मुख्य मार्ग सहित कई स्थानों पर जाम लग गया। इससे राहगीरों और वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।पूजा के लिए महिलाएं कपड़े, सोलह श्रृंगार सामग्री, फल, पंखे, डलिया, नारियल और अन्य पूजन सामग्री खरीदती दिखीं। बाजार में पर्व को लेकर विशेष चहल-पहल रही। खरीदारी करने पहुंची महिलाओं ने बताया कि वट सावित्री व्रत सुहागन महिलाओं के लिए महत्वपूर्ण होता है। वे शनिवार सुबह वट वृक्ष की पूजा कर पति की लंबी दीर्घायु की कामना करेंगी। पर्व के चलते बाजार में फलों और पूजन सामग्री के दामों में बढ़ोतरी दर्ज की गई। सेब 240 से 260 रुपये प्रति किलो, लीची 240 रुपये प्रति किलो, अनार 180 रुपये प्रति किलो और आम 60 रुपये से 100 रुपये प्रति किलो बिक रहा है। चिनिया केला 60-100 रुपये प्रति दर्जन, नारियल 50-70 रुपये प्रति पीस और पंखा 30 से 50 रुपये में बेचा जा रहा है।

जन सुराज कार्यकर्ताओं की बैठक आज

जमालपुर (मुंगेर) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर के आगमन की सफलता को लेकर जमालपुर में कार्यकर्ताओं की एक आवश्यक बैठक वलीपुर में शनिवार को दिन के 11:00 बजे आयोजित की जाएगी। जानकारी जिला महामंत्री अधिवक्ता आशीष कुमार ने दिए। बैठक की तैयारी कर ली गई है।

बिहार सरकार

कार्यालय, अनुमंडल पदाधिकारी, औरंगाबाद

प्रपत्र – घ

अन्तिम मतदाता सूची के प्रकाशन की सूचना

जिला औरंगाबाद नगरपालिका नगर पंचायत, मदनपुर वार्ड संख्या 1 से 10

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वार्ड की अन्तिम मतदाता सूची को निम्नांकित स्थानों पर सर्व साधारण के निरीक्षण हेतु प्रकाशित किया जाता है :–

(1) जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) का कार्यालय
(2) अनुमंडल कार्यालय, औरंगाबाद सदर
(3) नगर पंचायत, मदनपुर
(4) अंचल कार्यालय, मदनपुर
(5) प्रखंड कार्यालय, मदनपुर
(6) वार्ड क्षेत्र अन्तर्गत स्थित थाना
(7) वार्ड क्षेत्र अन्तर्गत स्थित डाकघर

स्थान :– औरंगाबाद

दिनांक :– 13.05.2026

निबंधन पदाधिकारी, औरंगाबाद

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

PR. No. 003228 (Election) 2026-27

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

दाउदनगर में बाइपास व बियाडा निर्माण कार्य में न हो विलंब : विकास आयुक्त

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। बिहार सरकार के विकास आयुक्त की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला अंतर्गत एनएच-139 दाउदनगर बाईपास निर्माण एवं बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार (बीआईएडीए) से संबंधित भूमि अर्जन एवं प्रशासनिक कार्रवाई की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी उपेंद्र पंडित तथा जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक मो. अफान सम्मिलित हुए। बैठक के दौरान एनएच-139 दाउदनगर बाईपास निर्माण हेतु दाउदनगर अंचल अंतर्गत विभिन्न मौजों में भूमि अर्जन की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई। बताया गया कि राष्ट्रीय उच्च पथ के कार्यपालक अभियंता द्वारा प्राप्त अधियाचना के आलोक में दाउदनगर अंचलाधिकारी द्वारा प्लॉट सत्यापन की कार्रवाई पूर्ण कर ली गई है तथा एनएच एक्ट की धारा 3(ए) के अंतर्गत अधिसूचना प्रकाशन हेतु भूमि राशि पोर्टल पर प्रस्ताव अपलोड किया गया था। समीक्षा के क्रम में यह भी अवगत कराया गया कि आरओ एमओआरटीएच द्वारा भूमि की प्रकृति निर्धारण हेतु प्रस्ताव को पुनः वापस किया गया है। इसके उपरांत अंचलाधिकारी एवं कार्यपालक अभियंता द्वारा संयुक्त रूप से स्थलीय जांच की कार्रवाई की जा रही है। विकास आयुक्त द्वारा निर्देश दिया गया कि भूमि की प्रकृति का स्थलीय सत्यापन एक सप्ताह के भीतर पूर्ण करते हुए संशोधित प्रतिवेदन के साथ धारा 3(ए) की कार्रवाई भूमि राशि पोर्टल पर पुनः

अपलोड करना सुनिश्चित किया जाए ताकि परियोजना के कार्यान्वयन में किसी प्रकार की विलंब की स्थिति उत्पन्न न हो। इसके अतिरिक्त बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार (बीआईएडीए) अंतर्गत औरंगाबाद जिलान्तर्गत प्रस्तावित औद्योगिक क्षेत्र निर्माण की प्रगति की भी समीक्षा की गई। समीक्षा में बताया गया कि कुटुम्बा अंचल के मौजा महसू, जोड़ा, इरियप, करमडीह, कझपा, निरंजनपुर एवं सहदेई परसावां सहित कुल सात मौजों में औद्योगिक क्षेत्र के विकास हेतु भूमि अर्जन की कार्रवाई प्रगति पर है। इस परियोजना हेतु अधियाचना 21 जनवरी 2025 को प्राप्त हुई थी तथा आरएफसीटीएलएआरआर एक्ट 2013 की धारा 11(1) के अंतर्गत अधिसूचना का प्रकाशन 06 दिसंबर 2025 को किया गया। प्रस्तावित परियोजना के अंतर्गत कुल 436.50306 एकड़ भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया संचालित है। बैठक में यह जानकारी दी गई कि भू-अर्जन हेतु प्राप्त अधियाचना में सन्निहित भूमि का रकवा 50 एकड़ से अधिक होने के कारण आरएफसीटीएलएआरआर एक्ट 2013 की धारा 11(1) के अंतर्गत अधिसूचना प्रकाशन की घटनोत्तर स्वीकृति राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा प्रदान की जा चुकी है। साथ ही परियोजना हेतु 60 करोड़ रुपये की राशि प्राप्त हो चुकी है। वर्तमान में संबंधित मौजों में संयुक्त मापी सर्वेक्षण की कार्रवाई की जा रही है। जिला भू-अर्जन पदाधिकारी द्वारा कुटुम्बा अंचलाधिकारी को आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। जेएमएस प्रतिवेदन प्राप्त होने के उपरांत आरएफसीटीएलएआरआर एक्ट के अंतर्गत धारा 19(1) की आगे की कार्रवाई की जाएगी। विकास आयुक्त द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि बियाडा परियोजना से संबंधित लंबित प्रशासनिक एवं भू-अर्जन प्रक्रियाओं को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण कराया जाए ताकि जिले में औद्योगिक विकास को गति मिल सके।

फार्मर रजिस्ट्री के लिए डोर-टू-डोर चलाएं अभियान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। बिहार सरकार के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से फार्मर रजिस्ट्री किसान की डिजिटल पहचान अभियान अंतर्गत फार्मर आईडी निर्माण की प्रगति की समीक्षा हेतु बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा, उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह तथा जिला कृषि पदाधिकारी संदीप राज सम्मिलित हुए। विदित हो कि राज्य सरकार द्वारा 12 से 30 जून तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत किसानों का फार्मर रजिस्ट्री एवं फार्मर आईडी निर्माण कराया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य किसानों को डिजिटल पहचान प्रदान कर उन्हें कृषि संबंधी योजनाओं एवं सेवाओं से प्रभावी रूप से जोड़ना है। मुख्य सचिव द्वारा सभी जिलाधिकारियों को मिशन मोड में कार्य करते हुए निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप शत-

प्रतिशत फार्मर आईडी निर्माण सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। मुख्य सचिव के निर्देशों के आलोक में जिला पदाधिकारी द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारियों को अभियान का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही डोर-टू-डोर अभियान चलाकर दूरस्थ, वंचित एवं अब तक पंजीकरण से छूटे किसानों तक पहुंच बनाने पर विशेष बल दिया गया ताकि कोई भी पात्र किसान फार्मर रजिस्ट्री किसान की डिजिटल पहचान अभियान से वंचित न रहे। उन्होंने पंचायत स्तर पर संचालित शिविरों की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए कार्य में गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया। जिले में 12 मई से 14 मई 2026 तक कुल 1420 किसानों का फार्मर आईडी निर्माण किया गया है, जिसके फलस्वरूप औरंगाबाद जिला पूरे बिहार में शीर्ष चतुर्थ स्थान पर रहा है।

प्रत्येक परिवाद का गुणवत्तापूर्ण व निष्पक्ष तरीके से हो निष्पादन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में सात निश्चय-3 अंतर्गत सबका सम्मान- जीवन आसान पहल के तहत जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार के दौरान विभिन्न प्रखंडों से आए आम नागरिकों ने अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया। इस दौरान परिवादियों ने अपने-अपने आवेदन प्रस्तुत किए। प्राप्त परिवादों में मुख्य रूप से दाखिल-खारिज, अतिक्रमण, राशन कार्ड, नाली-गली निर्माण, भूमि विवाद, सड़क निर्माण, आंगनबाड़ी सेविका बहाली, जमाबंदी, इंदिरा आवास, भूमि मापी, जमीन पर अवैध कब्जा, परिमार्जन, एलपीसी निर्गत करने, पैक्स से संबंधित मामले, मानदेय भुगतान, आंगनबाड़ी बहाली में अनियमितता, अनुग्रह अनुदान सहित अन्य जनहित से जुड़े विषय शामिल रहे। जनता दरबार में प्राप्त सभी परिवादों को विधिवत पंजी में दर्ज कर संबंधित विभागों को अग्रसारित किया गया तथा संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित एवं आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिला प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी मामलों का निष्पादन निर्धारित समय-सीमा के भीतर किया जाए, ताकि आम नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक विलंब ना हो। डीएम स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक परिवाद का गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष एवं न्यायसंगत निष्पादन सुनिश्चित किया जाए।

साइबर सुरक्षा और डिजिटल बैंकिंग को ले भारतीय स्टेट बैंक ने ग्राहकों के साथ आयोजित की बैठक

साइबर अपराध से ग्राहकों को जागरूक होना जरूरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। भारतीय स्टेट बैंक की क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय द्वारा शुक्रवार को ग्राहकों के साथ नगर भवन में विशेष बैठक कर बैंकिंग सुरक्षा, साइबर अपराध से बचाव और डिजिटल सेवाओं के सुरक्षित उपयोग को लेकर विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बैंक ग्राहक, अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में चीफ मैनेजर (ऑपरेशन) हिमांशु प्रभाकर तथा चीफ मैनेजर रितेश कुमार शामिल हुए। अधिकारियों ने कहा कि डिजिटल बैंकिंग के बढ़ते दायरे के साथ साइबर अपराध के मामले भी तेजी से बढ़ रहे हैं। ऐसे में ग्राहकों का जागरूक होना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि थोड़ी सी लापरवाही बैंक खातों के लिए बड़ा खतरा बन सकता है। अधिकारियों ने ग्राहकों को अपने सिविल स्कोर को सुरक्षित रखने की सलाह देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की वित्तीय गड़बड़ी या लोन भुगतान में देरी

भविष्य में आर्थिक नुकसान का कारण बन सकता है। उन्होंने ग्राहकों को नियमित रूप से अपने बैंकिंग रिकॉर्ड और क्रेडिट हिस्ट्री की जांच करने की भी सलाह दी। साइबर सुरक्षा पर विस्तार से जानकारी देते हुए बैंक के चीफ मैनेजर रितेश कुमार ने कहा कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ एटीएम पिन, ओटीपी, सीवीवी नंबर, पासवर्ड या बैंकिंग डिटेल साझा नहीं करनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि बैंक कभी भी फोन कॉल, मैसेज या ईमेल के माध्यम से ग्राहकों से ओटीपी नहीं मांगता है। अगर कोई व्यक्ति खुद को बैंक अधिकारी बताकर ऐसी जानकारी मांगता है तो यह साइबर ठगी का संकेत हो सकता है। ग्राहकों को यह भी बताया गया कि गूगल पर कई बार बैंक के फर्जी नंबर या वेबसाइट भी दिखाई देते हैं। ऐसे में केवल बैंक की आधिकारिक वेबसाइट और अधिकृत नंबरों पर ही भरोसा करना चाहिए। अधिकारियों ने लोगों से धमकी भरे कॉल, केवाईसी अपडेट के नाम पर आने वाले संदेशों और संदिग्ध लिंक से सावधान रहने की अपील की। बैठक में योनो ऐप की सुरक्षा व्यवस्था पर भी चर्चा की गई। अधिकारियों ने बताया कि यदि मोबाइल में कोई स्क्रीन शेयरिंग एप सक्रिय रहता है तो सुरक्षा कारणों से योनो ऐप काम नहीं करता। यह कदम ग्राहकों को ऑनलाइन फ्रॉड से बचाने के लिए उठाया गया है। इसके अलावा बैंक की व्हाट्सएप बैंकिंग सेवा की जानकारी देते हुए अधिकारियों ने कहा कि ग्राहक मोबाइल नंबर 9022690226 को सेव कर मैसेज के माध्यम से कई बैंकिंग सेवाओं का लाभ घर बैठे प्राप्त कर सकते हैं। इस सुविधा के माध्यम से बैलेंस जांच, मिनी स्टेटमेंट और अन्य सेवाएं आसानी से उपलब्ध हैं। कार्यक्रम के दौरान ग्राहकों ने बैंक अधिकारियों से कई सवाल भी पूछे जिसका समाधान मौके पर किया गया। बैंक प्रबंधन ने कहा कि भविष्य में भी इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे ताकि ग्राहक सुरक्षित बैंकिंग सेवाओं का लाभ उठा सकें। मौके पर नीलाभ कुमार, सत्येंद्र नगर शाखा से अमित कुमार, बाजार शाखा से अभिजीत कुमार सिंह, पीबी शाखा से राजीव रंजन, जम्होर शाखा से राकेश कुमार के साथ एसबीआई के सभी वरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

आर्म्स एक्ट के अभियुक्तों को सश्रम कारावास

दाउदनगर (नबिटा संवाददाता)। व्यवहार न्यायालय के एसडीजेएम विकास कुमार ने आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज दाउदनगर थाना कांड संख्या 73/2025 से संबंधित सभी छह अभियुक्तों को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई है। न्यायालय ने उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर अभियोजन पक्ष के आरोपों को प्रमाणित पाया। सजा के प्रश्न पर न्यायालय ने अभियुक्तों की कम आयु तथा उनके पूर्व आपराधिक इतिहास के अभाव को ध्यान में रखते हुए उदार दृष्टिकोण अपनाया तथा सभी अभियुक्तों को दो वर्ष के साधारण कारावास एवं अर्थदंड से दंडित किया। न्यायालय ने टिप्पणी की कि समाज में अवैध हथियारों के बढ़ते प्रयोग को गंभीरता से लेने की आवश्यकता है। कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु ऐसे मामलों में न्यायालय की सतर्क भूमिका आवश्यक है।

निजी स्कूलों को शुल्क, ड्रेस और पाठ्य-पुस्तकों का पूरा ब्योरा देना जरुरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। जिले के निजी विद्यालयों में मनमानी शुल्क वसूली और री-एडमिशन, वार्षिक शुल्क, विविध शुल्क तथा डेवलपमेंट चार्ज के नाम पर अभिभावकों से अवैध राशि वसूलने की लगातार मिल रही शिकायतों के बाद शिक्षा विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय की ओर से सभी निजी विद्यालयों को दो दिनों के भीतर शुल्क, ड्रेस और पाठ्य-पुस्तकों का पूरा ब्योरा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय से जारी आदेश में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रारंभिक शिक्षा एवं समग्र शिक्षा अमृतेश आर्यन ने जिले के सभी निजी विद्यालयों के प्राचार्य और निदेशकों को निर्देश जारी किया है। पत्र में कहा गया है कि जिला पदाधिकारी, औरंगाबाद के ज्ञापांक एसएसए/1704 दिनांक 11 अप्रैल 2026 के तहत निजी विद्यालयों को एक सप्ताह के भीतर अपनी वेबसाइट, सूचना पट्ट और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर पुस्तकों की सूची, ड्रेस का विवरण और उसकी विशिष्टता तथा पूर्ण शुल्क विवरणी प्रदर्शित करना अनिवार्य किया गया था। इसके बावजूद लगातार शिकायतें मिल रही हैं कि कई निजी विद्यालय अब भी मनमाने ढंग से शुल्क वसूल रहे हैं। विभाग ने इसे गंभीरता से लेते हुए सभी विद्यालयों से निर्धारित प्रपत्र में जानकारी मांगी है। निर्देश के अनुसार विद्यालयों को वित्तीय वर्ष 2025-26 और 2026-27 में लिए जाने वाले सभी प्रकार के शुल्क, जिनमें स्कूल फीस, री-एडमिशन, वार्षिक शुल्क, विविध शुल्क और डेवलपमेंट चार्ज शामिल हैं, उनका कक्षावार विवरण देना होगा। इसके अलावा विद्यालयों को यह भी बताना होगा कि जिन पब्लिकेशन की पाठ्य-पुस्तकें विद्यालय में उपयोग हो रही हैं, वे स्थानीय बाजार में उपलब्ध हैं या नहीं। साथ ही स्कूल ड्रेस विद्यालय के बाहर बाजार में उपलब्ध है अथवा नहीं, इसकी भी जानकारी देनी होगी। शिक्षा विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि संबंधित सभी सूचनाएं विद्यालय की वेबसाइट, सूचना पट्ट और सार्वजनिक स्थलों पर प्रदर्शित की गई हैं या नहीं, इसका भी जवाब देना अनिवार्य होगा। विभाग ने इसे अत्यावश्यक मानते हुए निर्धारित समय के भीतर सूचना उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।

संदिग्ध वाहनों पर पुलिस की कड़ी नजर

औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)। अपराधियों पर अंकुश लगाने और बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगाने के उद्देश्य से एंटी क्राइम सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। यह अभियान पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल के निर्देश पर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र के में अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान सड़क मार्ग से गुजरने वाले दो पहियां एवं चार पहियां वाहनों की गहन जांच की जा रही है। पुलिस द्वारा वाहनों के कागजात, हेलमेट, सीट बेल्ट तथा संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष नजर रखी जा रही है। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य अपराधों पर नियंत्रण स्थापित करना, अवैध गतिविधियों पर रोक लगाना और आम जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। उन्होंने बताया कि कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने, सड़क सुरक्षा नियमों के पालन को सुनिश्चित करने तथा आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से चलाया गया। उन्होंने बताया कि वाहन जांच का मुख्य मकसद आम लोगों को परेशान करना नहीं, बल्कि उन्हें यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना और सुरक्षित सफर के लिए प्रेरित करना है। अभियान के दौरान पुलिस बल पूरी मुस्तैदी के साथ तैनात रहा और आने-जाने वाले वाहनों पर कड़ी नजर रखी गई।

एससी-एसटी एक्ट सहित अन्य मामलों में 54 लोग गिरफ्तार

औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)। जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया। इस क्रम में गुरुवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई। कार्रवाई में कुल 54 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 27 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार एससी-एसटी एक्ट में 4, हत्या के प्रयास में 5, मद्य निषेध अधिनियम के तहत 12 तथा अन्य मामलों में 33 लोगों की गिरफ्तारी की गई। 323.80 लीटर देसी एवं 17.225 लीटर विदेशी शराब, 1 बाइक बरामद किया गया है। वाहन जांच अभियान के तहत 1306 वाहनों की जांच की गई जिसमें 75000 रूपये शमन की राशि वसूल की गई। 10 वारंट एवं एक कुर्की का निष्पादन किया गया है।

प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक ने सुनी समस्याएं

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। सबका सम्मान-जीवन आसान अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक अंबरीश राहुल के निर्देश पर प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक ने अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार लगाकर लोगों की फरियाद सुनी। इस जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे 26 आगंतुकों ने अपनी समस्याएं प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक के समक्ष रखीं। जमीन विवाद, पारिवारिक झगड़े, मारपीट, धोखाधड़ी, लंबित कांड, थाना स्तर पर कार्रवाई में देरी सहित कई तरह की शिकायतें सामने आयी। जनता दरबार के दौरान प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक ने प्रत्येक फरियादी की बात को गंभीरता और धैर्यपूर्वक सुना। उन्होंने स्पष्ट किया कि आम लोगों की समस्याओं का समयबद्ध और निष्पक्ष समाधान पुलिस प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। प्रशिक्षु पुलिस

उपाधीक्षक ने कहा कि सबका सम्मान-जीवन आसान अभियान का उद्देश्य आम लोगों के जीवन को सरल बनाना है ताकि वे अपनी शिकायतें सीधे वरीय अधिकारियों तक पहुंचा सके। जनता दरबार के माध्यम से पुलिस और जनता के बीच विश्वास का सेतु मजबूत होता है। उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों से कहा कि जनता से संवेदनशील व्यवहार रखें और हर शिकायत को गंभीरता से लें। जनता दरबार में कई मामलों में मौके पर ही समाधान का रास्ता निकाला गया, वहीं कुछ मामलों में संबंधित थानों को निश्चित समय-सीमा के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया।

दो पक्षों के बीच मारपीट में छह से अधिक लोग जख्मी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। दोनों पक्षों के आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। घटना माली थाना क्षेत्र अंतर्गत रामछोल गांव की है। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी का माहौल कायम हो गया। गंभीर रूप से घायल चार लोगों का इलाज औरंगाबाद सदर अस्पताल में चल रहा है।घायलों में एक पक्ष के विजेंद्र सिंह, ज्वाला सिंह, पप्पू सिंह और मनजीत सिंह शामिल हैं। वहीं दूसरे पक्ष से राम लखन सिंह यादव, उनके पुत्र संतोष यादव और राकेश यादव घायल हुए हैं। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर धारदार हथियार और पिस्टल के बट से हमला करने का आरोप लगाया है। बताया जा रहा है कि घटना शुक्रवार को उस समय हुई जब दोनों पक्षों के बीच किसी बात को लेकर विवाद बढ़ गया और देखते ही देखते मारपीट शुरू हो गई। मारपीट इतनी उग्र हो गई कि दोनों ओर से लाठी-डंडे, ईंट-पत्थर और धारदार हथियार चलने लगे। इस दौरान कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

पुलिस दीदी अभियान के तहत किया जागरूक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। जिले के उपहारा थाना क्षेत्र में पुलिस दीदी अभियान के तहत व्यापक जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थानों में पहुंचकर छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध, इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग, सड़क सुरक्षा, नशामुक्त जीवन और महिला सशक्तिकरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों और युवाओं को जागरूक कर उन्हें सुरक्षित एवं जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों ने कहा कि वर्तमान समय में डिजिटल माध्यमों का उपयोग तेजी से बढ़ा है लेकिन इसके साथ साइबर अपराध के मामले भी लगातार सामने आ रहे हैं। ऐसे में विद्यार्थियों को इंटरनेट का उपयोग पूरी सावधानी और जागरूकता के साथ करना चाहिए। छात्र-छात्राओं को बताया गया कि किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें, सोशल मीडिया पर निजी जानकारी साझा करने से बचें तथा ओटीपी, पासवर्ड एवं बैंकिंग डिटेल किसी के साथ साझा न करें। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। विद्यार्थियों ने भी साइबर सुरक्षा और महिला सुरक्षा से जुड़े कई सवाल पूछे, जिनका पुलिस अधिकारियों ने विस्तार से जवाब दिया। पुलिस प्रशासन ने कहा कि भविष्य में भी इस तरह के जागरूकता अभियान लगातार चलाए जाएंगे, ताकि समाज में सुरक्षा एवं जागरूकता का वातावरण मजबूत हो सके।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

संपादक - कमल किशोर

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

झारखंड कार्यालय
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

दिल्ली प्रतिनिधि
मो.- 09818366269

भाजपा संगठनात्मक अभियान अब बूथ स्तर तक तेज करने की तैयारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

औरंगाबाद। जिले में भारतीय जनता पार्टी का संगठनात्मक अभियान अब बूथ स्तर तक तेज करने की तैयारी शुरू हो गई है। शहर के शुभम इंटरनेशनल होटल में शुक्रवार को भाजपा के आगामी दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर की तैयारी को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें संगठन विस्तार, जनसंपर्क अभियान और कार्यकर्ताओं की भूमिका पर व्यापक चर्चा हुई। बैठक में बताया गया कि भाजपा जिला कमेटी का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 23 और 24 मई को औरंगाबाद में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारी बैठक में प्रदेश मंत्री

धनराज शर्मा, औरंगाबाद विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह, प्रदेश मंत्री मुकेश शर्मा और जिला अध्यक्ष विजेंद्र सिंह चंद्रवंशी मौजूद रहे। बैठक में संगठन की मजबूती, आगामी राजनीतिक कार्यक्रमों, जनसंपर्क अभियान और बूथ स्तर तक पार्टी को सशक्त बनाने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। नेताओं ने कार्यकर्ताओं से प्रशिक्षण शिविर को सफल बनाने तथा सरकार की योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाने का आह्वान किया। बैठक में जिला महामंत्री सतीश कुमार सिंह, अमन कुशवाहा, विशाल वैभव उर्फ टैगोर, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दीनानाथ विश्वकर्मा, जिला उपाध्यक्ष अनीता सिंह और संजय गुप्ता, जिला मंत्री सुबोध कुमार सिंह, सुमन अग्रवाल और सीमा गुप्ता, जिला कोषाध्यक्ष कौशल कुमार पिंटू, जिला मीडिया प्रभारी दीपक कुमार सिंह, जिला कार्यालय मंत्री विकास कुमार सिंह, जिला प्रवक्ता अश्विनी तिवारी, आलोक सिंह और जुलेखा खातून मौजूद रहे। इसके अलावा ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष सुभाष कुमार, अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला अध्यक्ष अरविंद पासवान, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष विकास कुमार सिंह, मंडल अध्यक्ष प्रवीण गुप्ता, नीलम सिंह, मनोज सिंह, अनूप मिश्रा और पारस सिंह सहित पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता बैठक में शामिल हुए।